वार्षिक प्रतिवेदन
ANNUAL REPORT
2017-18

भा.कृ.अ.प.–केन्द्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान
अविकानगर 304 501 राजस्थान

ICAR – CENTRAL SHEEP AND WOOL RESEARCH INSTITUTE
AVIKANAGAR 304 501 Rajasthan

Published by
Dr Arun Kumar Tomar
Director (Acting)
ICAR - Central Sheep and Wool Research Institute
Avikanagar- 304 501 Rajasthan

Edited and compiled by
Dr C.P. Swarnkar, Scientist (SG), Veterinary Parasitology
Dr A.K. Shinde, Principal Scientist and In-charge, PME

Hindi Translation
J.P. Meena, Senior Technical Officer, Rajbhasa

Cover Design
Dr S.C. Sharma, Principal Scientist and In-charge, TOT & SS

© 2018, ICAR - Central Sheep and Wool Research Institute
Avikanagar, Rajasthan

Printed at : Print O Land, Jaipur

प्राक्कथन

भा.कृ.अनु.प.–केन्द्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान, अविकानगर की वार्षिक प्रतिवेदन अवधि 2017–18 को प्रस्तुत करने पर मुझे अपार प्रशंसा हो रही है। के.भे.ऊ.अनु.सं. देश का एकमात्र शोध संस्थान है जो कि भेड़ एवं ऊन के अनुसंधान एवं विकास के लिए कार्य कर रहा है। यह कार्य संस्थान एवं डीबीटी, डीएसटी और सीडब्ल्यूडीबी संगठनों से 32 वित्त पोषित बुनियादी एवं संगठित अनुसंधान परियोजनाओं के द्वारा संपादित किया जा रहा है। हम सभी के निरंतर प्रयासों और सुनिश्चित प्रजनन योजना से अविशान और जीएमएम भेड़ो की बहुप्रजता दर वर्ष 2012 में क्रमशः 32.69 एवं 54.31 प्रतिशत से बढ़कर 2017 में 69.18 एवं 70.27 प्रतिशत हो गई। किसानों के रेवड़ में भी इसी तरह की बहुप्रजता दर (89.5 प्रतिशत) प्रदर्शित की गई है। दुंबा भेड़ के दूध का विश्लेषण करने पर इसमें 8.63 प्रतिशत वसा, 3.50 प्रतिशत प्रोटीन, 3.93 प्रतिशत लैक्टोज एवं 16.09 प्रतिशत कुल ठोस तत्व मात्रा पाई गई। यह वसा और कुल ठोस पदार्थ का एक उच्च स्त्रोत है। जमे हुए वीर्य द्वारा भेड़ों की प्रजनन क्षमता में सुधार करने हेतु नए प्रयत्न किये जा रहे हैं। इस वर्ष रेवड़ में निश्चित समय पर लैप्रोस्कोपिक कृत्रिम गर्भाधान द्वारा 60.0 प्रतिशत तक की सफलता दर हासिल की गई। हाल के वर्षों में भेड़ पर जलवायु परिवर्तन का प्रभाव स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है। 40 वर्षों की अवधि में अविकालीन भेड़ के आंकड़ों के विश्लेषण से पता चला है कि तापमान आद्रता सूचकांक में 25–27 से अधिक प्रति इकाई वृद्धि पर औसत दैनिक भार (एडीजी) में 10 ग्राम की कमी होती है। इसी प्रकार शीत लहर से भेडों में अधिक नवजात मृत्यु दर से किसानों को आर्थिक नुकसान होता है। शीत लहर सूचकांक 400 Kcal/m^2/h से अधिक होने पर नवजात मेमनों की मृत्यु दर में वृद्धि होती है। भारतीय बाजार में कार्यात्मक और स्वस्थ मांस उत्पादों की मांग बढ़ रही है। इस वर्ष उपभोक्ता के लिए नए मांस उत्पाद जैसे मटन विस्तारक एवं मटन कुकीज, भेड़ मांस से विकसित किये गए हैं। विभिन्न प्राकृतिक पेड़ के पत्तों एवं बीज का मांस और मांस उत्पादों में एंटीऑक्सीडेंट के रूप में उपयोग किया गया। मूल्यवर्धित उत्पादों के लिए खरगोश की खाल प्रसंस्करण तकनीक का सुदृढ़ीकरण किया गया। इससे किसानों की आय को बढ़ाने में योगदान मिलेगा। संस्थान द्वारा मोटे ऊन से हल्के वजन की रजाई का विकास करना मोटे ऊन के उपयोग में महत्वपूर्ण कदमों में से एक है।

क्षेत्र में स्थानीय भेड़ों के आनुवांशिकीय सुधार के लिए संस्थान का एक बड़ा योगदान है, संस्थान और इसके क्षेत्रीय अनुसंधान केन्द्रों द्वारा किसानों को उत्कृष्ट भेड़, सिरोही बकरियों और खरगोशों की मांग आधारित आपूर्ति कि जा रही है। संस्थान छोटे जानवर पालन में लगे गरीब किसानों से जुड़ा हुआ है। संस्थान सरकार द्वारा शुरू किये गए विभिन्न कार्यक्रमों जैसे सांसद आदर्श ग्राम योजना, मेरा गाँव मेरा गौरव, किसान प्रथम, किसान सहभागिता कार्यक्रमों तथा तकनीकी स्थानांतरण के माध्यम से बेहतर तकनीकियों को किसानों तक पहुँचा रहा है। संस्थान की प्रमुख शोध उपलब्धियों को राष्ट्रीय व अर्न्तराष्ट्रीय शोध जर्नल में प्रकाशित किया गया जा रहा है। इस वर्ष कुल 40 शोध पत्रों में से 21 शोध पत्र 6–8 नास रेटेड में एवं 4 शोध पत्र >8.00 नास रेटेड शोध जर्नल में प्रकाशित किये गए हैं।

संस्थान का प्रमुख उद्देश्य भेड़ पालन के क्षेत्र में हितधारकों के कौशल विकास और क्षमता निर्माण करना है। संस्थान ने वर्ष के दौरान किसानों और अधिकारियों के लिए 28 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए हैं। संस्थान ने सरकारी पहल जैसे स्वच्छ भारत अभियान, कैशलेस लेन देन, बॉयोमेट्रिक्स और ईआरपी प्रणाली को प्रभावी ढंग से क्रियान्वित किया है। संस्थान ने गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग के केन्द्रीय हिंदी

प्रशिक्षण संस्थान, नई दिल्ली के सहयोग से दिनांक 15 फरवरी 2018 को एक दिवसीय हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया हैं। संस्थान ने जानवरों, उत्पादों, परीक्षण शुल्क, प्रशिक्षण आदि की बिक्री से वर्ष 2016–17 में 213.24 लाख रूपये की राजस्व आय अर्जित की।

हितधारको को नई तकनीकों का प्रदर्शन करने के लिए, संस्थान ने अविकानगर परिसर में राष्ट्रीय भेड़ और ऊन मेले का आयोजन भी किया। इस मेले में केन्द्रीय कृषि और किसान कल्याण राज्य मंत्री श्री गजेंद्र सिंह शेखावत मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। मेले में विभिन्न राज्यों के लगभग 3500 किसानों ने भाग लिया एवं विभिन्न प्रकार की नई तकनीकियों से लाभान्वित हुए। के.भे.ऊ.अनु.सं. के प्रमुख आगंतुको में डॉ. जे.के. जेना, उप महानिदेशक (पशु विज्ञान), भा.कृ.अनु.प., नई दिल्ली ने के.भे.ऊ.अनु.सं. के मरु क्षेत्रीय परिसर, बीकानेर पर दौरा किया एवं अनुसंधान कार्यों का अवलोकन किया। डॉ. रमेश सिंह, कुलपति, बीएएसयू, पटना, श्री आर.पी. सिंह एवं प्रोफेसर के.के. सहारिया, सदस्य, गवर्निंग बॉडी, भा.कृ.अनु.प., नई दिल्ली ने के.भे.ऊ.अनु.सं., अविकानगर का दौरा किया।

हम डॉ. त्रिलोचन महापात्रा, सचिव, डेयर और महानिदेशक, डॉ. जे.के. जेना, उप महानिदेशक (पशु विज्ञान), डॉ. आर.एस. गांधी, सहायक महानिदेशक (ए. पी. एवं बी.) एवं डॉ. विनीत भसीन, प्रधान वैज्ञानिक, भा.कृ.अनु.प., नई दिल्ली के किसान उन्मुख अनुसंधान, विस्तार एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों को जारी रखने के लिए निरतंर प्रोत्साहन व समर्थन के लिए आभारी हैं। हम प्रोफेसर डॉ. एम.एल. मदन, पूर्व कुलपति, डीयूवीएएसयू, मथूरा एवं अध्यक्ष पंचवर्षीय समीक्षा समिति एवं सदस्यों तथा डॉ. प्रभाकर राव, पूर्व कुलपति, एसवीवीयू, तिरूपति एवं अध्यक्ष, अनुसंधान सलाहकार समिति एवं सदस्यों का अनुसंधान और विकास गतिविधियों की समीक्षा करने एवं रचनात्मक सुझाव हेतु आभार प्रकट करते हैं। डॉ. ए.के. शिंदे, प्रधान वैज्ञानिक एवं प्रभारी, पी.एम.ई. एवं डॉ. सी.पी. स्वर्णकार, वैज्ञानिक (एस. जी.) के द्वारा वार्षिक प्रतिवेदन समय पर प्रकाशित करने के सराहनीय कार्य हेतु प्रशंसा के पात्र हैं। श्री जे.पी. मीना, वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी, (राजभाषा) को हिंदी अनुवाद और संकलन में दी गई सहायता के लिए धन्यवाद देता हूँ। अंत में मैं निष्ठा से आशा करता हूं कि यह वार्षिक प्रतिवेदन देश के वैज्ञानिकों के साथ–साथ शैक्षणिक संस्थानों और देश के अन्य भेड़ और ऊन संगठनों के मूल्यवान जानकारी के स्त्रोत के रूप में कार्य करेगी।

शुभकामनाएं,

जय हिन्द।

(अरूण कुमार तोमर)
निदेशक

PREFACE

It is my pleasure to present the Annual Report of ICAR - CSWRI for the period 2017-18. CSWRI is the only research institute in the country working in research and development of sheep and wool sector. This has been taken through well-defined and structured 32 institute and externally funded projects from DBT, DST and CWDB organizations in basic and strategic research. With our constant efforts and systematic breeding plan, prolificacy rate has increased in Avishaan and GMM genotypes from 32.69 and 54.31% in the year 2012 to 69.18 and 70.27% in 2017. Similar prolificay of 89.5% in the farmer's flock is demonstrated. Dumba sheep's milk analyzed and it contained 8.63% fat, 3.50% protein, 3.93% lactose and 16.09% total solid. It is a rich source of fat and total solids. Newer approaches are being tried to improve fertility in sheep by frozen semen. This year success rate of 60.0% by fixed time laproscopic AI in ewes has been achieved. Climate change effect on sheep are evident in the recent years. Analysis of data on Avikalin sheep over the period of 40 years has shown that one unit increase in THI over 25-27 decrease the average daily gain (ADG) by 10 g. Similarly, chill wind caused economic losses to farmers by lamb mortality. Lamb mortality increased on >400 kcal/m^2/h wind chill index. Indian market demands functional and healthy meat products. This year, new meat products like mutton spread and mutton cookies developed from sheep meat and added to consumer basket. Several natural tree leaves and seed are explored for use as antioxidants in meat and meat products. Rabbit fur processing for value added products have been strengthened. This could add to income of farmers. Light weight quilt from coarse wool, it is one of the important steps in utilization of coarse wool.

As a major contribution of institute in improving genetic improvement of local sheep in the region, the Institute and its Regional Stations have supplied elite sheep, Sirohi goats and rabbits to the farmers. The institute is linked to poor farmers engaged in small animal rearing. Institute reached to farmers with improved technology through various government initiated programmes. Sansad Adarsh Gram Yojna and Mera Gaon Mera Gaurav and farmer FIRST, Farmer participatory programme, Transfer of technology. Research findings of the institute are published in peer reviewed national and international journals. 21 papers published in of 6-8 NAAS rated Journals and 4 papers in >8.00 NAAS rated journals.

The skill development and capacity building of stakeholders in sheep sector is a major objective of the institute. Institute organised 28 training programmes for farmers and officials during the year. The government initiatives of the Swachcha Bharat Abhiyan, Cashless transition, Biometrics and ERP system were implemented effectively. In the official language implementation front, CSWRI organised one day workshop on 15 Feb 2018 in collaboration with the Central Hindi Training Institute, Raj Bhasa, Home Ministry, New Delhi. During the year 2016-17, institute generated Rs 213 lakh from the sale of animals, products, testing charges, training etc.

To demonstrate the new technology to stakeholders, the institute organised National Sheep and Wool Fair at Avikanagar campus. Union Agriculture and Farmer Welfare State Minister Shri Gajendra Singh Shekhawat was the Chief Guest of the occasion. About 3500 farmers from different states attended and benefited from the fair.

Prominent visitors to CSWRI were Dr J.K. Jena, Deputy Director General (Animal Sciences), ICAR, New Delhi visited Arid Region Campus of ICAR-CSWRI Bikaner. Dr Rameshwar Singh, Vice Chancellor, BASU, Patna, Sh. R.P. Singh and Prof K.K. Saharia, Member, Governing Body, ICAR, New Delhi at CSWRI, Avikanagar.

We are grateful to Dr Trilochan Mohapatra, Secretary, DARE and Director General, ICAR, Dr J.K. Jena, Deputy Director General (Animal Science), Dr R.S. Gandhi, Assistant Director General (AP&B) and Dr Vineet Bhasin, Principal scientists, ICAR for their continuous encouragement and support to continue our farmer oriented research, extension and training programmes.

We are grateful to Prof Dr M.L. Madan, Former Vice Chancellor, DUVASU, Mathura and Chairman of the QRT and the members and Dr Prabhakar Rao, Former Vice Chancellor, SVVU, Tirupati and Chairman of the RAC and the members of the august body for reviewing research and development activities of the institute and providing constructive suggestions.

Dr A.K. Shinde and Dr C.P. Swarnkar have done commendable job to bring out the Annual Report on time. The help rendered by Mr J.P. Meena, STO (Rajbhasha) for compilation in Hindi translation is thankfully acknowledged. Finally, I sincerely hope that this Annual Report would serve as a source of valuable information to the professionals of the Scientific as well as Academic Institutions and other sheep and wool organizations in the country.

Wish you all the best,
Jai Hind.

(Arun Kumar Tomar)
Director

विषय सूची / CONTENTS

क्र. सं. S. No.	विषय Subject	पेज नं. Page No.
1.	सारांश	1
2.	प्रमुख अनुसंधान उपलब्धियां	8
3.	मांस उत्पादन में वृद्धि	12
4.	ऊन उत्पादन में सुधार	16
5.	भेड़ पोषण, शरीर क्रिया एवं अनुकूलन	20
6.	भेड़ एवं खरगोश के मूल्य संवर्धित उत्पाद	28
7.	रोग निगरानी, निदान एवं प्रबंधन	35
8.	तकनीकों का मान्यकरण, स्थानान्तरण एवं संशोधन	48
9.	भेड़ सुधार पर नेटवर्क परियोजना	50
10.	मेगा भेड़ बीज परियोजना	52
11.	Summary	55
12.	Major research achievements	62
13.	Enhancing meat production	66
14.	Improving wool production	70
15.	Sheep nutrition, physiology and adaptation	74
16.	Value added products of sheep and rabbit	82
17.	Disease Surveillance, diagnosis and management	89
18.	Technology validation, transfer and refinement	102
19.	Network project on sheep improvement	104
20.	Mega sheep seed project	106
21.	Training, technology transfer, workshops and farmers meets	107
22.	Training and capacity building	120
23.	Publications	121
24.	List of Institute and externally funded projects	132
25.	Abbreviations	133
26.	Scientific, technical and administrative staff	135

हिन्दी

संस्करण

सारांश

दृष्टिकोण

विशेषज्ञों, योजना निर्माताओं, उपभोक्ताओं, औद्योगिक प्रमुखों एवं आम जनता के मध्य सतत् भेड़ उत्पादन हेतु विचारों के आदान–प्रदान को प्रोहत्साति करना व समस्याओं को संबोधित करना।

अधिदेश

- भेड़ पालन पर मूलभूत तथा प्रायोगिक अनुसंधान
- भेड़ उत्पादकता वृद्धि व प्रबंधन की तकनीकों का प्रसारण

उद्देश्य

- भेड़ उत्पादन के सभी पहलूओं पर मूलभूत एवं प्रायोगिक अनुसंधान करना
- मांस तथा तन्तु तकनीकों का विकास, अद्यतन एवं प्रमाणीकरण करना
- भेड़ उत्पादन एवं उपयोगिता पर प्रशिक्षण देना
- भेड़ उत्पादन की उन्नत तकनीकों को किसानों, ग्रामीण दस्तकारों एवं विकास कार्यकर्ताओं को स्थानान्तरित करना
- भेड़ उत्पादन एवं उत्पाद तकनीक से संबंधित परामर्श एवं परामर्शी सेवाएँ उपलब्ध कराना

संस्थान का इतिहास

भा.कृ.अनु.प.– केन्द्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान मुख्यतया भेड़ पर अनुसंधान एवं प्रसार गतिविधियों में संलग्न एक प्रमुख संस्थान है। इसकी स्थापना वर्ष 1962 में राजस्थान के मालपुरा में की गई। वर्तमान में यह परिसर अविकानगर के नाम से जाना जाता है। यह परिसर 1591.20 हैक्टेयर क्षेत्र में फैला हुआ है।

क्षेत्र विशेष आधारित तकनीकों के विकास हेतु विभिन्न जलवायु क्षेत्रों के लिए इसके तीन क्षेत्रीय अनुसंधान केन्द्र भी हैं। उत्तरी शीतोष्ण क्षेत्रीय अनुसंधान केन्द्र (एनटीआरएस) की स्थापना वर्ष 1963 में हिमाचल प्रदेश के शीतोष्ण क्षेत्र (कुल्लू) के गड़सा में की गई। दक्षिणी क्षेत्रीय अनुसंधान केन्द्र (एसएसआरसी) की स्थापना वर्ष 1965 में तमिलनाडू के उप शीतोष्ण क्षेत्र मन्नावनूर में की गई। मरू क्षेत्रीय परिसर (एआरसी) की स्थापना वर्ष 1974 में राजस्थान के शुष्क क्षेत्र बीकानेर में की गई। विभिन्न राज्य विश्वविघालयों एवं भा.कृ.अनु.प. के सस्थानों में, संस्थान की भेड़ सुधार पर नेटवर्क एवं मेगा भेड़ बीज परियोजना के तहत क्रमशः 6 एवं 4 इकाईयां है।

संस्थान का नाम व पता	भा.कृ.अनु.प.– केन्द्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान अविकानगर– 304 501, राजस्थान
मुख्यालय	अविकानगर– 304 501, राजस्थान
क्षेत्रीय परिसर	मरू क्षेत्रीय परिसर बीछवाल, बीकानेर– 334 006 राजस्थान उत्तरी शीतोष्ण क्षेत्रीय अनुसंधान केन्द्र गड़सा (कुल्लू)– 175 141 हिमाचल प्रदेश दक्षिणी क्षेत्रीय अनुसंधान केन्द्र मन्नावनूर, कोडाईकनाल– 624 103 तमिलनाडू

ICAR – CENTRAL SHEEP AND WOOL RESEARCH INSTITUTE

Research Advisory Committee ⇨ **Director** ⇦ **Institute Management Committee**

Regional Stations	Division/Section	Administration	Central Facilities	Network/Mega Sheep Projects
Arid Region Campus, Bikaner, Raj	AG&B	Establishment	PME	Network Project on Sheep Improvement
Northern Temperate Regional Station, Garsa, HP	Animal Nutrition	Cash & Bill	AKMU	Mega Sheep Seed Project
Southern Regional Research Centre, Mannavanure, TN	Phy. & Bioch.	Purchase & Store	HRD	
	Animal Health	Audit & Accounts	Estate	
	TMTC	Vigilance	Security	
	TOT & SS		Vehicles & Workshop	
	LPT		Horticulture	
	Animal Biotech.		Human Dispensary	
			Agriculture Farm	
			Rajbhasha	

वर्ष 2017–18 के लिए स्वीकृत बजट एवं व्यय (रुपये लाखों में)

योजना	स्वीकृत	व्यय	उपयोग प्रतिशत
अ. भा.कृ.अनु.प.– केन्द्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान			
पूंजी	160.00	134.61	84.13
राजस्व	1261.00	1153.18	91.44
वेतन	2765.00	2612.33	94.47
कुल	**4186.00**	**3900.12**	**93.17**
ब. भेड़ विकास पर नेटवर्क परियोजना			
पूंजी	5.00	3.30	66.00
राजस्व	100.00	98.78	98.78
वेतन	98.00	98.00	100.00
कुल	**203.00**	**200.08**	**98.56**
स. मेगा भेड़ बीज परियोजना			
पूंजी	10.00	10.00	100.00
राजस्व	115.00	114.89	99.90
कुल	**125.00**	**124.89**	**99.91**
कुल योग (अ+ब+स)	**4514.00**	**4225.09**	**93.59**

वर्ष 2017–18 के लिए राजस्व सृजन (रुपये लाखों में)

मद	स्वीकृत
कृषि फार्म उत्पाद की बिक्री	24.59
ऊन एवं उत्पाद की बिक्री	15.03
पशुधन की बिक्री	82.58
प्रकाशनो की बिक्री	0.05
विश्लेषणात्मक एवं परीक्षण शुल्क	0.26
प्रशिक्षण शुल्क	0.95
प्रोद्योगिकी की बिक्री	3.95
विविध	52.41
अन्य	33.43
कुल	**213.24**



भा.कृ.अनु.प.–के.भे.ऊ.अनु.सं. में राजस्व सृजन

कर्मचारियों की स्थिति (31.03.2018 को)

श्रेणी	स्वीकृत	भरे हुए	रिक्त	रिक्त (प्रतिशत)
निदेशक	1	0	1	100.00
वैज्ञानिक	82	55	27	32.96
तकनीकी	106	87	19	17.92
प्रशासनिक	83	38	45	54.21
कुशल सहायक	151	22	129	85.43
कुल	423	202	221	52.24

किसानों को जननद्रव्य की बिक्री/वितरण

प्रजाति	विवरण	बेची गई संख्या					
		13-14	14-15	15-16	16-17	17-18	कुल
भेड़	**योजना**						
	भाकृअनुप – केभेऊअनुसं	444	457	402	491	560	2354
	भेड़ विकास पर नेटवर्क परियोजना	380	625	587	686	644	2922
	मेगा भेड़ बीज परियोजना	326	354	325	293	346	1640
	स्थान एवं नस्ल						
	केभेऊअनुसं, अविकानगर						
	मालपुरा	50	59	75	55	77	316
	अविकालीन	74	32	35	00	50	191
	पाटनवाड़ी	00	00	13	02	00	15
	अविशान/जीजीएम	26	05	92	49	171	343
	दुम्बा	00	00	00	06	02	08
	मक्षेप, बीकानेर						
	मगरा	167	98	187	44	35	531
	मारवाड़ी	32	169	96	185	91	573
	चोकला	15	48	127	127	35	352
	उशीक्षेके, गड़सा						
	सिन्थेटिक भेड़	132	116	88	109	95	540
	दक्षेअनुके, मन्नावनूर						
	भारत मेरीनो	197	192	47	191	134	761
	अविकालीन	00	00	00	07	73	80
	सीआईआरजी, मखदूम						
	मुज्जफरनगरी	65	131	49	74	204	523
	एमपीकेवी, राहोरी						
	डक्कनी	61	72	101	72	74	380
	एलआरएस (एसवीवीयू), पालमनेर						
	नेल्लौर	104	70	62	109	79	424
	पीजीआईआरआईएएस (टीएएनयूवीएएस), कटुपक्कम						
	मद्रास रेड़	95	85	126	110	125	541
	एलआरआईसी (केवीएएफएसयू), मांड्या						
	मांड्या	94	56	50	50	94	344
	एमएसआरएस (टीएएनयूवीएएस), सेलम						
	मछेरी	81	67	72	59	137	416
	एलआरएस (आरएजेयूवीएएस), उदयपुर						
	सोनाड़ी	58	72	67	25	38	260
	कुल भेड़	**1251**	**1272**	**1287**	**1274**	**1514**	**6598**
बकरी	केभेऊअनुसं, अविकानगर						
	सिरोही	158	217	172	203	161	839
खरगोश	केभेऊअनुसं, अविकानगर	–	–	–	–	155	155
	उशीक्षेके, गड़सा					4	4
	दक्षेअनुके, मन्नावनूर					158	158
	कुल खरगोश	–	–	–	–	**317**	**317**

चारा एवं बीज उत्पादन

विवरण	केन्द्र	2013–14	2014–15	2015–16	2016–17	2017–18
सुखा चारा (क्वि.)	अविकानगर	2702.00	1957.60	2662.40	3177.20	2750.20
	बीकानेर	337.89	622.65	548.45	313.78	389.06
	गड़सा	243.00	218.00	147.00	301.50	151.00
हरा चारा (क्विं.)	अविकानगर	4779.50	6597.50	7462.40	7032.82	9048.82
	बीकानेर	925.85	1536.82	762.86	1626.67	1354.50
	गड़सा	306.10	252.60	309.94	330.35	204.24
फसल बीज (क्वि.)	अविकानगर	19.17	92.24	178.77	207.18	131.58
	बीकानेर	0.81	0.91	0.94	0.35	0.19
	गड़सा	–	–	–	–	–
द्यास बीज (क्वि.)	अविकानगर	9.07	16.95	19.80	14.00	31.25
	बीकानेर	–	0.80	–	–	–
	गड़सा	0.25	0.08	0.02	0.14	0.22

अविकानगर में मौसम संबंधी आँकड़े (अप्रैल, 2017 से मार्च, 2018)

माह	तापमान (°सें.)		वर्षा (मिमी.)	वर्षा दिवस	औसत हवा का वेग (किमी./घंटा)	औसत सूर्य की रोश्नी (घंटा/दिन)	आर्द्रता (प्रतिशत)		औसत वाष्पीकरण (मिमी.)
	अधिकतम	न्यूनतम					प्रातः 07.30 बजे	मध्यान्ह 02.30 बजे	
अप्रैल	40.94	22.19	2.00	0.00	6.70	9.68	49.37	38.89	9.90
मई	42.21	26.70	11.60	2.00	7.10	8.96	59.52	43.52	10.30
जून	38.81	26.27	102.60	6.00	5.50	8.75	68.40	56.17	8.30
जुलाई	34.48	25.90	176.40	12.00	4.00	4.86	80.55	67.90	4.20
अगस्त	32.05	24.71	126.80	8.00	2.90	4.33	83.13	69.52	3.40
सितम्बर	35.33	23.20	5.60	1.00	2.00	6.92	79.34	64.37	4.40
अक्टूबर	36.81	19.33	0.00	0.00	2.20	9.21	59.58	50.23	5.70
नवम्बर	29.54	11.59	0.40	0.00	1.60	7.55	65.43	50.67	3.30
दिसम्बर	25.53	8.18	5.80	1.00	1.70	6.82	71.10	54.94	2.60
जनवरी	25.78	5.66	0.00	0.00	1.70	8.71	72.52	51.84	3.00
फरवरी	29.04	11.61	0.00	0.00	2.70	8.20	64.86	50.29	4.40
मार्च	34.84	16.28	3.60	1.00	4.10	8.71	61.52	49.16	6.40

भा.कृ.अनु.प.–के.भे.ऊ.अनु.सं. के प्रकाशनों की रूपरेखा

	2013–14	2014–15	2015–16	2016–17	2017–18	कुल	औसत/वर्ष
वैज्ञानिकों की संख्या	54	50	57	54	55	275	55.0
शोध पत्रो की संख्या	39	43	49	43	40	202	40.4
शोध पत्रो की संख्या/वैज्ञानिक	0.72	0.86	0.86	0.80	0.72		0.79
शोध पत्र							
राष्ट्रीय	26 (66.7)	30 (69.8)	32 (65.3)	26 (60.5)	21 (52.5)	135 (66.8)	27.0
अन्तर्राष्ट्रीय	13(33.3)	13 (30.2)	14 (34.7)	17 (39.5)	19 (47.5)	67 (33.2)	13.4
नास रेटिंग							
4.00 तक	1 (2.6)	0 (0.0)	3 (6.1)	2 (4.7)	2 (5.0)	8 (4.0)	1.6
4.01 से 6.00	14 (35.9)	21 (48.8)	19 (38.8)	17 (39.5)	13 (32.5)	84 (41.6)	16.8
6.01 से 8.00	20 (51.3)	19 (44.2)	24 (49.0)	20 (46.5)	21 (52.5)	104 (51.5)	20.8
8.00 से अधिक	1 (2.6)	0 (0.0)	0 (0.0)	3 (7.0)	4 (10.0)	8 (4.0)	1.6
अज्ञात	3 (7.6)	3 (7.0)	3 (6.1)	1 (2.3)	0 (0.0)	10 (4.9)	2.0
लीड/आमंत्रित शोध पत्र	19	16	13	21	10	79	15.8
सारांश	70	62	54	108	69	363	72.6
पुस्तकें	1	–	3	4	1	9	1.8
पुस्तक अध्याय	11	8	17	8	45	99	18.8
मैनुअल/बुलेटिन	5	4	4	9	5	27	5.4
जीन बैंक पंजीकरण	19	12	8	7	27	73	14.6

संस्थान एवं उप केन्द्रो में प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन

वर्ष	कार्यक्रम की संख्या	प्रतिभागियों की संख्या			
		किसान	अधिकारी	अन्य	कुल
2013–14	22	279	106	46	431
2014–15	22	372	72	39	483
2015–16	22	481	38	13	532
2016–17	40	943	84	–	1027
2017–18	27	545	73	–	618

प्रदर्शन भ्रमण

वर्ष	संख्या	प्रतिभागियों की संख्या				
		किसान	महिलाएं	विद्यार्थी	अधिकारी	कुल
2013–14	26	346	527	261	170	1304
2014–15	18	222	43	792	–	1057
2015–16	39	735	184	410	50	1379
2016–17	43	164	73	66	56	1353
2017–18	63	750	239	1130	104	2223

संस्थान द्वारा विभिन्न संस्थाओं में प्रदर्शनियों का आयोजन

वर्ष	कार्यक्रम की संख्या	किसान
2013–14	10	9540
2014–15	10	8076
2015–16	11	11000
2016–17	7	12250
2017–18	14	20850

मानव संसाधन विकास

प्रोद्योगिकी	प्रशिक्षित व्यक्तियों की संख्या			
	वैज्ञानिक	तकनीकी	प्रशासनिक	कु.स. कर्मचारी
2013–14	4	19	27	–
2014–15	7	–	–	–
2015–16	8	5	3	13
2016–17	12	9	11	12
2017–18	6	7	8	–

संस्थान तकनीकी प्रबन्धन इकाई

संस्थान तकनीकी प्रबन्धन इकाई भा.कृ.अनु.प. के दिशा निर्देशों के अनुसार संस्थान स्तर पर सभी बौद्धिक सम्पति की सुरक्षा, रख–रखाव तथा तकनीकी स्थानांतरण/व्यावसायीकरण संबंधित मामलों को संभालता है। इकाई इसके सम्मुख दाखिल करने के लिए प्रस्तुत किए गये पेटेंट आवेदनों के मामलों की जाँच एवं कार्यवाही करती है। संस्थान तकनीकी प्रबन्धन समिति (ITMC) सभी आईपी प्रबन्धन तथा तकनीकी स्थानांतरण/व्यावसायीकरण संबंधित मामलों पर निर्णय लेने वाली उच्चतम संस्था है।

संस्थान स्तर पर व्यवसायीकृत प्रोद्योगिकियों से अर्जित राजस्व

प्रोद्योगिकी	अर्जित राजस्व (रु.)
स्वदेशी प्रोजेस्टीरोन युक्त योनिक स्पंज	57039.0
भेड़ एवं बकरीयों के उत्तम जर्मप्लाज्म	1101380.0
क्षेत्र विशेष खनिज मिश्रण	64400.0
मेमनाप्राश	42210.0
ऊन उत्पाद	671842.0
मांस उत्पाद	67148.0
कुल	**2004019.0**

दायर किए गए पेटेंट आवेदनों की स्थिति

क्र.सं.	आवेदन संख्या	दिनांक	शीर्षक
1	3400/DEL/2012	01.11.2013	पीसीआर–आधारित तकनीक द्वारा तैयार वस्त्रों से केशमीर (पश्मीना) रेशे की पहचान
2	2113/DEL/2010	06.09.2010	गर्भावस्था निदान के लिए भेड़ो को सुरक्षित नियंत्रित करने हेतु कम कीमत का स्वदेशी पालना
3	2114/DEL/2010	06.09.2010	भैंसों में मद नियंत्रण हेतु कम कीमत के स्वदेशी योनिक स्पंज
4	2486/DEL/2009	03.12.2009	गैस उत्पादन अध्ययन (ईन विट्रो) करने हेतु किण्वन पात्रः निर्माण, प्रोटोकॉल एवं प्रयोग
5	2108/DEL/2009	12.10.2009	किण्विति प्रोबायोटिक आहार, उत्पादन प्रोटोकॉल, किण्वन परिस्थितिया, सुखाना, भंडारण तथा उसका प्रयोग
6	240/DEL/2009	12.10.2009	भेड़ों में प्रजनन एवं उत्पादन को बढ़ाने हेतु क्षेत्र विशेष खनिज मिश्रण टिकियाएं
7	1130/DEL/2005	04.05.2005	हिमांकस कन्टॉट्स के जैविक नियंत्रण हेतु भेड़ों को कृमिभक्षक फफुंद ड्युडिंगटोनिया फ्लेग्रान्स देने की विधि

संस्थान में स्नातकोत्तर और पीएचडी की डिग्री हेतु शोध कार्य करने वाले छात्र (2017–18)

क्र. सं.	विद्यार्थी का नाम	डिग्री	विश्वविद्यालय	सह–मार्गदर्शक	स्थिति
1	ज्योति	पी.एच.डी.	राजुवास, बीकानेर	डॉ. गोपाल गोवाने	पूर्ण
2	सुदर्शन महला	एम.वी.एस.सी.	राजुवास, बीकानेर	डॉ. गोपाल गोवाने	पूर्ण
3	रोहित मीना	एम.वी.एस.सी.	राजुवास, बीकानेर	डॉ. वाई.पी. गाडेकर	जारी
4	श्रवण कुमार मील	एम.वी.एस.सी.	राजुवास, बीकानेर	डॉ. वाई.पी. गाडेकर	जारी
5	विल्शन कुमार चौहान	एम.वी.एस.सी.	राजुवास, बीकानेर	डॉ. वाई.पी. गाडेकर	जारी
6	भाग सिंह धाकड	एम.वी.एस.सी.	राजुवास, बीकानेर	डॉ. विजय कुमार	जारी
7	सुश्वी	पी.एच.डी.	आईसीएआर–एनडीआरआई, करनाल	डॉ. ए.के. पटेल	जारी
8	तारा बोथरा	पी.एच.डी.	राजुवास, बीकानेर	डॉ. ए.के. पटेल	जारी
9	स्वाती रूहिल	पी.एच.डी.	राजुवास, बीकानेर	डॉ. निर्मला सैनी	जारी
10	अमित कुमार	पी.एच.डी.	राजुवास, बीकानेर	डॉ. अशोक कुमार	जारी
11	मनीष जांगिड़	एम.वी.एस.सी.	राजुवास, बीकानेर	डॉ. अशोक कुमार	जारी
12	एच. लालपानमाविया	पी.एच.डी.	आईसीएआर–आईवीआरआई, इज्जतनगर	डॉ. ए. साहू	जारी
13	गणेश अदराओ	एम.वी.एस.सी.	आईसीएआर–आईवीआरआई, इज्जतनगर	डॉ. ए. साहू	पूर्ण
14	सागर रघुनाथी	एम.वी.एस.सी.	आईसीएआर–आईवीआरआई, इज्जतनगर	डॉ. जी.जी. सोनावने	जारी
15	मामोनी पी बोहरा	पी.एच.डी.	एएयू, जोहरत	सिको जोस	जारी
16	लता सामंत	एम.एस.सी.	सीसीएसएचएयू, हिसार	सिको जोस	पूर्ण
17	सुरभी मित्तल	एम.एस.सी.	एमजेआरपी, जयपुर	डॉ. एस.सी. शर्मा	जारी
18	हरी चरण मीना	पी.एच.डी.	पीटीयू, जालंधर	डॉ. डी.बी. शाक्यवार	जारी
19	अशमा खान	पी.एच.डी.	आईआईएस विश्वविद्यालय जयपुर	डॉ. डी.बी. शाक्यवार	जारी
20	साधना	पी.एच.डी.	वनस्थली विद्यापीठ	डॉ. अजय कुमार	जारी
21	भावना सौन	एम.एस.सी.	पीएयू, लुधियाना	सिको जोस	पूर्ण
22	रीना रॉय	पी.एच.डी.	एएयू, जोहरट	सिको जोस	जारी

संस्थान की विभिन्न योजनाओं के तहत किसानों को पशु, दाना–चारा, दवा एवं अन्य सामग्री वितरण

विभिन्न योजना के तहत संसाधन रहित किसान परिवारों को पशु, दाना–चारा, दवा एवं अन्य सामग्री निःशुल्क उपलब्ध करवाकर सहायता प्रदान की गई। योजना के मूल उद्देश्य (i) ग्रामीण इलाकों में बेरोजगार पुरूषों/महिलाओं को स्वरोजगार प्रदान कराना, (ii) निर्धन परिवारों के जीवन स्तर को बढ़ाना एवं परिवार को सामाजिक–आर्थिक सुरक्षा प्रदान करना, (iii) कम लागत पर उत्पन्न पशुओं के उत्पादन में वृद्धि एवं (iv) कम गुणवत्ता वाले भेड़ एवं बकरियों को अच्छी गुणवत्ता वाले पशुओं के साथ धीरे–धीरे बदलना हैं।

किसानों को वितरित की गई सामग्री

परियोजना	वितरित सामग्री	लाभार्थियों की संख्या	गाँव / तहसील / जिला
विभिन्न भरण–पोषण की परिस्थितियों में मिथेन उत्सर्जन का अनुमान एवं निराकरण विधियों का विकास पर भा.कृ.अ.प. की आउटरीच परियोजना	रातिब मिश्रण – 20 क्विटंल खनिज मिश्रण – 80 किलो खनिज ईंटें – 50 किलो	30 35 20	झारियाना, लिम्डी, पुंजपुर, मुंगेर, टोंकवासा, रामा (असपुर), डूंगरपुर (राजस्थान)
प्रक्षेत्र में मागरा भेड़ों का आनुवंशिक सुधार एवं मूल्याँकन पर भेड़ विकास नेटवर्क परियोजना	खाने की खेली – 11 मगरा मेंढ़े – 36 चारा बीज – 20 किलो फड़किया टीका – 7753 भेड़ माता – 5940 अंतःकृमिनाशक दवा – 15313 उपचार – 3000 टॉर्च – 22	11 36 13 55 22	कोटडा, माधोलाई, गोलेरी, बीकानेर (राजस्थान)
मेरा गाँव मेरा गौरव (आत्मा द्वारा वित्तीय सहायता के माध्यम से)	मगरा मेंढ़े – 35 बहुपोशी मिश्रण – 20 क्विटंल	22 40	सुरासर, दैयान, बंडारवाला, नाल, हिम्मतसर, जालवाली, बीकानेर (राजस्थान)
मेगा भेड़ बीज परियोजना के तहत मालपुरा इकाई	मालपुरा मेंढ़े – 34 कृत्रिम गर्भाधान (वीर्य) – 13 मदकाल स्पंज – 13 टीकाकरण – 10889 अंतःकृमिनाशक दवा – 3746 पानी की बोतल – 47 छतरी – 47	34 1 1 46 46 47 47	आमली, चांवडिया, भीपुर, धौली, बालापुरा, कैरवालिया, सीतारामपुरा, खेड़ा, हाथगी, धुवालिया, नयागाँव, कांटोली, मालपुरा, लक्ष्मीपुरा, इन्दोली. (मालपुरा), टोंक (राजस्थान)
राजस्थान के अर्ध–शुष्कीय क्षेत्र में कृषि विकास अथवा आजीविका सुरक्षा एवं किसानों की आर्थिक सशक्तीकरण हेतु सहभागिता पर किसान प्रथम परियोजना	दुग्ध प्रतिस्थापक – 60 किलो उड़द, मूंग, टिल, ग्वार, गेहूं, सरसों, कासुरी मेथी बीज बेर पौध – 450 नींबू पौध – 300 ड्रेगन फल पौध – 100 चिकित्सा / टीकाकरण दुग्ध प्रतिस्थापक स्टैंड – 5	5 10 1 6 7 1 12 5	चौसला, अरनिया, डेंचवास, बस्सी, (मालपुरा), टोंक (राजस्थान)
भेड़ की उत्पादकता एवं स्थानान्तरणीय तकनीकों में सुधार एवं उनके प्रभाव विश्लेषण पर संस्थान परियोजना	टीकाकरण – 16705 अंतःकृमिनाशक दवा – 8550	110	भीपुर, चांवडिया, संवारिया, मालपुरा, कांटोली (मालपुरा) टोंक (राजस्थान)
राजस्थान के उप जनजातीय क्षेत्रों में भेड़ एवं बकरी उत्पादन द्वारा आदिवासियों के जीवन स्तर में सुधार	खनिज मिश्रण – 140 किग्रा. दवा ट्रेकसूट–60 कृषियंत्र–252 कचरा पात्र–60	140 141 60 60 60	डूंगरपुर, आशपुर, सागवाडा, बिछिवाड़ा, सिमलवाडा एवं जोठारी (डूंगरपुर) राजस्थान
उप जनजाति परियोजना (उ.शी.अनु.के., गड़सा)	रातिब मिश्रण – 13 क्विंटल खाने की खेली – 33 खनिज मिश्रण – 20 किग्रा.	26 33 10	गड़सा (हिमाचल प्रदेश)

विभिन्न योजनाओं के तहत किसानों को पशु, दाना–चारा, दवा एवं अन्य सामग्री वितरण

प्रमुख अनुसंधान उपलब्धियाँ

- पिछले कुछ वर्षों में अविशान एवं जीएमएम प्रजाति में बहुप्रजता दर वर्ष 2012 में 32.69 एवं 54.31 प्रतिशत से वर्ष 2017 में 69.18 एवं 70.27 प्रतिशत की वृद्धि हुई। संस्थान के रेवड़ में वर्ष 2017–18 के दौरान पैदा हुए मेमनों में से 93.65 प्रतिशत अविशान एवं 97.65 प्रतिशत जीएमएम मेमने में फैक–बी जीन पाये गये। दुग्धपान छुडाने की अवस्था (3 माह) पर अविशान मेमनों में 26. 57 किग्रा. एवं जीएमएम में 19.09 किग्रा. भेड़ उत्पादन क्षमता (ईपीई) प्राप्त की। राजस्थान, महाराष्ट्र एवं झारखंड राज्यों के प्रक्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर परीक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत अविशान भेड़ों की चार इकाईयाँ (प्रत्येक में 1 मेढ़ा एवं 5 भेड़ें) स्थापित की गई। इसके अतिरिक्त किसानों को उनके भेड़ रेवड़ो में बहुप्रजता का समावेश करने हेतु अविशान के 27 प्रजनक मेढ़े बेचे गए। जिससे किसानों के रेवड में बहुप्रजता दर में वृद्धि हुई एवं इस वर्ष 89.5 प्रतिशत की बहुप्रजता दर अंकित की गई।

- दुम्बा (फेट टेल) भेड़ ठाण पर खिलाई पर अच्छा प्रर्दशन करती है। उन्होंने औसतन शारीरिक भार 4.25, 28.50, 43.20 एवं 67.60 किग्रा. क्रमशः जन्म, 3, 6 एवं 12 माह की उम्र पर ग्रहण किया। दुम्बा भेड़ के दुध का घटको के लिए विश्लेषण किया गया तथा 8.63 प्रतिशत वसा, 3.50 प्रतिशत प्रोटीन, 3.93 प्रतिशत लेक्टोज एवं 16.09 प्रतिशत कुल ठोस तत्व पाया गया। यह दर्शाता है कि दुम्बा भेड़ दुध में अन्य प्रजातियों जैसे बकरी एवं गाय की तुलना में अधिक दुध वसा एवं ठोस तत्व पाया जाता है।

- एक समय दूध निकालकर तथा मेमनों को दूध प्रतिस्थापक की पूरक पिलाई की नई पद्धति विकसित कर एवं अंगीकृत की गई। निकाले गए दूध को दूध उत्पाद बनाने हेतु प्रयोग किया गया तथा उपभोक्ताओं को उत्पाद उपलब्ध कराए गए। दूध के स्थान पर मेमनों को दूध प्रतिस्थापक की पूरक पिलाई की गई। इस पद्धति द्वारा मेमनों की तीन माह तक की आयु पर शारीरिक भार एवं वृद्धि में कोई समझौता किए बिना रूपये 300–400 प्रति मेमना की अतिरिक्त आय हुई।

- फिनिशर मेमनों को खेजड़ी पत्तियों के साथ भूनी हुई सोया + अलसी खिलाने पर बेहतर प्रदर्शन तथा वांछित वसीय अम्ल संरचना एवं गुणवत्ता वाला लोथ प्राप्त हुआ। मेमनों को ठाण पर खिलाई के साथ दो घण्टे के लिए निश्चित चराई द्वारा लोथ गुणवत्ता में वांछित वसीय अम्ल संरचना में सुधार होता है।

- भेड़ खाद, बेकार ऊन एवं कृषि अपशिष्टों से अविखाद बनाई गई। नेपियर तथा डोलीकस लबलब चारा फसलों के लिए अविखाद (@ 6.25 टन/हे.) के साथ ताम्बा (@ 5 किग्रा./हे.) तथा जस्ता (@ 10 किग्रा./हे.) के प्रयोग द्वारा जैव सुदृढ़ीकरण करना आदर्श पद्धति पाई गई।

- प्राकृतिक ऑक्सीकरण रोधी – हाइड्रोक्सीटाईरोसोल (HT) का मेढ़ें के वीर्य की जमाव क्षमता पर होने वाले प्रभावों का अध्ययन किया गया। यह पाया गया कि HT (@ 80 µM) का उपयोग हाइड्रोजनपरॉक्साइड द्वारा होने वाले वसीय परोक्सीडेसन से वीर्य को सुरक्षा प्रदान करता है तथा शीत संरक्षित वीर्य को पिघलाने के पश्चात क्रियात्मक–आकारिकीय लक्षणों में सुधार होता है। आगे 80 µM HT से पूरित शीत वीर्य के प्रयोग से निश्चित समय पर लेप्रोस्कोपिक द्वारा भेड़ों में कृत्रिम गर्भाधान पद्धति पर प्रजनन दर में 60.0 प्रतिशत तक की वृद्धि हुई।

- विगत 40 वर्षों के समय के अविकालीन के आँकड़ों को भेड़ों पर वातावरण परिवर्तन के प्रभाव का अध्ययन हेतु उपयोग किया गया। यह दर्शाता है कि अविकालीन मेमनों (3–6 माह की आयु) में, 25–27 THI से ऊपर एक ईकाई वृद्धि से दैनिक औसत भार ग्राहता में 10 ग्रा. की कमी होती है।

- बाजार में खाने के लिए तैयार तथा क्रियात्मक एवं स्वास्थ्यवर्धक मांस उत्पादों की मांग बढ़ती जा रही है। इस मांग की पूर्ति हेतु भेड़ के मांस से मटन विस्तारक तथा मटन कुकीज बनाए गए। ये खाने के लिए तैयार, लम्बे समय तक रखने वाला नाश्ता रूपी सुविधाजनक उत्पाद है। इसके अलावा ये उच्च जैविक मूल्य के साथ पशु प्रोटीन तथा ऊर्जा के सम्पन्न स्रोत भी है।

- उपभोक्ताओं को खतरनाक रसायनों के प्रभाव से बचानें हेतु मांस उत्पादों को लम्बे समय तक रखने के लिए हानिकारक रसायनो की जगह प्राकृतिक ऑक्सीकरण रोधीको का प्रयोग समय की आवश्यकता है। क्षेत्र में पाये जाने वाले खेजडी पत्तियों, सीताफल पत्तियों, अमलतास पत्तियों एवं कददु के बीजों को ऑक्सीकरण रोधी गुणों के लिए विश्लेषित किया गया। अध्ययन दर्शाता है कि ये मांस में प्राकृतिक परिरक्षको के रूप में प्रयोग किए जा सकते है।

- इन विट्रो परख पर एलोई वेरा, केक्टस, नरगुंडी तथा छोटा गोखरू के विभिन्न प्रकार के सत् द्वारा हिमोंकस कन्टार्ट्स के विरूद्ध अण्ड मारक एवं लार्वा मारक क्रिया होना दर्शाया गया।

- संस्थान ने मालपुरा एवं अविकालीन भेड़ों की हिमांकस कटांर्टस प्रतिरोधक लाईनें विकसित की, फार्म पर ये लाईनें (बिना अंतः कृमिनाशक दवा दिए) संवेदनशील लाईनें (अंतः कृमिनाशक दवाकरण) के समान प्रर्दशन कर रही है। मेमनों के शीघ्र चयन हेतु दवाकरण से पुर्व आबादी को लक्षित करते हुए चयन सूचकांक का निर्माण किया गया।

- राजस्थान के फार्म व प्रक्षेत्र रेवड़ों में जठरांत्र कृमियों की रोकथाम हेतु प्रति वर्ष 3–4 बार दवाकरण करने के स्थान पर परिवर्तित कृमि प्रबंधन कार्यक्रम (एक दवाकरण/वर्ष) अपनाया गया। इससे कम दवा के प्रयोग से होने वाले लाभों के अलावा प्रति भेड़ प्रति वर्ष रूपये 6–7 की बचत हुई।

- शीत लहरों का मेमना के स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। अध्ययन में पाया गया कि नवजात मेमनों में दैनिक मृत्यु दर 0.26 मेमना/दिन जब शीत लहर सूचकांक (WCI <300.0 kcal/m^2/h) होता है। इसके बढ़ाने से (WCI >400.1 kcal/m^2/h) से दैनिक मृत्यु दर बढ़कर 0.41 मेमना/दिन हो जाती है।

- नवजात अविशान मेमनो को 27 दिनों तक दूध प्रतिस्थापक से पूर्ति करने के बाद यह देखा गया कि प्रति भेड़ एक माह की उम्र के मेमनों के औसत वजन प्राप्ति आधार पर शुद्ध प्राप्ति नियंत्रित मेमनों से रूपये 72.63/भेड़ ज्यादा होती है।

- मेमनों के निपटान दर दर्शाता है कि अधिकतम निपटान दर (30.0 प्रतिशत) कम शारीरिक दशा स्कोर (BCS) तथा अधिक संयुक्त स्तन स्कोर (CUS) वाली भेड़ों के मेमनों में जबकि अधिक BCS तथा अधिक CUS वाली भेड़ों के मेमनों में कोई निपटान नही होना पाया गया।

- शीत वीर्य से कृत्रिम गर्भाधान को निपुण किया गया तथा प्रक्षेत्र के रेवड़ों में उपयोग किया। इस वर्ष प्रक्षेत्र के रेवड़ों में तरल शीत वीर्य से निश्चित समय (स्पंज निकाले के 48 एवं 56 घण्टे बाद दो बार) पर कृत्रिम गर्भाधान करने पर 69.23 प्रतिशत की प्रजनन दर प्राप्त की।

- खरगोश खाल खरगोश फार्म का एक महत्वपूर्ण उत्पाद है तथा खरगोश पालको की आय में काफी मात्रा में योगदान कर सकती है। खरगोश खाल का संवर्धन तथा विभिन्न उत्पाद जैसे जैकेट, बटुए, टोपियो के निर्माण का मानकीकरण तथा प्रचलित किया।

- कम वजन वाली रजाई बनाने हेतु रूई की जगह मोटी ऊन का प्रयोग की नई पद्धति को लक्षित किया गया। मोटी ऊन से कम वजन वाली रजाई बनाने हेतु तकनीक विकसित की गई। मोटी ऊन की 7 x 5 फीट आकार की रजाई का वजन लगभग 975 ग्राम था। यह 3.23 का उष्णता रोधकता स्तर (Tog value) रखती है, जिसे मनुष्यों को सर्दी से सुरक्षा के लिए आदर्श माना गया है।

- रसायनों की जगह प्राकृतिक रंजक काफी लाभदायक होते है तथा इनकी बाजार में अच्छी मांग रहती है। मूगफली का छिलका एक कृषि प्रसंस्करण अपशिष्ट है, जिसको सफलतापूर्वक वस्त्रों की रंगाई में प्रयोग किया

जा सकता है। भुनी हुई मूगफली के छिलके से रंजक निकाला गया। जलीय शोधन पर लगभग 22.8 प्रतिशत अशोधित रंजक प्राप्ति हुई।

- संस्थान व इसके उपकेन्द्रों द्वारा किसानो को उनके रेवड़ में आनुवंशिकीय सुधार हेतु उन्नत 761 भेड़े, 161 सिरोही बकरियां तथा 317 खरगोश उपलब्ध कराए गए। किसानों के रेवड़ में संस्थान द्वारा उपलब्ध कराए गए उन्नत मेढ़ों से प्रजनित संततियों में छः माह की उम्र पर 8–10 प्रतिशत का शारीरिक भार में सुधार हुआ।

- सरकार द्वारा शुरू किए गए विभिन्न कार्यक्रमों के द्वारा संस्थान किसानों तक उन्नत तकनीकियों को लेकर पहुँचा। सांसद आदर्श ग्राम योजना (24 रेवड़ों के साथ 4 गाँव), मेरा गाँव मेरा गौरव (मुख्य परिसर एवं उपकेन्द्रों पर 18 गाँव) तथा किसान प्रथम (22 रेवड़ों सहित 4 गाँव) कार्यक्रम प्रमुख थे। संस्थान ने अविकानगर परिसर में राष्ट्रीय भेड़ व ऊन मेला आयोजित किया जिसमें विभिन्न राज्यों से 3500 किसानों ने भाग लिया तथा लाभान्वित हुए।

- कुल 40 शोध पत्र (21 राष्ट्रीय एवं 19 अन्तर्राष्ट्रीय शोध जर्नल में) प्रकाशित किये गए। 21 शोध पत्र 6–8 नास रेटेड तथा 4 शोध पत्र >8.00 नास रेटेड शोध जर्नल में प्रकाशित हुए।

- वर्ष के दौरान भेड़ व बकरी पालन में कौशल विकास हेतु संस्थान ने किसानों व अधिकारियों के लिए 28 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए। 528 किसानों एवं 73 अधिकारियों सहित कुल 621 व्यक्तियों ने भाग लिया। 6 विभिन्न राज्यों के 22 पशु चिकित्सकों के लिए लघु रोमंथी उत्पादन प्रणाली में प्रगति पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। संस्थान द्वारा कृत्रिम रंगाई पर एक स्वपोषित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें विभिन्न राज्य विश्वविद्यालयों के 15 M.Sc., Ph.D. विद्यार्थी तथा संकाय सदस्यों ने भाग लिया।

- सरकार द्वारा शुरूआत किए गए स्वच्छ भारत अभियान, नकद रहित लेनदेन, बॉयोमेट्रिक्स तथा ईआरपी आदि व्यवस्थाओं को संस्थान में सुचारू रूप से कार्यान्वित किया जा रहा है।

पंचवर्षीय समीक्षा समिति (2011–16)

डॉ. एम.एल. मदन
अध्यक्ष
सेनानिवृत्त कुलपति, दुवासु, मथुरा
अनुग्रह
मदन लॉज, 842, सेक्टर 6 शहरी एस्टेट
करनाल – 132 001 हरियाणा

डॉ. अनिल ई निवसरकार
सदस्य
सेवानिवृत्त निदेशक एनबीएजीएआर, करनाल
ए –202, सतेज अपार्टमेंट, अपॉजिट कैंबे ग्रांड होटल
सोलाओवर ब्रिज, थाल्तेज के पास
अहमदाबाद – 380 054 गुजरात

डॉ. के.टी. संपत
सदस्य
सेवानिवृत्त निदेशक, एनआईएएनपी, बंगलुरू
एफएफ 02, पैशन पैराडाइज 45, फर्स्ट मेन
फर्स्ट ब्लॉक थियगराजनगर
बैंगलोर – 560 028 कर्नाटक

डॉ. एन कुंडईया
सदस्य
सेनानिवृत्त निदेशक, एनआरसी–मांस
ई –84, श्रीनिवास हाइट्स आदर्श नगर
उपल हैदराबाद 500 039 तेलगांना

डॉ. पी.एस. बीरथल
सदस्य
प्रधान वैज्ञानिक, भाकृअनुप – एनसीएपी
डीपीएस मार्ग, पूसा, पीबी संख्या 11305
नई दिल्ली – 110 012

डॉ. सी.पी. स्वर्णकार
सदस्य सचिव
वैज्ञानिक (एसजी)
भा.कृ.अनु.प. – के.भे.ऊ.अनु.सं.
अविकानगर – 304 501 राजस्थान

अनुसंधान सलाहकार समिति (2017–20)

डॉ. वी. प्रभाकर राव
पूर्व कुलपति, एसवीवीयू
फ्लैट नंबर 202, एच नं. 3–6–492
रवि किरण अपार्टमेंट, हिमायतनगर
हैदराबाद – 500 029 तेलगांना

डॉ. आर.एस. गांधी
सहायक महानिदेशक (एपी एंड बी)
भा.कृ.अनु.प., कृषि भवन
नई दिल्ली – 110 001

डॉ. रणजीत रॉय चौधरी
प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष (एलपीएम)
पशु चिकित्सा विज्ञान कॉलेज, (एएयू)
खानापारा, गुवाहाटी – 781 022 आसाम

डॉ. अरूण कुमार तोमर
निदेशक
भा.कृ.अनु.प. – के.भे.ऊ.अनु.सं.
अविकानगर – 304 501 राजस्थान

डॉ. लाल कृष्णा
पशुपालन आयुक्त, भारत सरकार (सेवानिवृत्त)
सहायक महानिदेशक (एएच) भा.कृ.अनु.प. (सेवानिवृत्त)
सी –302, एक्सोटिका एलिगेंस अहिमा खंड – II
इंदिरापुरम, गाजियाबाद – 201 014 उ.प्र.

डॉ. आर.एस. सहोता
निदेशक, विस्तार शिक्षा (सेवानिवृत्त) गडवासू
260, विकास नगर, पाकहोल रोड़
लुधियाना – 141 002 पंजाब

डॉ. अवतार सिंह
प्रधान वैज्ञानिक (सेवानिवृत्त)
फ्लैट नंबर एल/डी जीएफ 312, सीएचडी सिटी, सेक्टर 45
करण झील के सामने, करनाल – 132 001 हरियाणा

डॉ. ए.के. शिन्दे
प्रधान वैज्ञानिक और प्रभारी पी.एम.ई.
भा.कृ.अनु.प. – के.भे.एवं ऊ.अनु.सं.
अविकानगर – 304501 राजस्थान

संस्थान प्रबंधन समिति

निदेशक, अध्यक्ष
भा.कृ.अनु.प. – के.भे.ऊ.अनु.सं.
अविकानगर – 304 501 राजस्थान

निदेशक, सदस्य
भेड़ पालन विभाग
जम्मू–कश्मीर सरकार
श्रीनगर – 190 008 जम्मू–कश्मीर

प्रो. त्रिभुवन शर्मा, सदस्य
अधिष्ठाता, पशु चिकित्सा एवं पशु पालन महाविद्यालय
राजुवास, बीकानेर – 334 001 राजस्थान

डॉ. सुमन्त व्यास, सदस्य
प्रधान वैज्ञानिक (पशु प्रजनन)
भा.कृ.अनु.प. – राष्ट्रीय उष्ट्र अनुसंधान केन्द्र
बीकानेर – 334 001 राजस्थान

श्री मनीष वाधरा, सदस्य
वित्त एवं लेखाधिकारी, भा.कृ.अनु.प.
कृषि भवन, नई दिल्ली – 110 001

मुख्य प्रशासनिक अधिकारी, सदस्य सचिव
भा.कृ.अनु.प. – के.भे.ऊ.अनु.सं.
अविकानगर – 304 501 राजस्थान

सहायक महानिदेशक (एपी एंड बी), सदस्य
भा.कृ.अनु.प., कृषि भवन
नई दिल्ली – 110001

निदेशक, सदस्य
पशुपालन विभाग
राजस्थान सरकार
जयपुर – 302 015 राजस्थान

डॉ. एच.के. नरूला, सदस्य
प्रधान वैज्ञानिक (ए जी एंड बी)
मरू क्षेत्रीय परिसर (के.भे.ऊ.अनु.सं.)
बीकानेर – 334 006 राजस्थान

डॉ. यू.बी. चौधरी, सदस्य
प्रधान वैज्ञानिक (पशु पोषण)
भा.कृ.अनु.प. – केन्द्रीय बकरी अनुसंधान संस्थान,
मखदूम – 281 122 उत्तर प्रदेश

डॉ. भरत भूषण, सदस्य
प्रधान वैज्ञानिक (एजी एंड बी)
भा.कृ.अनु.प. – भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान,
इज्जतनगर – 243 122 उत्तर प्रदेश

मांस उत्पादन में वृद्धि

वर्ष 2017-18 के दौरान उत्कृष्ट भेड़ जनन द्रव्य का बेचान/वितरण



बहुप्रज अविशान भेड़ का आनुवंशिकीय सुधार एवं मूल्यांकन पर संस्थान परियोजना (एजीबी/01/01/17–20)

आर.सी. शर्मा, जी.आर. गोवाने, राजीव कुमार, अरूण कुमार तोमर, आई.एस. चौहान (26.02.2018 से) एवं ओ.पी. कोली

फार्म व प्रक्षेत्र की परिस्थितियों में अविशान भेड़ की उत्पादकता का मूल्यांकन तथा रेवड़ बनाने के उद्देश्यों से अध्ययन किया गया। फार्म में अविशान का जन्म, 3, 6 एवं 12 माह की आयु पर समग्र औसत शारीरिक भार क्रमशः 2.91, 17.25, 24.36 एवं 32.52 किग्रा. तथा जीएमएम का क्रमशः 2.32, 13.49, 19.68, एवं 27.71 कि.ग्रा. पाया गया। अविशान भेड़ में मेमने के जन्म एवं दुग्धपान छुडाने की अवस्था (3 माह) पर भेड़ उत्पादन



फार्म एवं प्रक्षेत्र के रेवड़ों में अविशान मेमनों का तुलनात्मक भारीरिक भार

विभिन्न प्रजातियों की भार वृद्धि एवं प्रजनन क्षमता

मापदंड	अविशान	मालपुरा	जीएमएम
औसत शारीरिक भार (किग्रा.)			
जन्म	2.91	3.31	2.32
3 माह	17.25	16.56	13.49
6 माह	24.36	25.76	19.68
12 माह	32.52	32.25	27.71
प्रजनन			
समागम प्रतिशत	99.38	96.05	85.26
जन्म दर प्रतिशत (समागम के आधार पर)	91.25	97.18	90.36
जन्म दर प्रतिशत (उपलब्धता के आधार पर)	164.00	–	143.16
जन्म के समय संख्या	1.75	1.03	1.80
जन्म का प्रकार (प्रतिशत)			
एकल	30.83	89.71	29.73
युग्म	58.90	10.29	56.76
त्रिक	8.90	–	13.51
चार	1.37	–	–
भेड़ उत्पादन क्षमता (किग्रा. उत्पन्न/भेड़)			
जन्म के समय	4.38	–	3.78
3 माह पर	26.57	–	19.09
औसत चिकनाईयुक्त ऊन उत्पादन (किग्रा.)			
प्रथम छः माही	0.752	0.711	0.444
वयस्क वार्षिक	1.134	1.051	0.823
वार्षिक जीवितता (प्रतिशत)			
0–3 माह	95.75	97.42	95.77
3–12 माह	96.70	98.95	97.25
वयस्क	96.44	96.94	97.42

क्षमता (ई.पी.ई.) क्रमशः 4.38 एवं 26.57 किग्रा. रही। इन्ही अवस्थाओं पर जीएमएम में 3.78 एवं 19.09 किग्रा. भेड़ उत्पादन क्षमता रही। अविशान एवं जीएमएम का वयस्क वार्षिक चिकनाई युक्त औसत ऊन उत्पादन (जीएफवाई) क्रमशः 1.134 एवं 0.823 किग्रा. रहा।

अविशान एवं जीएमएम में वार्षिक समागम दर 99.38 एवं 85.26 प्रतिशत तथा समागम के आधार पर जन्म दर क्रमशः 91.25 एवं 90.36 प्रतिशत रही। अविशान एवं जीएमएम में बहुप्रजता 69.18 एवं 70.27 प्रतिशत के साथ प्रति जन्म के समय मेमनों की संख्या क्रमशः 1.75 एवं 1.80 पाई गई। बसंत 2018 के दौरान पैदा हुए मेमनों में से 96.6 एवं 100.0 प्रतिशत अविशान एवं जीएमएम मेमने फैक–बी जीन के वाहक पाये गये। अविशान के रेवड़ में 0–3, 3–12 माह एवं वयस्क अवस्था पर जीवितता दर क्रमशः 95.75, 96.70 एवं 96.44 प्रतिशत जबकि इसी क्रम में जीएमएम में क्रमशः 95.77, 97.25 एवं 97.42 प्रतिशत रही।

किसानों को अविशान के 27 प्रजनक मेढ़े उपलब्ध कराने के अतिरिक्त बहुस्थान प्रक्षेत्र परीक्षण कार्यक्रम के तहत राजस्थान, महाराष्ट्र एवं झारखण्ड राज्यों में 4 अविशान भेड़ों की इकाईयां (प्रत्येक में 1 मेढ़ा+5 भेड़ें) स्थापित की गई। 19 भेड़ों से कुल 39 मेमनें, 89.5 प्रतिशत बहुप्रजता दर एवं जन्म के समय 2.05 की जुड़वा दर के साथ पैदा हुए।

फार्म एवं प्रक्षेत्र में मांस उत्पादन हेतु मालपुरा भेड़ों का आनुवंशिकीय विकास पर मेगा भेड़ बीज परियोजना (एमएसएसपी)

जी.आर. गोवाने, वेद प्रकाश (21.06.2017 तक), अरूण कुमार, राजकुमार, कल्याण डे, एवं आर.आर. मीणा

विशेष नस्ल के प्रत्येक वर्ष लगभग 50 प्रजनक मेढ़ों का उत्पादन करने एवं लगभग 2500 प्रजनन योग्य भेड़ों को संवर्धित करने के उद्देश्यों के साथ मार्च 2014 में मालपुरा भेड़ ईकाई को मेगा भेड़ बीज परियोजना में सम्मिलित किया गया। फार्म ईकाई में मेमनों का जन्म, 3, 6 एवं 12 माह की आयु पर शारीरिक औसत भार क्रमशः 3.31, 16.56, 25.76 एवं 32.25 किग्रा. रहा। दैनिक औसत भार वृद्धि 0–3, 3–6 एवं 6–12 माह के दौरान क्रमशः 147.19, 89.95 एवं 40.99 ग्राम रही। कुल प्रथम एवं वयस्क छः माही तथा वयस्क वार्षिक चिकनाईयुक्त ऊन उत्पादन क्रमशः 0.771, 0.500 एवं 1.051 किग्रा. रहा। समागम दर 96.05 प्रतिशत जबकि समागम के आधार पर जन्म दर 97.18 प्रतिशत रही। वर्ष 2017 में प्रथम बार समागम हुई भेड़ों में प्रथम समागम एवं प्रथम प्रसव पर आयु क्रमशः 496.06 तथा 648.00 दिवस थी। वार्षिक जीवितता दर 0–3, 3–6, 6–12 माह व वयस्क अवस्था पर क्रमशः 97.42, 99.06, 98.84 तथा 96.94 प्रतिशत रही। प्रगतिशील किसानों को कुल 75 मेढ़ें (34 पंजीकृत किसानों को तथा 41 अन्य किसानों को) बेचे या वितरित किए गए। आबादी औसत की अपेक्षा वितरित किए गये नरों में जन्म 3, 6, 9 एवं 12 माह की उम्र पर शारीरिक भार हेतु क्रमशः 16.31, 17.22, 18.68, 13.92 एवं 13.80 प्रतिशत की श्रेष्ठता रही।

मालपुरा भेड़ों में सम्पूर्ण मायोस्टेटीन जीन (8 केबी) के चित्रण तथा इसके वृद्धि गुणों के साथ सम्बंध पर अध्ययन किया गया। यह प्रोत्साहक श्रेत्र द्वारा 12 माह की उम्र पर वजन, 6–12 माह की उम्र पर औसत दैनिक भार वृद्धि तथा कलिबर अनुपात पर सार्थक ($P<0.05$) संबंध होना दर्शाता है। औसत लिंग अनुपात 50.43 था। नर मेमना जन्म की संभावना अधिक जन्म भार पर होती है। यह रेवड़ में लिंगानुपात पर पोषणिक स्तर को दर्शाता है। मादा का वजन भी लिंगानुपात को प्रभावित करता है। मेढ़ों द्वारा भी उनके जीवन काल में एक विशेष लिंग के मेमने पैदा करने का प्रचलन देखा गया। मालपुरा भेड़ में लिंगानुपात के लिए योगशील आनुवंशिकीय भिन्नता निम्न (h^2= 0.04+0.01) रही।



फार्म एवं प्रक्षेत्र के रेवड़ों में मालपुरा मेमनों का तुलनात्मक शारीरिक भार

प्रक्षेत्र में इस वर्ष मालपुरा प्रक्षेत्र ईकाई के तहत तीन केन्द्रों के 22 गांवों से कुल 46 किसानों को सम्मिलित किया गया। 2718 प्रजनक योग्य भेड़ों सहित कुल 4138 पशु सम्मिलित किए गए। मेमनों का जन्म, 3, 6 एवं 12 माह की आयु पर शारीरिक वजन क्रमशः 3.45, 14.44, 20.41 एवं 26.04 किग्रा. रहा। संस्थान से उपलब्ध कराए गए मेढ़ों की तुलना में प्रक्षेत्र के मेढ़ों से उत्पन्न मेमनों का 6 माह (20.57 बनाम 20.16 किग्रा.), 9 माह (26.57 बनाम 25.95 किग्रा.) तथा 12 माह (32. 15 बनाम 30.98 किग्रा.) पर अधिक शारीरिक भार दर्ज किया गया। प्रति कल्पन सकल औसत चिकनाईयुक्त ऊन उत्पादन 494 ग्राम रहा। वार्षिक जन्म दर 78.36 प्रतिशत रही। कुल 10961 टीकाकरण, 3746 अंतःकृमिनाशक दवा तथा 17164 उपचार किए गए। प्रक्षेत्र में 46 किसानों से एकत्रित किए आंकड़े दर्शाते है कि वो अपने मेमनों 0–3 माह पर 2153 रूपये, 3–6 माह पर 2034 रूपये, 6–12 माह पर 2548 रूपये तथा वयस्क भेड़ को 4061 रूपये में बेचते है।



प्रक्षेत्र में संस्थान व किसानों के मेढ़ों द्वारा उत्पन्न मालपुरा मेमनों में तुलनात्मक वृद्धि

दुम्बा (Fat tail/rump) भेड़ के प्रदर्शन का मूल्यांकन पर संस्थान परियोजना (पीएचवाई/01/16–20)

देवेन्द्र कुमार, एल.एल.एल. प्रिंस (13.07.17 तक) एस.के. सांख्यान, अर्पिता महापात्रा, एस.एम.के. नकवी एवं आर.सी. शर्मा (14.07.17 से)

संस्थान में दुम्बा रेवड़ की स्थापना से समग्र औसत शारीरिक भार (2013–18) 4.25, 28.50, 43.20 एवं 67.60 किग्रा. क्रमशः जन्म, 3, 6 एवं 12 माह की उम्र पर पाया गया। समग्र औसतन दैनिक भार वृद्धि 280.52, 161.89, 143.37 एवं 124.30 ग्रा. क्रमशः 0–3, 3–6, 6–9 एवं 9–12 माह की उम्र पर पाई गई। वर्ष 2017–18 में होगेट एवं वयस्क दुम्बा भेड़ का औसत छःमाही चिकनाई युक्त ऊन उत्पादन क्रमशः 0.485 एवं 0.415 किग्रा. पाया गया। वार्षिक समागम, समागम आधार पर प्रजनन दर बहुप्रजता दर तथा मध्य प्रजनन अवधि क्रमशः 86.4 प्रतिशत, 89.5 प्रतिशत, 15.0 प्रतिशत एवं 260.3 दिन रही। 0–3, 3–12 माह एवं वयस्क अवस्था पर जीवितता दर क्रमशः 93.55, 100.00 एवं 94.74 प्रतिशत रही।

दुम्बा मेढ़ों में वीर्य उत्पादन एवं शुक्राणु गति लक्षण

मापदंड	सीमा (औसत)
वीर्यपात आयतन (मिली)	0.2 – 2.3(0.93)
शुक्राणु सांद्रता (10^6/मिली)	1820 – 5320 (3373.3)
शुक्राणु गति (प्रतिशत)	57 – 99 (93.2)
शीघ्र गतिमान शुक्राणु (प्रतिशत)	37 – 96 (83.9)
मध्यगतिमान शुक्राणु (प्रतिशत)	2 – 20 (9.7)
मंदगतिमान शुक्राणु (प्रतिशत)	0.9 – 20 (2.1)
रैखिकता (प्रतिशत)	45 – 93 (61.3)
सीधापन (प्रतिशत)	72 –93 (83.2)
दीर्घकरण (प्रतिशत)	43 – 52 (46.9)
वी सी एल (माईक्रॉन/सेकंड)	176.3 – 320.1 (253.1)
वी ए पी (माईक्रॉन/सेकंड)	119.6 – 214.8 (171.8)
वी एस एल (माईक्रॉन/सेकंड)	99.0 – 194.3 (149.1)
ए एल एच (माईक्रॉन)	2.7 – 9.1 (7.53)
बी एफ (हर्ट्ज)	13.4 – 26.8 (19.9)
क्षेत्र (माईक्रॉन^2)	3.9 – 5.3 (4.62)

दुम्बा भेड़

दुम्बा भेड़ में अनुकूलन क्षमता मांपदंडों का अध्ययन किया गया। मौसम के अनुसार औसत श्वसन दर, नाडी दर तथा त्वचा तापमान में सार्थक ($P<0.05$) भिन्नता पाई गई जबकि गुदा तापमान में मौसमीय विभिन्नता नहीं देखी गई। चारा एवं पानी अन्तर्ग्रहण मौसम से सार्थक रूप ($P<0.05$) से प्रभावित होता है एवं यह अधिकतम गर्मी में तत्पश्चात् सर्दी एवं बसंत में पाया गया।

दुम्बा मेमनों में दुग्धपान अवस्था (0–3 माह) के दौरान 2.08 FCR पाया गया। दुम्बा भेड़ का 90 दिन में औसत कुल दुग्ध उत्पादन 72 लीटर पाया गया। दुम्बा के दूध में औसत वसा, प्रोटीन, लेक्टोज एवं कुल ठोस तत्वों की मात्रा क्रमशः 8.63, 3.50, 3.93 एवं 16.09 प्रतिशत पाई गई। दुम्बा भेड़ के सभी वीर्य मापदंडों का सामान्य सीमा में पाया जाना दर्शाता है कि राजस्थान के अर्द्धशुष्कीय क्षेत्र में शरद के दौरान दुम्बा मेढ़ों द्वारा उत्तम वीर्य का उत्पादन होता है।

भेड़ों में बहुअजता के साथ मोर्फोजेनेटिक प्रोटीन हड्डी ग्राहीता समूह–1 बी का कार्यात्मक मापन पर जैव तकनीकी विभाग परियोजना

विजय कुमार (01.07.2017 से), सतीश कुमार (30.06.2017 तक), एस.एम.के. नकवी, देवेन्द्र कुमार तथा राजीव कुमार

संकेत श्रंखला के सिवाय BMPR 1B के सम्पूर्ण लम्बवत cDNA को सफलतापूर्वक PCR द्वारा प्रवर्धित तथा pET28c अभिव्यक्ति संवाहक में क्लोन किया गया। कोलोनी PCR द्वारा धनात्मक कलोन्स का चयन किया गया। BamHI तथा EcoRI/XhoI बंधन एंजाईम के साथ कालोनी PCR धनात्मक कलोन्स से शुद्ध प्लाजमिड के RE पाचन द्वारा पुष्टि की गई। BMPR 1B तथा इसके बाह्य कोशकीय अनुक्षेत्रीय सम्मिलित पेप्टाईड क्रमशः 1509 bp तथा 312 bp के पुनःसंयोजक प्लाजमिड्स से RE पाचन के पश्चात् मुक्त हुए। पुनः संयोजनक BMPR 1B तथा पेप्टाईड को अधिकतम अभिव्यक्ति ई. कोलाई में 1mM IPTG के साथ 37°से. पर चार घण्टे के लिए प्रेरण द्वारा किया। अभिव्यक्त प्रोटीन सम्मिलित अंगों की तरह उपस्थित थी तथा 8M यूरिया युक्त अप्राकृतिकरण लाईसिस बफर द्वारा लाईसिस करने के बाद मुक्त किए गए। अप्राकृतिकरण अवस्था के तहत Ni-NTA कालम पर आकर्षण

क्रोमेटोग्राफी द्वारा पेप्टाईड को शोधित किया गया। शुद्ध प्रोटीनों को 250 mM ईमिडेजोल से निकाला गया। SDS - PAGE तथा वेस्टर्न ब्लोटिंग द्वारा 56 kDa तथा 15 kDa बेंड आकार के पेप्टाईड सुनिश्चित किए गए।

गुणात्मक वास्तविक समय PCR द्वारा *Fec B* संवाहक तथा असंवाहक भेड़ों में उपचारित ग्रेन्यूलोसा कोशिकाओं में बहुप्रजता से संबंधित जीनों की अभिव्यक्ति चित्रण पर अध्ययन किया गया। जिनोटाईप्स, BMPR 1B के विरूद्ध प्रतिपिंड तथा BMPR 1B प्रतिपक्षी डारसोमोरफीन के विभिन्न प्रतिलिपियों की अभिव्यक्ति पर प्रभावों का विश्लेषण किया गया। मालपुरा जंगली प्रकार को नियंत्रित लेते हुए डेल्टा–डेल्टा Ct पद्धति के आधार पर दोनो समूहो में जीनो के अभिव्यक्ति स्तरों में गुणित परिवर्तन की गणना की गई। परिणाम दर्शाते है कि मालपुरा की तुलना में बहुप्रज भेड़ो के अंडाशय में BMP-2 की अभिव्यक्ति नीचे की तरफ विनियमित होती है। इसी तरह GMM (BB) भेड़ों की तुलना में GMM (++) भेड़ों में Smad-3 तथा BMP-15 की अभिव्यक्ति सार्थक रूप से ($P<0.05$) अधिक रही।



ई. कोलाई में pET28c-BMPR1B एवं pET28c-EDBMPR1B की अभिव्यक्ति (पंक्ति एमः प्रोटीन अणु वजन भार चिंहक, 1, 4ः अप्रेरित ई. कोलाई लाइसेट्स, 2, 3ः प्रेरित BMPR1B अभिव्यक्ति, 5, 6ः प्रेरित EDBMPR1B अभिव्यक्ति)



ई. कोलाई में pET28c-BMPR1B एवं pET28c-EDBMPR1B की अभिव्यक्ति (पंक्ति एमः प्रोटीन अणु वजन भार चिंहक, 1ः अप्रेरित pET28c ई. कोलाई लाइसेट्स, 2ः अप्रेरित ई. कोलाई लाइसेट्स, 3, 4ः प्रेरित BMPR1B एवं EDBMPR1B अभिव्यक्ति, 5, 6ः Ni-NTA कॉलम प्रथम धोवन, 7, 8ः अभिव्यक्त प्रोटीन का Ni-NTA कॉलम विशुद्ध क्षालन (57 kDa एवं 15 kDa)

सिरोही बकरियों का मांस एवं दूध उत्पादन हेतु आनुवंशिक सुधार पर अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना

एस.एस. मिश्रा, अरूण कुमार, जी.आर. गोवने एवं पी.के. मलिक (26.02.2018 से)

बच्चों (2013–14 से 2017–18 के दौरान जन्में) का जन्म, 3, 6 एवं 12 माह की आयु पर शारीरिक औसत भार क्रमशः 2.96, 12.87, 20.87 एवं 31.01 किग्रा. रहा। 0–3 एवं 3–12 माह के दौरान दैनिक औसत भार वृद्धि क्रमशः 109.84 एवं 67.86 ग्राम रही। वर्ष 2012–13 से 2016–17 के दौरान बच्चे पैदा करने वाली मादा का 90 दिनों, 150 दिनों कुल दुग्ध उत्पादन एवं दुग्ध अवधि का औसत क्रमशः 71.35, 96.68 एवं 112.78 लीटर एवं 189.73 दिन थी। वार्षिक समागम दर एवं समागम के आधार पर मेमना जन्म दर क्रमशः 97.76 एवं 100.39 प्रतिशत 1.15 बहुप्रजता के साथ पाई गई। 0–3, 3–6 एवं 6–12 माह की आयु समूह एवं व्यस्क में वार्षिक मृत्यु दर क्रमशः 4.23, 0.46, 0.95 एवं 0.35 प्रतिशत रही। कुल 161 बकरियाँ (98 नर एवं 63 मादा) किसानों, सरकारी एवं गैर सरकारी ऐजेन्सियों को प्रजनन एवं रेवड़ में सुधार हेतु बेचे गये।

सिरोही बकरा

सिरोही बकरियों का वितरण

ऊन उत्पादन में सुधार

राज्यों में वार्षिक ऊन उत्पादन



गलीचा ऊन उत्पादन हेतु चोकला भेड़ का आनुवंशिकीय सुधार पर संस्थान परियोजना (एआरसी/02/02/17–20)

आशिष चोपड़ा, ए.के. पटेल, निर्मला सैनी, अशोक कुमार, पी.आर. शर्मा एवं आर.के. सिंह

वर्ष के दौरान चोकला मेमनों के जन्म 3, 6 एवं 12 माह की उम्र पर क्रमशः 3.32, 16.94, 23.28 एवं 31.68 किग्रा. का औसत शारीरिक भार प्राप्त किया। 0–3, 3–6 एवं 6–12 माह की आयु पर कुल दैनिक औसत भार वृद्धि क्रमशः 151.00, 63.38 एवं 71.39 ग्राम रही। मेमनों में प्रथम, द्वितीय व तृतीय कल्पन में औसत ऊन उत्पादन क्रमशः 714.82, 635.49 एवं 570.26 ग्राम रहा। वयस्क में वार्षिक, बसंत, शरद व सर्दी की कतरन में क्रमशः 2024.64, 696.37, 725.27 एवं 618.58 ग्राम औसत ऊन उत्पादन हुआ। मेडूलेशन, तंतु व्यास एवं तंतु लम्बाई का कुल औसत क्रमशः 20.53 प्रतिशत, 37.72 माईक्रोन तथा 5.00 सेमी रहा। समागम एवं समागम के आधार पर जन्मदर क्रमशः 96.01 एवं 87.56 प्रतिशत रही। 6 माह के शारीरिक भार एवं प्रथम छः माही कल्पन में चिकनाईयुक्त ऊन उत्पादन के चयन विभेद क्रमशः 3.03 किग्रा. एवं 171 ग्राम रहा। चोकला भेड़ों में कुल जीवितता 98.11 प्रतिशत रही। वर्ष के दौरान कुल 35 पशु (27 नर व 8 मादा) बेचे गये।

ऊन वाली भेड़ो की नस्लों का प्रर्दशन

मापदंड	चोकला	मारवाड़ी	मगरा	अविकालीन	भारत मेरीनो	संश्लेषित भेड़
औसत भाारीरिक भार (किग्रा.)						
जन्म	3.32	3.23	3.09	3.13	3.99	3.64
3 माह	16.94	17.57	16.22	19.43	20.05	15.13
6 माह	23.28	24.81	23.66	23.29	25.31	18.10
12 माह	31.68	33.53	31.55	30.09	34.33	24.79
प्रजनन						
समागम प्रतिशत	96.01	96.31	96.36	68.81	89.47	92.48
जन्म दर प्रतिशत (समागम के आधार पर)	87.56	91.53	85.45	91.05	92.45	81.30
औसत चिकनाईयुक्त ऊन उत्पादन (किग्रा.)						
प्रथम छः माही	–	–	–	2.240	–	0.630
वयस्क वार्षिक	2.042	1.375	1.886	2.070	2.490	2.370
ऊन गुणवत्ता						
तन्तु लम्बाई (सेमी.)	5.00	5.67	5.18			3.48
तन्तु व्यास (माईक्रॉन)	32.72	39.82	34.52			19.02
मेडूलेशन (प्रतिशत)	20.53	47.59	39.90			0.70

चयन द्वारा गलीचा ऊन उत्पादन के लिए मारवाड़ी भेड़ के विकास पर भेड़ विकास की नेटवर्क परियोजना

एच.के. नरूला, आशीष चोपड़ा, अशोक कुमार, पी.आर. शर्मा, ओम प्रकाश एवं विमल मेहरोत्रा

जन्म, 3, 6 व 12 माह की आयु पर सकल औसत शारीरिक भार क्रमशः 3.23, 17.57, 28.03 एवं 33.53 किग्रा. रहा। छः एवं 12 माह के शारीरिक भार के लिए निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त कर लिया गया। दैनिक औसत भार वृद्धि 0–3, 3–6 एवं 6–12 माह पर क्रमशः 158.54, 76.08 एवं 53.13 ग्राम रही। वार्षिक समागम दर तथा समागम के आधार पर प्रजनन दर क्रमशः 96.31 एवं 91.53 प्रतिशत रही। औसत ऊन उत्पादन वयस्क बसंत, शरद, वार्षिक एवं मेमनों की प्रथम व द्वितीय कल्पन में क्रमशः 659.74, 627.05, 1375.35, 503.31 एवं 536.05 ग्राम रहा। तन्तु का औसत व्यास, विषम एवं बालनुमा रेशों का प्रतिशत, मेडूलेशन, तन्तु लम्बाई एवं ऐंठन क्रमशः 39. 82 माईक्रॉन, 35.64 प्रतिशत, 11.94 प्रतिशत, 47.59 प्रतिशत, 5.07 सेमी तथा 0.69 प्रति सेमी रहे। सत्र 2017 के दौरान जन्म, 3 एवं 6 माह के वजन पर भेड़ उत्पादकता क्षमता क्रमशः 3.38, 18.08 एवं 25.84 किग्रा. रही। किसानों को पालने एवं रेवड़ में आनुवंशिक सुधार हेतु कुल 60 मेढ़ें/नर मेमने एवं 31 भेड़े/मादा होगेट बेचे गये। वर्ष 2007–17 के दौरान जन्म लिए हुए 3956 मेमनों के आंकड़ों के आधार आंकलित आनुवंशिकीय मापदंड निम्न प्रकार से है :

मारवाड़ी भेड़ों में भारीरिक भार एवं प्रथम वसीय चिकनाईयुक्त ऊन उत्पादन आनुवंषिकता (विकर्ण पर), आनुवंशिक (विकर्ण से ऊपर) तथा प्रारूपिक (विकर्ण से नीचे) सह–संबंध का आँकलन

लक्षण	जन्म वजन	तीन माह वजन	छः माह वजन	नो माह वजन	बारह माह वजन	प्रथम जीएफवाई
जन्म वजन	0.327±0.03	0.61±0.07	0.36±0.09	0.32±0.09	0.17±0.09	0.18±0.19
तीन माह वजन	0.36±0.01	0.143±0.02	0.85±0.04	0.87±0.05	0.73±0.07	0.03±0.22
छः माह वजन	0.25±0.1	0.67±0.01	0.176±0.02	0.96±0.02	0.82±0.05	0.12±0.21
नो माह वजन	0.23±0.02	0.62±0.01	0.79±0.01	0.217±0.03	0.92±0.03	-0.15±0.22
बारह माह वजन	0.22±0.01	0.49±0.01	0.63±0.01	0.80±0.01	0.245±0.04	-0.33±0.22
प्रथम जीएफवाई	0.05±0.01	0.14±0.01	0.19±0.01	015±0.01	0.13±0.20	0.039±0.01

बीस मारवाड़ी मेढ़ों के वीर्य का मूल्याँकन किया गया। व्यक्तिगत शुक्राणु गति 70 प्रतिशत से ज्यादा एवं सामुहिक गति 3 से अधिक (0–5 पेमाने पर) होने के साथ वीर्य की अम्लता 6.8 से 7.4 तक रही। प्राकृतिक प्रजनन मौसम में बीस मारवाड़ी भेड़ों में ट्रिस तनुकारक के साथ तनुकृत (1:10) किए गये ताजा वीर्य से कृत्रिम गर्भाधान पर 63 प्रतिशत की गर्भधारिता दर दर्शाता है।

प्रक्षेत्र में मगरा भेड़ों का आनुवंशिक सुधार एवं मूल्याँकन पर भेड़ विकास नेटवर्क परियोजना

ए.के. पटेल, एच.के. नरूला, निर्मला सैनी, आशीष चोपड़ा, घोष अली, पी.आर. शर्मा एवं मदन लाल

फार्म स्तर पर जन्म 3, 6 एवं 12 माह के वजन क्रमशः 3.09, 16.22, 23.66 एवं 31.55 किग्रा. रहे। मगरा मेमनों में दैनिक औसत भार वृद्धि 0–3, 3–6 एवं 6–12 माह पर क्रमशः 146.04, 75.91 एवं 43.71 ग्राम रही। कुल समागम एवं समागम के आधार पर प्रजनन दर क्रमशः 96.42 एवं 88.14 प्रतिशत रही। मेमनों में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय ऊन कल्पन पर औसत क्रमशः 599.44, 729.63 एवं 509.39 ग्राम रहा। वयस्क वार्षिक चिकनाईयुक्त ऊन प्राप्ति का औसत 1886.03 ग्राम (567.03 ग्राम बसंत में, 573.87 ग्राम शरद में तथा 690.67 ग्राम सर्दी की कल्पन में) रहा। तन्तु का औसत व्यास, विषम एवं बालनुमा रेशों का प्रतिशत, मेडूलेशन, तंतु लम्बाई एवं ऐंठन क्रमशः 34.52 माईक्रॉन, 31.90 प्रतिशत, 8.10 प्रतिशत, 39.90 प्रतिशत, 5.18 सेमी तथा 0.8 प्रति सेमी रहा। कुल वार्षिक जीवितता दर 98.45 प्रतिशत थी। किसानों को पालने एवं रेवड़ में आनुवंशिक सुधार हेतु कुल 35 मेढ़ें/नर होगेट बेचे गए।



प्रक्षेत्र में संस्थान व किसानों के मेढ़ों द्वारा उत्पन्न मेमनों में सापेक्षिक सुधार

प्रक्षेत्र के रेवड़ों में जन्म, 3, 6 एवं 12 माह की आयु पर शारीरिक औसत भार क्रमशः 2.96, 15.46, 21.68 एवं 28.51 किग्रा. रहा। किसानों के मेढ़ों की तुलना में संस्थान द्वारा उपलब्ध कराए गए मेढ़ों से पैदा हुए मेमनों के जन्म 3, 6 एवं 12 माह की आयु पर शारीरिक औसत भार में क्रमशः 10.28, 9.17, 8.12 एवं 8.01 प्रतिशत का सुधार हुआ। बसंत, शरद एवं सर्दी में चिकनाईयुक्त ऊन की औसत प्राप्ति 605.24, 618.75 एवं 550.08 ग्राम वयस्क में तथा 532.31, 496.84 एवं 638.26 ग्राम होगेट में हुई। तन्तु का औसत व्यास तन्तु की लम्बाई तथा मेडूलेशन क्रमशः 36.94 माईक्रॉन, 6.04 सेमी तथा 39.06 प्रतिशत रहे। भेड़ उपलब्धता के आधार पर वार्षिक प्रजनन दर 79.23 प्रतिशत रही। कुल 15 स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए गये तथा 7753 भेड़ों को फड़किया एवं 5940 को भेड़ माता के टीके लगाए गए। अंतःकृमिनाशक दवा 15313 भेड़ों को पिलाई गई। प्रक्षेत्र के रेवड़ों में वार्षिक मृत्यु दर 7.06 प्रतिशत रही।

मगरा मेढ़ों का वितरण

मेमनों की वृद्धि पर बहु–पोषक तत्वों के मिश्रण (MNM) के प्रभाव को दर्शाने हेतु दो परीक्षणों में सात किसानों के कुल 207 मेमनों को MNM से पुरित (@ 100–150 ग्राम/दिन) किया गया। अपूरित मेमनों की तुलना में पूरित मेमनों में 2.22 से 3.75 किग्रा. की अतिरिक्त भार वृद्धि अंकित की गई। परिसर के बाहर दस (357 किसान) तथा परिसर के अन्दर नो (237 किसान) प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गये। प्रक्षेत्र एवं राजुवास बीकानेर से नो मेढ़ें खरीदे गए। कुल 36 प्रजनक मेढ़ें किसानों को वितरित किए गए।

बारीक ऊन उत्पादन के लिए संश्लेषित भेड़ों का आनुवंशिक सुधार पर संस्थान परियोजना (एनटीआरएस/03/01/17–20)

के.एस. राजारविन्द्रा (28.10.2017 से), ओ.एच. चतुर्वेदी, एस.आर. शर्मा एवं आई.एस. चौहान (12.01.2018 तक)

जन्म, 3, 6 एवं 12 महीनों की उम्र पर कुल शारीरिक भार क्रमशः 3.64, 15.13, 18.10 एवं 24.79 किग्रा. पाया गया। वार्षिक समागम एवं समागम के आधार पर जन्म दर क्रमशः 92.50 एवं 81.30 प्रतिशत रही। मेमनों में प्रथम छः माही, वयस्क में वार्षिक चिकनाईयुक्त ऊन प्राप्ति क्रमशः 0.63 एवं 2.37 कि.ग्रा. हुई। मेमनों की छः माही ऊन की लम्बाई, तंतु का व्यास एवं मेडूलेशन क्रमशः 3.48 सेमी 19.02 µ तथा 0.20 प्रतिशत रहा। प्रति हजार पशुओं पर वार्षिक औसत तुल्यांक रूग्णता एवं मृत्युदर क्रमशः 1.20 एवं 0.27 रही। आहार तंत्र (40.4 प्रतिशत), त्वचा व कंकाल मांस पेशीय तंत्र (30.7 प्रतिशत) तथा परिसंचरण तंत्र (10.9 प्रतिशत) से संबंधित बीमारिया प्रमुख रही। मेमनों में न्यूमोनिया एवं cold exposure मृत्यु के प्रमुख कारण रहे। कुल मृत्यु में नीर्लसना रोग का योगदान 11.4 प्रतिशत रहा। क्षेत्र के किसानों को उनके रेवड़ में आनुवंशिक सुधार हेतु कुल 95 भेडें (46 नर व 49 मादा) बेची गई।

भारत मेरीनों भेड़ों का चयनित प्रजनन द्वारा आनुवंशिकीय सुधार पर संस्थान परियोजना (एसआरआरसी/04/01/17–20)

पी. थिरूमुरूगन (12.01.2018 से), पी.के. मलिक (06.02.2018 तक), ए.एस. राजेन्द्रन, जी. नागराजन, एस.एम.के. थिरूमारन, एस. राजापंडी (06.02. 2018 तक) एवं जी. मुरली

दक्षिणी क्षेत्रीय अनुसंधान केन्द्र, मन्नावनूर पर भारत मेरीनो भेड़ों में जन्म 3, 6 एवं 12 माह की आयु पर औसत शारीरिक भार क्रमशः 3.99, 20.05, 25.31 एवं 34.33 कि.ग्रा. प्राप्त किया गया। 0–3, 3–6 एवं 6–12 माह की आयु पर औसतन दैनिक भार वृद्धि क्रमशः 178.29, 58.44 एवं 50.13 ग्राम रही। छः माह पर शारीरिक भार एवं प्रथम कल्पन में ऊन उत्पादन पर 3.28 किग्रा एवं 110 ग्राम का चयन विभेद पाया गया। वार्षिक समागम व समागम के आधार पर जनन दर क्रमशः 89.47 एवं 92.44 प्रतिशत रही। वार्षिक ऊन उत्पादन 2.49 किग्रा (नर में 2.67 किग्रा एवं मादा में 2.42 किग्रा) रहा। 0–3 माह, 3–6 माह 6–12 माह व वयस्क जीवितता क्रमशः 97.25, 99.24, 97.61 एवं 99.65 प्रतिशत रही। कर्नाटक एवं तमिलनाडू के विभिन्न भागों में नस्ल सुधार हेतु संस्थानों/प्रगतिशील किसानों को कुल 134 भेडें (57 नर व 77 मादा) बेची गई।

भारत के उप शीतोष्ण क्षेत्र में अविकालीन भेड की क्षमता का मूल्यांकन पर संस्थान परियोजना (एसआरआरसी/04/02/17–20)

एस.एम.के. थीरूमारन, पी.के. मलिक (06.02.2018 तक), पी. थिरूमुरूगन (12.01.2018 से), जी. नागराजन, ए.एस. राजेन्द्रन, एस. राजापंडी (06.02. 2018 तक) एवं जी. मुरली

अविकालीन में जन्म, 3, 6 एवं 12 माह की आयु पर औसत शारीरिक भार क्रमशः 3.13, 19.43, 23.29 एवं 30.09 कि.ग्रा. रहा। 0–3, 3–6 एवं 6–12 माह की आयु पर औसत दैनिक भार वृद्धि क्रमशः 181.11, 42.88, एवं 33.77 ग्राम रही। वार्षिक समागम एवं समागम के आधार पर जनन दर क्रमशः 68.61 एवं 91.05 प्रतिशत रही। वयस्क वार्षिक औसत चिकनाईयुक्त ऊन प्राप्ति 2.07 किग्रा (2.62 किग्रा नर में एवं 1.86 किग्रा.

मादा में) रही। मेमनों में प्रथम चिकनाईयुक्त ऊन उत्पादन 2.24 किग्रा (2.36 किग्रा नर में एवं 2.10 किग्रा मादा में) रहा। 0–3, 3–6, 6–12 एवं वयस्क जीवितता क्रमशः 98.96, 98.46, 100.0 एवं 87.96 प्रतिशत रही। नस्ल सुधार हेतु कुल 73 भेड़ें (30 नर व 43 मादा) बेची गई।

मगरा भेड़ों में चमकीली ऊन वाले गुण के लिए उत्तरदायी आनुवंशिकीय व गैर–आनुवंशिकीय कारकों की पहचान पर संस्थान परियोजना (एजीबी/01/02/17–20)

राजीव कुमार, ए.एस. मीना, सीको जोस, अजय कुमार एवं आशिष चोपड़ा

मरू क्षेत्रीय परिसर, बीकानेर में मगरा नस्ल के ऊन नमुनों में तंतुव्यास तथा मेडूलेशन क्रमशः 30–40 माईक्रॉन एवं 30–40 प्रतिशत था। हालांकि प्रक्षेत्र के रेवडों के नमुनों में दोनों तंतु व्यास (36–53 माईक्रॉन) तथा मेडूलेशन (3–75 प्रतिशत) में काफी विभिन्नता देखी गई। q-PCR पर यह पाया गया कि चमकीले तंतुओं में Type1 hair cortex keratin (K1.2) सार्थक रूप से ($P<0.05$) ऊपर विनियमित होता है। निवेशित RNA स्तर के q-PCR परिणामों के सामान्यकरण करने पर उच्च व निम्न चमकीली मगरा भेड़ों के औसत प्रतिलेखों के स्तर में सार्थक अन्तर देखा गया। कम चमकीली भेड़ों की तुलना में उच्च चमकीली भेडों के ऊन कोश में ग्लाईसीन/टायरोसीन समृद्ध KAP6.1, KAP7 तथा KAP8 जीन के लिए कम अभिव्यक्ति देखी गई। चमकीली ऊन वाले कोशों मे सार्थक रूप से K1.2 का ऊपरी विनियमन तथा K2.9 में निचला विनियमन देखा गया। Agarose gel electrophoresis पर KAP6, KAP7 तथा KAP8 PCR उत्पादकों का अखंडित आकार सुनिश्चित किया गया। कुल 100 श्रंखलाओं को संरेखित किया गया। Nucleotide श्रंखलन विश्लेषण पर 4,30 एवं 7 SNPs क्रमशः KAP6, KAP7 एवं KAP8 जीन के लिए पाये गये। अधिकांश SNPs 5' एवं 3' UTRs में पाये गये। KAP6 इनमें से कोई भी SNP ओपन रिडिग फ्रेम (ORF) में उपस्थित नहीं पाया गया। KAP7 जीन श्रंखला में 14 SNP ORF में पाये गये जिससे 9 गैर पर्याय उत्परिवर्तन हुए। KAP8 जीन में मात्र एक SNP ORF में पाई गई जिससे टाईरोसीन से एसपराजाईन में गैर पर्याय उत्परिवर्तन हुआ।



qPCR परगुणित परिवर्तन के रुप में निम्न एवं उच्च चमक वाली मगरा भेड़ों के मध्य प्रतिलेख अभिव्यक्ति में तुलना



Clustal Omega द्वारा चमकदार मगरा भेड़ों में KAP7 जीन के अनुक्रमो के निगमित अमीनो अम्ल श्रंखलाओं का संरेखण

भेड़ पोषण, शरीर क्रिया एवं अनुकूलन

मौसम परिवर्तन से भेड़ों का बचाव



बहुभ्रुण वाली अविशान भेड़ों में सम्पूर्ण उत्पादन चक्र के लिए पोषणिक आँकलन पर संस्थान परियोजना (एनयूटी/01/01/17–20)

एस.के. सांख्यान, ए. साहू, आर.एस. भट्ट, ए.के. शिंदे, कृष्णपा बी. एवं पी. थिरूमुरूगन (9.1.2018 तक)

अबहुप्रज भेड़ों के लिए गर्भावस्था एवं दुग्धावस्था के दौरान आईसीएआर (2013) द्वारा अनुमोदित पोषणिक आवश्यकता से 20 एवं 10 प्रतिशत अधिक चयापचय ऊर्जा (ME) तथा अशोधित प्रोटीन (CP) पर बहुप्रज (अविशान) भेड़ों के लिए ऊर्जा एवं प्रोटीन की आवश्यकताओं का आंकलन बाड़े पर खिलाई अवस्था में किया गया।

गर्भावस्था : बीस गर्भवती अविशान भेड़ों को दो समुहो में विभाजित कर आईसीएआर (2013) द्वारा अनुमोदित पोषणिक आवश्यकता से 20 (समूह–I) एवं 10 प्रतिशत (समूह–II) अधिक ME एवं CP वाला आहार खिलाया गया। भेड़ों को गर्भावस्था के अंतिम 2 माह के दौरान रातिब मिश्रण एवं चना भूसा खिलाया। भ्रुण विकास से होने वाले शारीरिक वजन में वृद्धि के आधार पर रातिब मिश्रण की मात्रा समायोजित की गई तथा चारा ईच्छानुसार खिलाया गया। गर्भावस्था की अंतिम अवस्था (18–20 सप्ताह) के दौरान एक पाचन परीक्षण भी किया गया। DCP अंतग्राहता 6.04 ग्रा/किग्रा वजन$^{0.75}$ (आईसीएआर, 2013) की तुलना में समूह–I एवं समूह–II में 7.50 एवं 6.08 ग्रा/किग्रा वजन$^{0.75}$ रही। ME अंतग्राहता 0.69 मिली जौल/किग्रा वजन$^{0.75}$ (आईसीएआर, 2013) की तुलना में समूह–I एवं समूह–II में 0.75 एवं 0.67 मेगा जौल/किग्रा वजन$^{0.75}$ रही। दोनो समूहों में प्रारम्भिक एवं अंतिम शारीरिक भारो में सार्थक अंतर नही देखा गया।

दुग्धावस्था : प्रसव–पश्चात् समय के दौरान पोषण की समान योजना रखी गई। रातिब मिश्रण का स्तर दुग्धावस्था वक्र के आधार जैसे दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने एवं शारीरिक वजन की कमी रोकने हेतु दुग्धावस्था के शुरू में अधिक मात्रा में जो

अविशान भेड़ो का पौषणिक स्तर

मापदंड	गर्भावस्था		दुग्धावस्था	
	समूह– I (20%)	समूह– II (10%)	समूह– I (20%)	समूह– II (10%)
शुष्क पदार्थ अन्तर्ग्रहण				
ग्रा/दिन	1234	1194	1464	1315
ग्रा/किग्रा शारीरिक भार	33.96	32.01	46.54	41.48
ग्रा/किग्रा वजन$^{0.75}$	82.32	79.08	110.5	98.35
पाच्य अशोधित प्रोटीन अन्तर्ग्रहण				
ग्रा/दिन	112.4	91.8	144.8	107.6
ग्रा/किग्रा शारीरिक भार	3.04	2.46	4.26	3.40
ग्रा/किग्रा वजन$^{0.75}$	7.50	6.08	10.90	8.05
उपापचयी ऊर्जा अन्तर्ग्रहण				
मेगा जौल/दिन	11.11	10.17	16.02	13.77
मेगा जौल/किग्रा शारीरिक भार	0.30	0.27	0.51	0.43
मेगा जौल/किग्रा वजन$^{0.75}$	0.74	0.67	1.20	1.03

कि तत्पश्चात मध्य एवं अंतिम दुग्धावस्था (3 माह) से कम पर समायोजित किया गया। पोषणिक तत्वों की अंतग्राहता एवं पाचकता का निर्धारण करने हेतु उच्च दुग्धावस्था (30–45 दिन) के दौरान पाचकता परीक्षण किया गया। DCP अंतग्राहता 8.01 ग्रा/किग्रा वजन$^{0.75}$ (आईसीएआर, 2013) की तुलना में समूह–I एवं समूह–II में 10.90 एवं 8.05 ग्रा/किग्रा वजन$^{0.75}$ रही। ME अंतग्राहता 0.90 मेगा जौल/किग्रा वजन$^{0.75}$ (आईसीएआर, 2013) की तुलना में समूह–I एवं समूह–II में 1.20 एवं 1.03 मेगा जौल/किग्रा वजन$^{0.75}$ रही। दोनो समूहों में प्रारम्भिक एवं अंतिम शारीरिक भारो में सार्थक अंतर नही देखा गया।

दोनों ही समूहों की भेड़ों में दैनिक दुग्ध उत्पादन में उच्चतम स्तर द्वितीय सप्ताह में एवं तत्पश्चात निरन्तर सात सप्ताह तक कम हुआ। समुह–II (31.74 किग्रा.) की तुलना में समुह–I की भेड़ों से उत्पन्न मेमनों द्वारा दुग्धपान छुडाने की अवस्था तक अधिक वजन (26.45 किग्रा.) प्राप्त किया गया। दोनों समुहों में रक्त में खनिज तत्वों का स्तर जस्ता (1.59 एवं 1.50 ppm), ताम्बा (1.30 एवं 1.17 ppm), लोहा (9.29 एवं 7.94 ppm), मेगनीज (15.37 एवं 14.50 ppm), कैल्शियम (12.07 एवं 13.63 मिग्रा. प्रतिशत) एवं फॉस्फोरस (4.06 एवं 4.70 मिग्रा. प्रतिशत) सामान्य सीमा में रहा। समुह–I एवं II की भेडों में प्रारम्भिक शारीरिक भार क्रमशः 45 एवं 71 दिनों में पुनः प्राप्त किया गया।



विभिन्न समूहों में अविशान भेड़ों की कुल दुग्ध उत्पादकता

मांस उत्पादन में मात्रात्मक एवं गुणवत्ता सुधार हेतु पौषणिक दृष्टिकोण पर संस्थान परियोजना (एनयूटी/01/02/17–20)

आर.एस. भट्ट, एस.के. सांख्यान, पी. थिरूमुरूगन (09.01.2018 तक) एवं वाई.पी. गाडेकर

मेमनों में दुग्धपान छोड़ने से पूर्व अधिक वृद्धि तथा कम लागत में नकारा भेडों के पुनः संरचना द्वारा अधिक मांस प्राप्ति हेतु विभिन्न पौषणिक हस्तक्षेप किए गए।

दुग्धपान छुडाने की पुर्व अवस्था वाले मेमनें

मेमनों में जल्दी दुग्धपान छुडानें एवं दुग्ध प्रतिस्थापन पिलाने का प्रभाव : जल्दी दुग्धपान छुडाने एवं मेमनों को दुग्ध–प्रतिस्थापन पर पालने तथा इसका वृद्धि पर प्रभाव के अध्ययन हेतु परीक्षण किया गया। नियंत्रित समूह (समूह–I) के मेमनो को 90 दिनों की उम्र तक स्तनपान पर पाला गया। समूह–II के मेमनों को एक सप्ताह के लिए 50 मिली. प्रतिदिन की दर से दुग्ध–प्रतिस्थापक दिया गया जिसे बाद में 20 से 60 दिनों की उम्र तक (100 मिली. से 250 मिली. प्रतिदिन) तक बढ़ाया गया। परिवर्तित प्रबंध में, मादाओं से 60 दिनों तक शाम के समय दिन में एक बार एवं उसके बाद दुग्धावस्था के 90 दिनों तक दिन में दो बार दूध निकाला गया। समुह–III में मेमनों को समूह–II के अनुसार ही दुग्ध–प्रतिस्थापक लेकिन 90 दिनों की उम्र तक एवं एक समय दुध निकाल कर दिया गया।



मेमनों की वृद्धि पर दूध छुड़ानें की उम्र एवं दुग्ध प्रतिस्थापक पिलाने का प्रभाव

DCP तथा ME अंतग्राहता क्रमशः 73.1 ग्रा/दिन तथा 2.78 मेगा जौल/दिन समूह–I में, 72.7 ग्रा/दिन तथा 2.45 मेगा जौल/दिन समूह–II में तथा 75.4 ग्रा/दिन तथा 2.89 मेगा जौल/दिन समुह–III किग्रा रही। नियंत्रित (समूह–I) की तुलना में समूह–II तथा समुह–III में TVFA (एसिटिक, प्रोपियोनिक एवं ब्युटाइरिक अम्ल) की सांद्रता अधिक रही। समूह–I की तुलना में समूह–II तथा समुह–III में प्रोटोजोआ की संख्या कम रही।

मेमनों का शारीरिक भार 60 दिनों पर दुग्ध छुडाने की तुलना में 90 दिनों पर में दुग्ध छुडाने पर अधिक रहा। दैनिक औसत वृद्धि दर में 60–90 दिनों की आयु पर 90 दिनों में दुग्ध छुडाए (237.7 ग्रा/दिन) तथा नियंत्रित (212.9 ग्रा/दिन) की तुलना में 60 दिनों में दुग्ध छुडाए मेमनों (156.6 ग्रा/दिन) में सार्थक रूप ($P<0.05$) से कमी पाई गई। अध्ययन दर्शाता है कि 60 दिन पर मेमनों को दुग्धापान से छुडाने पर वृद्धि बनाए रखने के लिए अतिरिक्त दूग्ध प्रतिस्थापक की आवश्यकता होती है। पारम्परिक पद्धति की तुलना में सुबह दुग्धापान तथा शाम को दूग्ध प्रतिस्थापक पिलाने की मेमना पालन पद्धति से रु. 300–400 प्रति मेमना का लाभ होता है।

फिनिशर मेमनें

सघन तथा सघन + निश्चित चराई पर मेमनों का प्रदर्शन : चोबीस दूध छुडाए मेमनों (90 दिन की आयु) को 12

प्रत्येक (6 नर व 6 मादा) के दो समूह में विभाजित किया। दोनों समूहों को बाड़े के अन्दर रखा गया तथा रातिब मिश्रण एवं अरडू की सूखी (चूरा की हुई) पत्तिया ईच्छानुसार कैफेटेरिया प्रणाली में खिलाई गई तथा सुबह एवं शाम को दो घण्टे के लिए बाहर खुले बाड़े में निकाला गया। इसके साथ ही समूह–2 के मेमनों को दो घण्टे चराई हेतु भी निकाला गया। मेमनों की निश्चित चराई (सुबह 2 से 3 घंटे) के साथ ईच्छानुसार रातिब मिश्रण एवं चारा खिलाई से सार्थक ($P<0.05$) रूप से अच्छी वृद्धि प्रदर्शन, बेहतर FCR एवं लोथ लक्षण प्राप्त हुए।

मेमना खिलाई में भूनी हुई सोयाबीन व पीसी हुई अलसी साथ टेनिन सम्पन्न पत्तियों का समावेशः मालपुरा के 48 नर मेमनों (3 महीने आयु) को चार समूहों में विभाजित किया तथा 14 प्रतिशत भूनी हुई सोयाबीन एवं 1 प्रतिशत फार्मएल्डिहाईड से उपचारित + पाला पत्तिया (समूह–I), 14 प्रतिशत भूनी हुई सोयाबीन एवं 1 प्रतिशत फार्मएल्डिहाईड से उपचारित + खेजड़ी पत्तिया (समूह–II), 7 प्रतिशत सोयाबीन + 7 प्रतिशत पीसी हुई एवं 1 प्रतिशत फार्मएल्डिहाईड से उपचारित + पाला पत्तिया (समूह–III) तथा 7 प्रतिशत सोयाबीन + 7 प्रतिशत पीसी हुई एवं 1 प्रतिशत फार्मएल्डिहाईड से उपचारित + खेजड़ी पत्तिया (समूह–IV) फिनिशर आहार खिलाया। समूह–I, II, III एवं IV में शुष्क द्रव की अंर्तग्राहता 638.5, 796.3, 599.1 तथा 721.7 ग्रा/दिन, DCP अंर्तग्राहता 74.3, 71.7, 72.7 तथा 77.6 ग्रा/दिन एवं ME अंर्तग्राहता 6.49, 6.58, 5.69 तथा 6.59 मेगा जौल/दिन क्रमशः रही। नत्रजन शोषित एवं संतुलन क्रमशः 15.6 तथा 9.1 ग्रा/दिन समूह–I में, 12.4 तथा 7.1 ग्रा/दिन समूह–II में, 12.3 तथा 5.7 ग्रा/दिन समूह–III में एवं 14.7 तथा 7.8 ग्रा/दिन समूह–IV में रही। मेमनों में औसत दैनिक भार वृद्धि समूह–I, II, III एवं IV में क्रमशः 106, 130, 112 तथा 113 ग्रा. तथा FCR क्रमशः 6.11, 5.95, 5.34 तथा 5.45 रही।

पशुचिकित्सीय व्याधि संवर्धन–रोमंथ सूक्ष्मजीवी जीवाणु पर नेटवर्क परियोजना

ए. साहू एवं आर.एस. भट्ट

टेनिन का विखंडन करने वाले जीवाणुओं का पृथक्करण एवं चरित्र चित्रणः टेनिन का विखंडन/अनुकूलन करने वाले जीवाणुओं का अनुकूली प्रसार के लिए पशुओं को टेनिनयुक्त आहार द्वारा ठाण पर खिलाई पर रखा गया। टेनिन विखंडन करने वाले जीवाणुओं को पृथक करने हेतु रूमन सामग्री के नमूने लिए गये तथा अवायवीय अवस्था में संसाधित किए गए। कुल आठ पृथक की पहचान की गई तथा आकारीय व जैव–रसायनिक रूप से मजबूत टानेज क्रिया के लिए चित्रण किया गया। आगे उनको 16s rRNA श्रृंखला विश्लेषण के आधार पर चित्रित किया गया। BLAST का प्रयोग करते हुए जीन बैंक में उपलब्ध एवं प्रकाशित 16s rRNA श्रृंखला से श्रृंखलन आंकड़ों का संरेखण किया गया तथा CLUSTAL W का प्रयोग करते हुए बहुआयामी श्रृंखला संरेखण उत्पन्न किए।

भेड़ बहुप्रजता में सुधार हेतु शरीर–क्रियात्मक हस्तक्षेप पर संस्थान परियोजना (पीएचवाई/01/01/17–20)

देवेन्द्र कुमार, एस.एम.के. नकवी, विजय कुमार, आर.के. पॉल, कृष्णप्पा बी., एस. बहिरे, कल्याण डे, अर्पिता महापात्रा एवं राघवेन्द्र सिंह (29.09.2017 से)

मेढ़े के वीर्य की शीत जमाव क्षमता पर हाइड्रोक्सीटाईरोसोल का प्रभाव : प्राकृतिक ऑक्सीकरण रोधी हाइड्रोक्सीटाईरोसोल का मेढ़े के वीर्य की शीत जमाव क्षमता पर प्रभाव का आँकलन करने हेतु 8 मालपुरा मेढ़ों से जमा वीर्य को 1000 मिलियन शुक्राणु/मिली के साथ चार विभिन्न भागों में टेस्ट–ट्रिस–ग्लिसरोल विस्तारक से तनुकृत कर विभिन्न additives (समूह–1: नियंत्रित, बिना additive, समूह–2:2000 µM हाइड्रोजन परोक्साइड, समूह–3: 80µM हाइड्रोक्सीटाईरोसोल, समूह–4: 2000µM हाइड्रोजन परोक्साइड एवं 80µM हाइड्रोक्सीटाईरोसोल) से पूरक किया गया।



मेढ़ों के वीर्य की जमाव क्षमता पर हाईड्राक्सीटाईरोसोल (HT) का प्रभाव

सभी समूहों के तनुकृत वीर्य को लघु नलिकाओ में जमाया गया। वीर्य के मूल्यांकन हेतु नलिका को 37° से. पर पिघलाया गया। नियंत्रित समूह की अपेक्षा समूह–3 में प्रगतिशील गतिशीलता (56.34 प्रतिशत), शीघ्र गतिशीलता (45.47 प्रतिशत), माइटोकोंड्रियल झिल्ली क्षमता (42.70 प्रतिशत) जीवन क्षमता (57.63 प्रतिशत) एवं HOS प्रतिक्रिया (25.12 प्रतिशत) शुक्राणुओं में सार्थक रूप से अधिक रही।

पिघलाने के पश्चात वीर्य में एसपारटेट, ट्रांसएमीनेज (200.38) एवं मेलोनडाइएल्डिहाईड (9.44) का कम से कम

रिसाव/उत्पादन होने से यह निष्कर्ष निकाला गया कि हाईड्रोजनपराक्साईड द्वारा प्रेरित वसीय परोक्सीडेशन के विरूद्ध हाइड्रोक्सीटाईरोसोल संरक्षित प्रभाव रखता है। इसलिए, हाइड्रोक्सीटाईरोसोल की पूरकता शीत संरक्षित वीर्य के पिघलने के पश्चात भौतिकी–आकारीय गुणों को सुधारती है।

शीत–पिघलाया मेढें के वीर्य की जनन क्षमता पर हाइड्रोक्सीटाईरोसोल का प्रभाव : मेढें के वीर्य की *in-vivo* जनन क्षमता 80µM की दर से हाइड्रोक्सीटाईरोसोल के प्रभाव का मूल्यांकन करने हेतु 8 मालपुरा मेढ़ों से जमा वीर्य को 100 मिलीयन शुक्राणु/मिली के साथ दो विभिन्न भागों में टेस्ट–ट्रिस–योक–ग्लिसरोल विस्तारक से तनुकृत किया गया तथा एक भागा (उपचारित) को 80µM हाइड्रोक्सीटाईरोसोल से पूरक किया गया। सभी समूहों के तनुकृत वीर्य को लघु नलिकाओं में जमाया गया। नलिकाओं को 37° से. पर 30 सेकण्ड तक पिघलाकर *in-vivo* जनन क्षमता का अध्ययन के लिए समकालीन मदवाली 43 मालपुरा भेड़ों के लिए उपयोग किया। नियंत्रित (21) व उपचारित (22) भेड़ों को लेप्रोस्कोप द्वारा निर्धारित समय पर कृत्रिम गर्भाधान हेतु उपयोग किया। चालीसवें दिन पर B-मोड अल्ट्रासोनोग्राफी द्वारा नियंत्रित (57.14 प्रतिशत) की अपेक्षा उपचारित (63.13 प्रतिशत) में अधिक गर्भाधान दर दर्शायी गई। हालांकि, उपलब्धता के आधार पर उपचारित एवं नियंत्रित समूह में क्रमशः 57.14 एवं 60.00 प्रतिशत जनन दर रही।



हिमकृत वीर्य से लेप्रोस्कोपिक कृत्रिम गर्भाधान के पश्चात् भेड़ों की जनन क्षमता पर हाईड्राक्सीटाईरोसोल का प्रभाव

मेंढ़े के cauda-epididymal द्रव का जैव–रसायनिक एवं कार्यात्मक चरित्र चित्रण : पृथक किए गए cauda-epididymal द्रव (सीईपी) की अम्लता एवं परासरणीयता क्रमशः 6.33 एवं 367.3 mOsml/kg रही। धुलाई पूर्व cauda-epididymal शुक्राणुओं की प्रगतिशील गतिशीलता, प्रोटीन युक्त द्रव (66.25 प्रतिशत) या पीबीएस (75.41 प्रतिशत) की तुलना में सम्पूर्ण सीईपी (57.08 प्रतिशत) को इसके प्रोटीन–सम्पन्न भाग (52.66 प्रतिशत) से उपचारित करने पर सार्थक रूप से (P<0.05) कम पायी गई। SDS-PAGE विश्लेषण पर प्रोटीन मुक्त द्रवीय भाग में पेप्टाईड बेन्डस अनुपस्थित दर्शाये गये, हालांकि दोनों सम्पूर्ण सीईपी तथा इसके प्रोटीन–सम्पन्न भाग का पोलीपेप्टाईड चित्रण समान रहा।



मेढ़ों के पूर्व हिमकृत एवं शीत–परिरक्षित वीर्य के शुक्राणुओं की प्रोटीन्स की जिलेटिन जाइमोग्राफी (पंक्ति एमः प्रोटीन चिंहक, 1–5: प्रशीतिन पूर्व शुक्राणु प्रोटीन्स, 6–10: पिघलन पश्चात शुक्राणु प्रोटीन्स)

मेढ़ें के भ्रुक्राणुओं के मेटालोप्रोटीएज में शीत–संरक्षण संबंधित परिवर्तन : शीत संरक्षित शुक्राणु lysate (3.75 मिग्रा/मिली) की अपेक्षा ताजा–ठंडा शुक्राणु lysate (2.10 मिग्रा/मिली) में कुल प्रोटीन सांद्रता सार्थक रूप (P<0.05) से कमी हुई। शुक्राणु lysate का जिलेटीन जाईमोग्राफी पर ताजा–ठंडा शुक्राणु में 4 प्रोटीएजेज (30–32, 37, 75, एवं 85 kDa आणविक भार) की अपेक्षा शीत–संरक्षित शुक्राणु में 5 प्रोटीएजेज (30–32, 37, 52, 75 एवं 85 kDa आणविक भार) देखे गये। ताजा–ठंडा शुक्राणुओं की अपेक्षा शीत–संरक्षित शुक्राणुओं में दो मुख्य प्रोटीएजेज (30–32 एवं 75 kDa) की जिलेटीनेज क्रिया सार्थक रूप (P<0.05) से कम रही।

विभिन्न गर्भाशय ग्रीवा विस्तारकों का भेड़ गर्भाशय ग्रीवों का फैलाव पर प्रभाव: मुख्य प्रजनन मौसम में भेड़ों के तीन समूहों (समूह–1: मीसोप्रोस्टोल 5 मिग्रा/भेड़ + ओक्सीटोसीन 10UI/भेड,क्रमशः समूह–2: डाईनोप्रोस्टोन 0.5 मिग्रा/भेड + ओक्सीटोसीन 10UI/भेड़, समूह–3: मीसोप्रोस्टोल 5 मिग्रा/भेड़ + डाईनोप्रोस्टोन 0.5 मिग्रा/भेड़) को उम्र (2–4 वर्ष), ब्यात (2–4), शारीरिक भार (34.91 किग्रा) तथा गर्भाशय ग्रीवा के प्रकार (अः डकबिल–20 प्रतिशत, बः स्लीट 25 प्रतिशत, सः रोज–15 प्रतिशत, दः पेपीला–30 प्रतिशत एवं ईः प्लेफ–10 प्रतिशत) के लिए बराबर किया गया। सभी भेड़ों को अंतःयोनिक स्पंज नवाचार के द्वारा समकालीन मद में लाया गया। मद प्रतिक्रिया, मद का प्रारम्भ व मद की अवधि क्रमशः 94.34 प्रतिशत, 28.5 घण्टे एवं 45 घण्टे रही। मीसोप्रोस्टोल, डाईनोप्रोस्टोन तथा ओक्सीटोसीन क्रमशः टीसीएआई के 4 घण्टा, 12 घण्टा एवं 30 मिनट पूर्व दिए गये। भेड़ों के जमाए गए वीर्य से कृत्रिम गर्भाधान किया। सभी भेड़ों की गर्भाशय ग्रीवा सूजी तथा बाहर की तरफ उभरी हुई थी। गर्भाधान समय गर्भाशय ग्रीवा प्रकार द>ई>स>अ>ब के साथ विभिन्न रहा। हालांकि उपचारित समुह में गर्भाशय ग्रीवा सूजन के कारण, गर्भाशय ग्रीवा का मुँह ढूंढने में अधिक समय की आवश्यकता हुई। यह पाया गया कि सभी गर्भाशय ग्रीवा विस्तारकों का मिश्रण गर्भाशय ग्रीवा फेलाव में प्रभावी होते हैं।

भेड़ों में अनुकुलता एवं तनाव में कमी करने पर संस्थान परियोजना (पी.एच.वाई/01/02/17–20)

कल्याण डे, विजय कुमार, अर्पिता महापात्रा, कृष्णाप्पा बी, एस. एम. के. नकवी एवं राघवेन्द्र सिंह (29.09.2017 से)

ठण्डे पानी की अन्तग्रार्हता द्वारा तापीय तनाव में सुधार : अविशान मेढों (18) को समूह–1 (<35° से. तापीय सुविधा श्रेत्र), समूह–2 एवं 3 (वातावरणीय कक्ष में तापीय तनाव) में रखा गया। समूह–2 को वातावरणीय तापमान (>38° से.) पर पर्याप्त पानी मिलाने की अपेक्षा मे समूह–1 एवं 3 के मेढो को शीतल पीने का पानी (24–28° से.) पिलाया गया। प्रारम्भिक शारीरिक भार की तुलना में केवल समूह–2 में सार्थक (P<0.05) कमी (45.22 विरूद्ध 42.60 किग्रा.) देखी गई। समूह–1 की तुलना में समुह 2 व 3 में दोपहर के समय श्वसन दर, नाडी दर, गुदा तापमान तथा त्वचीय तापमान सार्थक (P<0.05) रूप से अधिक रहे। कुल शुष्क द्रव अंर्तग्राहता सार्थक रूप से (P<0.05) समूह–2 में कम (1153 ग्रा) तत्पश्चात् समूह–3 (1184 ग्रा) तथा समूह–1 (1255 ग्रा) रही। दिन के समय पानी की अंतग्रार्हता समूह–1 की तुलना (6.75 लीटर/किग्रा. DMI) में समूह–2 में सार्थक रूप से (P<0.05) अधिक (7.80 लीटर/किग्रा. DMI) रही। समुहों के मध्य रक्त रसायन मापदंडों पर अंतर नही हुआ। समूह–2 की तुलना में समूह–3 में प्लाजमा थाईरोक्सीन तथा कोर्टिसोल का स्तर सार्थक रूप से (P<0.05) कम रहा। अध्ययन दर्शाता है कि अविशान मेढें तापीय तनाव को अपने व्यवहारिक एवं शरीर क्रियात्मक प्रतिक्रिया में बदलाव के साथ सहन करने योग्य है तथा ठण्डा पीने का पानी की उपलब्धता तापीय तनाव की तीव्रता कम करती है।

ठंड़ा पानी पीने से अविशान मेढ़ों में शारीरिक प्रतिक्रियाओं पर प्रभाव

प्रतिक्रिया	नियंत्रित	तापीय तनाव	तापीय तनाव+पानी
श्वसन दर (श्वास/मि.)			
सुबह	8.29	28.38	30.67
दोपहर	45.46[अ]	84.21[ब]	81.50[ब]
स्पंद दर (धड़कन/मि.)			
सुबह	55.50	53.83	54.33
दोपहर	54.67[अ]	61.13[ब]	57.67[अब]
गुदा तापमान (°से)			
सुबह	38.88	38.78	38.74
दोपहर	39.12[अ]	39.41[ब]	39.64[ब]
त्वचीय तापमान (°से)			
सुबह	35.44	34.54	34.47
दोपहर	38.42[अ]	41.15[ब]	41.60[ब]

भेड़ों पर सौर विकिरण का प्रभाव : भेड़ों पर सौर विकिरण के प्रभाव का मूल्यांकन करने हेतु 16 अविशान एवं 16 मालपुरा मेढ़ों को समान रूप से चार समूहों जैसे अविशान नियंत्रित (एसी), मालपुरा नियंत्रित (एमसी), अविशान सौर विकिरण (एएस) एवं मालपुरा सौर विकिरण (एमएस) में विभाजित किया गया। नियंत्रित समूहों को छायादार क्षेत्र में रखा गया, जबकि अन्य समूहों को 7.30 से 16.30 बजे तक सीधा सौर विकिरण से उद्घाटित किया गया। अविशान मेढ़ों के शारीरिक भार पर सौर विकिरण के उद्घाटन का सार्थक प्रभाव नहीं हुआ। हालांकि रात के समय कम पानी पीने से अविशान नियंत्रित (5416 मिली) की तुलना में अविशान सौर विकिरण में कुल जल अंतःग्राहता (4701 मिली) कम रही। शारीरिक भार ज्यादा होने से अविशान मेढ़ों की अपेक्षा मालपुरा मेढों में आहार अंतग्रहण अधिक रहा। अविशान मेढ़ों में आहार अंर्तग्राहता पर सौर विकिरण उद्घाटन का सार्थक प्रभाव नही हुआ। सौर विकिरण से उद्घाटन के पश्चात विभिन्न समूहों में शारीरिक क्रियात्मक प्रतिक्रियाए भिन्न रही। हालांकि एएस की प्रतिक्रियाओं में बदलाव भली–भांति पलने वाली मालपुरा (एमएस) के समान रही।

सौर विकिरण संरक्षण का शारीरिक प्रतिक्रियाओं पर प्रभाव

प्रतिक्रिया	अविशान		मालपुरा	
	नियंत्रित	तनाव	नियंत्रित	तनाव
श्वसन दर (श्वास/मि.)				
सुबह	20.97[अब]	18.92अ	23.75[ब]	24.17[ब]
दोपहर	37.48[अ]	58.50[ब]	41.45[अब]	57.83[ब]
स्पंद दर (धड़कन/मि.)				
सुबह	58.43	59.58	61.08	61.58
दोपहर	62.61[अ]	70.08[ब]	63.25[अ]	65.50[अब]
गुदा तापमान (°से)				
सुबह	38.33	38.43	38.57	37.02
दोपहर	39.06[अ]	39.49[ब]	39.01[अ]	39.17[अब]
त्वचीय तापमान (°से)				
सुबह	34.23	34.60	34.16	34.30
दोपहर	39.79	38.33	39.36	38.52

हिमोग्लोबिन एवं पेक्डसेल वोल्यूम द्वारा भी समान प्रतिरूप का पालन किया गया। दोनों नस्लों में हापने का समय नियंत्रित में 3.75 व 5.00 मिनट की तुलना में सौर विकिरण उद्घाटन समूहों में सार्थक रूप से बढा (27.50 से 29.38 मिनट)। एमसी की तुलना में एमएस में कुल खाने के समय में कम हुई। हालांकि अविशान मेढों में इस तरह का प्रतिरूप नहीं देखा गया। यह निष्कर्ष निकाला गया कि सौर विकिरण उद्घाटन पर मालपुरा नस्ल की तुलना में अविशान मेढ़ें कुछ भिन्न व्यवहार दिखाते है हालांकि वे सौर विकिरण के प्रभाव का सामना करने के योग्य होते जैसा कि तुलनात्मक रक्त रसायन स्तर दर्शाते है।

अर्ध–शुष्कीय क्षेत्र में अविकालीन भेड़ के दुग्धपान छुडाने के पश्चात वृद्धि पर वातावरणीय कारकों का प्रभाव : इस उद्देश्य के लिए संस्थान में 1976 से पैदा हुए सभी अविकालीन मेमनों का दुग्धपान पश्चात (3–6 एवं 6–12 माह की उम्र) ADGs पर अध्ययन किया गया। विशेष समय

पर विशेष पशु के लिए वातावरणीय कारको को संबंधित ADGs के साथ सहसंम्बद्ध किया गया। यह पाया गया कि दोनों ADGs वातावरणीय कारकों विशेषतया तापमान–आद्रंता सूचकांक (THI) से प्रभावित होते है। यह पाया गया कि अविकालीन भेड़ के लिए 25–27 THI सर्वाधिक आरामदायक होता है। इसके पश्चात् THI में प्रत्येक इकाई वृद्धि होने पर 3–6 माह वाले ADG में लगभग 10 ग्राम की कमी होती है। भेडों को औसत तापमान >35° से. तथा अधिकतम तापमान >40° से. पर उद्घाटित करने वाले दिनों की संख्या भी ADG को सार्थक रूप से प्रभावित करती है।

विभिन्न भरण–पोषण की परिस्थितियों में मिथेन उत्सर्जन का अनुमान एवं निराकरण विधियों के विकास पर भा.कृ.अ.प. की आउटरीच परियोजना

आर.एस. भट्ट एवं ए.साहू

गैर–पारम्पिक आहार ससांधन खाने वाली वयस्क भेडों में मिथेन उत्सर्जन: प्रत्येक में नो भेड़ों सहित, 36 वयस्क भेड़ों को चार समूहों में विभाजित किया गया तथा 90 दिनों तक ईच्छानुसार सम्पूर्ण आहार वट्टिका खिलाई गई। रातिब मिश्रण 55 भाग, शीरा 5 भाग तथा 40 भाग प्रत्येक सेक्रंस भूसा (सेंक्रस सीलिएरिस), जोजरू (क्रोटोलेरिया मेडिकाजीनीया), ऊँट कंटेला (ब्लेफेरिस सिंडिका) तथा मेथी भूसा (फेनु ग्रीक) को मिलाकर सम्पूर्ण आहार वट्टिका बनाई गई। क्रोटोलेरिया, मेथी, ब्लेफेरिस तथा सेक्रंस युक्त सम्पूर्ण आहार वट्टिका में CP की मात्रा क्रमशः 17.76, 13.96, 13.46 तथा 11.36 प्रतिशत थी। मेथी भूसा युक्त सम्पूर्ण आहार वट्टिका में अधिक flavonoid (1.27 प्रतिशत) व saponins (49.58 मिग्रा/100 ग्रा) की मात्रा तथा ABST क्रियाएं, जबकि सेक्रंस युक्त सम्पूर्ण आहार वट्टिका में DPAH क्रियाए (21.29 प्रतिशत) व FRAP स्तर (46.51 µM/ml) अधिक रहा। दैनिक मिथेन उत्सर्जन तथा कुल ऊर्जा का प्रतिशत एवं प्रति किग्रा. पचनीय जैविक द्रव अंतग्राहता के रूप में मिथेन द्वारा ऊर्जा हानि में सार्थक रूप से ($P<0.05$) अंतर अंकित किया गया। ऊर्जा प्रति किग्रा. वजन$^{0.75}$ की उच्चतम बचत ब्लेफेरिस से तत्पश्चात् मेथी एवं क्रोटोलेरिया की खिलाई समुह में हुई। मिथेन उत्सर्जन द्वारा ऊर्जा बचत ब्लेफेरिस में 54 प्रतिशत, मेथी में 31 प्रतिशत एवं क्रोटोलेरिया समुह में 21 प्रतिशत रही। क्रोटोलेरिया एवं ब्लेफेरिस समुह में मिथेन उत्सर्जन द्वारा ऊर्जा बचत का उत्तम उपयोग होने से प्रति किलोग्राम वजन भार हेतु कम शुष्क द्रव अंतग्राहता रही।

फिनिशर मेमनों में निश्चित चराई तथा मिथेन उत्सर्जन: 24 दुग्ध छुडायें मेमनो (90 दिन की आयु) के दो समूहों में विभाजित कर प्रयोग किया गया। दोनों समूहों के बाड़ें में खुली जगह पर रखा तथा रातिब मिश्रण एवं सुखीं (कुट्टी की हुई) अरडू पत्तियां ईच्छानुसार केफेटेरिया पद्वति में खिलाई। समूह–2 के मेमनों को खुले चरागाह में प्रतिदिन 2 घण्टे के लिए चराई हेतु निकाला गया तथा चरे गए चारे के नमूने एकत्रित किए। समूह–2 में पोषणिक स्तर अधिक ($P<0.05$) शुष्क द्रव तथा फलस्वरूप ME एवं DCP अंर्तग्राहता में वृद्धि दर्शाता है। प्रतिदिन दो घण्टे चराई के साथ इच्छानुसार रातिब मिश्रण व चारा ठाण पर खाने वाले मेमनों में मिथेन उत्सर्जन सार्थक ($P<0.05$) रूप से कम हुआ। मिथेन उर्जा हानि को प्रति किग्रा शुष्क द्रव अंर्तग्राहता के रूप में प्रदर्शित करने पर 29 प्रतिशत की कमी ($P<0.05$) प्रभाव इसी तरह *in-vivo* परिणामों पर औसत दैनिक भार वृद्धि तथा FCR में क्रमशः 60. 0 एवं 19.2 प्रतिशत का सुधार देखा गया।

फिनिशर मेमनों आहार में रूमन संरक्षित प्रोटीन तथा पत्तियों का मिथेन उत्सर्जन पर प्रभाव : अडतालिस (3 माह की आयु) नर मालपुरा मेमनों को चार समूहों में विभाजित करके प्रयोग किया गया तथा केवल रूमन संरक्षित सोयाबीन तथा अलसी के साथ फिनिशर आहार खिलाया। प्रत्येक रातिब के साथ दो भिन्न चारा स्त्रोतो (संघटित टेनिन तथा सेफोनिन मात्र में भिन्न) का उपयोग किया। समूह–1 मे जिजिपस रुडिस (पाला) + एइलेंथस एक्सिलसा (अरडु) तथा समूह–2 में प्रोसोपिस सिनेरेरिया (खेजड़ी) + एइलेंथस एक्सिलसा (अरडु) चारा स्त्रोत थे। *In-vivo* पर विभिन्न उपचारो में चारे का मिथेन उत्सर्जन पर सार्थक ($P<0.05$) प्रभाव हुआ। खेजड़ी आधरित चारा खाने वाले मेमनों में मिथेन से उर्जा हानि कम ($P<0.05$) हुई। खेजड़ी आधरित चारा खाने वाले मेमनों में मिथेन उत्सर्जन द्वारा पाला आधरित चारा खाने वाले मेमनों की तुलना में उर्जा बचत संरक्षित सोयाबीन में 22.6 प्रतिशत तथा संरक्षित सोया + अलसी में 22.6 प्रतिशत अधिक रही।

जलवायु–स्मार्ट भेड़ उत्पादन बनाए रखने हेतु पोषणिक एवं सूक्ष्म–वातावरणीय प्रबंधन द्वारा अनुकूलन एवं न्यूनीकरण रणनीतियों पर जलवायु लचीला कृषि पर राष्ट्रीय नवाचार (निक्रा) परियोजना

ए. साहू, पी. थिरूमुरूगन (2018 तक), कल्याण डे, रजनी पॉल, एस. सी. शर्मा एवं एस. एम. के. नकवी

भेड़ों में तापीय तनाव का शारीरिक–रसायनिक तथा व्यवहारिक प्रतिक्रियाओं पर प्रभाव के अध्ययन हेतु वातावरणीय नियंत्रित कक्ष में अनुरूपित सूक्ष्म जलवायु प्रारूप : तीव्र गर्मी में तापमान में होने वाली diurnal विभिन्नता के औसत पर अनुरूपित सूक्ष्म–जलवायु प्रारूप रूपांकित किया गया तथा उसी के अनुसार मानस–मिति संबंधी कक्ष/वातवरणीय नियंत्रित कक्ष को 24 घण्टों के दौरान तापमान एवं आर्द्रता के प्रतिरूप के साथ विन्यस्त किया। भेड़ों को कक्ष में रखा गया तथा तय तापमान एवं आर्द्रता पर दिन

वातावरणीय नियंत्रित कक्ष में

के 24 घण्टों के लिए उद्घाटित किया गया। अध्ययन के दौरान दैनिक आहार एवं पानी अंर्तग्राहता सहित शारीरिकीय तथा व्यवहारिक प्रतिक्रिया मापदंडों को अंकित किया गया। रक्त–रसायन एवं तनाव प्रतिक्रियाओं का आँकलन करने हेतु शून्य दिवस तथा उसके बाद नियमित अंतराल पर रक्त के नमूने एकत्रित किए गये। प्रारम्भिक बहाने तथा तनावयुक्त व्यवहार तीन दिन के बाद से कम हुआ। आहार अर्न्तग्राहता प्रभावित हुई तथा अधिकतर जानवरों द्वारा प्यास लगना दर्शाया गया जो कि अधिक पानी के उपयोग से प्रतीत होता है।

पौषणीय एवं भारीर क्रियात्मक उपायों द्वारा पशुओं में प्रजनन क्षमता बढ़ाने हेतु अखिल भारतीय समन्वय अनुसंधान परियोजना (एआईसीआरपी)

एस.के. सांख्यान, कृष्णप्पा बी. एवं राजीव कुमार

नर मेमनों में योवनावस्था प्राप्ति पर पौषणिक उपायों का प्रभाव : यादृच्छिक रूप से 24 नर मेमनों (5–6 माह की आयु) को तीन उपचार समूहो जैसे टी–1 (चराई + रातिब मिश्रण–बिना खनिज मिश्रण की पूरक खिलाई + ओषधीय टिकियाः एसपरागस रेसीमोसस), टी–2 (चराई + रातिब मिश्रण–बिना खनिज मिश्रण की पूरक खिलाई + टिकिया) तथा टी–3 (चराई + रातिब मिश्रण–बिना खनिज मिश्रण की पूरक खिलाई + खनिज टिकिया + ओषधीय टिकिया एसपरागस रेसीमोसस) में विभाजित किया गया। उम्र बढ़ने के साथ सभी समूहों में वीर्य की मात्रा, गति प्रतिशत, सामुहिक गति, शुक्राणुओं की सांद्रता तथा वृषण का आयतन सार्थक रूप से विभिन्न व अधिक रहा।

टी–1, टी–2 एवं टी–3 समूह के मेमनों द्वारा यौन परिपक्वता क्रमशः 243, 265 व 244 दिनों पर प्राप्त करना, औषधीय टिकिया की पूरक खिलाई वाले समूह में शीध्र यौन परिपक्वता होने की तरफ ईशारा करता है। उपचारों के मध्य मासिक रक्त रसायन व खनिज चित्रण में कोई सार्थक अन्तर नहीं हुआ। इसी तरह सभी तीनों समुहों द्वारा क्रिएटीनीन, कोर्टिसोल एवं टेस्टोस्टीरोन का समान स्तर दर्शाया गया। कोर्टिसोल एवं क्रिएटीनीन की सांद्रता में उम्र बढ़ने के साथ कोई अन्तर नही हुआ। हालांकि उम्र बढ़ने पर टेस्टोस्टीरोन की सांद्रता सार्थक रूप से अधिक रही तथा उपचारित समूहों में से औषधीय एवं खनिज टिकिया की पूरक खिलाई वाले समूह (टी–3) में अधिकाधिक सांद्रता तत्पश्चात टी–2 एवं टी–1 में देखी गई।

भेड़ उत्पादन को बढ़ाने हेतु चारे, जैव–दृढता द्वारा अधिकतम पोषक तत्वों का उत्पादन पर संस्थान परियोजना (एनयूटी/01/03/17–20)

एस.सी. शर्मा, आर.एल. मीना, ए. साहू, पी. थीरूमुरूगन (09.01.2008 तक) बी.लाल, द्योस अली, एम.एल. सोनी एवं ए.के. पटेल

जैविक खाद एवं जैव–दृढता के स्त्रोतों पर दो प्रयोग किए गए।

जैविक खाद एवं सूक्ष्म पोषणिक तत्वों का डॉलिकस लबलब पर प्रभाव : दोनों के.भे.ऊ.अनु.सं., अविकानगर तथा म.क्षे.प., बीकानेर पर भेड़ खाद (@ 12.50 टन/हे.) की तुलना मे अविखाद (@ 6.25 टन/हे.) के प्रयोग से डॉलिकस लबलब के पौधे की ऊंचाई एवं 60 दिन व 90 दिन के पश्चात एवं कटाई पर शुष्क द्रव संग्रह/पौधा, बीज प्राप्ति, विघटित फार्म श्रेत्र के खाद तथा जैविक प्राप्ति में सार्थक सुधार देखा गया। बुवाई के 30 दिन पश्चात केवल ताम्बा एवं जस्ता के प्रयोग की तुलना में ताम्बा (@ 5 किग्रा./हे.) + जस्ता (@ 10 किग्रा./हे.) के प्रयोग से बुवाई के 60 दिन बाद भारतीय सेम की पौधा ऊंचाई, शुष्क द्रव संग्रह/पौधा, पत्तिया/पौधा एवं पत्ति–क्षेत्रफल सूचकांक, टहनिया/पौधा तथा प्राप्ति मे अधिकतम एवं सार्थक सुधार दर्ज किया गया।



लोभिया के जैव द्रव्यमान उत्पादन पर जैविक खाद एवं जैव सुदृढ़ीकरण का प्रभाव



संकर नेपियर की हरा चारा उत्पादकता पर जैव सुदृढ़ीकरण के स्त्रोतो का प्रभाव

जैविक खाद एवं सूक्ष्म पोषणिक तत्वों का नेपियर घास पर प्रभाव : के.भे.ऊ.अनु.सं., अविकानगर पर सभी खाद स्रोतों (बेकार ऊन, अविखाद, भेड़ खाद) से फसल की प्रथम कटाई पर नियंत्रित की तुलना में सार्थक रूप से नेपियर ऊंचाई, टहनियां/झुंड तथा हरा चारा प्राप्ति में वृद्धि हुई। सर्वाधिक हरा चारा प्राप्ति अविखाद (@ 6.25 टन/हे (15.90 टन/हे.) से, तत्पश्चात बेकार ऊन (@ 500 किग्रा./हे.) के प्रयोग से हुई। जैव सुदृढीकरण स्रोतों में से ताम्बा (@ 5 किग्रा./हे.) + जस्ता (@ 10 किग्रा./हे.) के प्रयोग से प्रथम कटाई पर अधिकतम झुंड उंचाई एवं प्रथम व द्वितीय कटाई पर टहनियां/झुंड तथा हरा चारा प्राप्ति हुई।

इसके विपरीत म.क्षे.प., बीकानेर खाद स्रोतो द्वारा नेपियर की प्रथम कटाई पर पौध उंचाई एवं टहनिया/झुंड में कोई विशेश परिवर्तन नहीं आया। हालांकि, फसल की प्रथम कटाई पर पत्तियां/झुंड, हरा व सूखा चारा प्राप्ति सार्थक रूप से सर्वाधिक अविखाद @ 6.25 टन/हे. के प्रयोग से तत्पश्चात हरा चारा प्राप्ति बेकार ऊन के प्रयोग (@ 500 किग्रा./हे.) से हुई। आगे जैव सुदृढीकरण के स्रोत भी पौध उंचाई टहनिया/झुंड तथा पत्तियां/झुंड में कोई विशेश परिवर्तन अंकित नही किये गए लेकिन प्रथम कटाई पर हरा व सूखा चारा प्राप्ति नियंत्रित एवं ताम्बा (@ 5 किग्रा./हे.) के प्रयोग के तुलना में सार्थक रूप से ताम्बा (@ 5 किग्रा./हे.) + जस्ता (@ 10 किग्रा./हे.) के प्रयोग से अधिक हुई।

भेड़ एवं खरगोश के मूल्य संवर्धित उत्पाद

मांस एवं ऊन का मूल्य संवर्धन

विविध उत्पादों के विकास के लिए भेड़ उत्पादों का मूल्य संवर्धन पर संस्थान परियोजना (एलपीटी/01/01/17–20)

वाई.पी. गाडेकर, गौरी जैरथ, ए.के. शिन्दे एवं आर.एस. भट्ट

मेमनों से गुणवत्ता वाला मांस उत्पादन हेतु आहार प्रणाली : दो घण्टे चराई के साथ साथ खिलाई में वध–पूर्व वजन, रिक्त शारीरिक भार, गर्म लोथ भार, पैरो के कट तथा आधे लोथ का वजन सार्थक रूप से ($P<0.05$) अधिक रहा। दोनों समूह में रिक्त शारीरिक भार पर ड्रेसिंग उपज समान रही। सघन+नियोजित चराई पद्धति में लायन आई क्षेत्रफल अधिक रहा। सघन पद्धति (54.05 प्रतिशत) की तुलना में सघन+नियोजित चराई पद्धति में (57.59 प्रतिशत) मांस पेशीयों की प्राप्ति अधिक रही। सघन+नियोजित चराई (15.53 एवं 23.93 प्रतिशत) की तुलना में सघन खिलाई पर (17.23 एवं 24.83 प्रतिशत) कुल पृथक्करणीय वसा तथा विच्छेदित हड्डी की मात्रा अधिक रही। अध्ययन के परिणाम दर्शाते है कि नियोजित चराई के साथ सघन पालन पद्धति फिनिशर मालपुरा मेमनों के लोथ लक्षणों पर लाभदायक प्रभाव रखती है।

आहार में करी पते एवं नींबु घास से मेमना मांस में सुधार: करी पते एवं नींबु घास युक्त आहार को मालपुरा मेमनों को खिलाने पर लोथ लक्षणों एवं उत्पादकता का मूल्यांकन किया गया। वध–पूर्व वजन, रिक्त शारीरिक भार, तथा गर्म लोथ भार में समूहों के मध्य अंतर नही पाया गया।

खिलाई पद्धति का मालपुरा मेमनों में लोथ लक्षणों पर प्रभाव

मापदंड	सघन	सघन + रणनीतिक चराई
जीवित वजन (किग्रा)	30.26±1.45[ब]	36.56±1.13[अ]
रिक्त शारीरिक भार (किग्रा)	26.97±1.10[ब]	31.76±1.20[अ]
गर्म लोथभार (किग्रा)	14.88±0.70[ब]	17.61±0.87[अ]
ड्रेसिंग प्रतिशत (जीवित वजन)	49.18±0.38	48.09±1.27
ड्रेसिंग प्रतिशत (रिक्त शारीरिक भार)	55.1±0.56	55.36±0.82
अग्र भाग वजन (किग्रा)	8.02±0.37[ब]	9.39±0.46[अ]
पश्च भाग वजन (किग्रा)	6.43±0.3[ब]	7.78±0.38[अ]
लोइन आई क्षेत्र (सेमी2)	15.85±1.65	19.04±0.56
कुल अखाद्य अंश (किग्रा)	6.77±0.28	7.02±0.34
कुल खाद्य अंश (किग्रा)	2.69±0.14	3.00±0.18
शीतलन नुकसान (प्रतिशत)	3.66±0.41	3.78±0.15
मांस पेशी प्राप्ति (प्रतिशत)	54.05±1.03	57.59±1.32
विच्छेदित हड्डियाँ (प्रतिशत)	24.83±0.70	23.93±0.42
कुल पृथ्थकरणीय वसा (प्रतिशत)	17.23±0.69	15.53±1.65
मांस पेशी : वसा	3.17±0.18	3.94±0.55
माँस : हड्डि	2.18±0.08[ब]	2.41±0.05[अ]
अम्लता 1	6.62±0.07[ब]	6.33±0.08[अ]
अम्लता 2	6.01±0.10	5.84±0.02

लोथ के मानक कट्स, शीतल नुकसान विच्छेदित हड्डी, मासः हड्डी तथा मांस पेशी : वसा तुलनीय रहे। मांस पेशी उपज सभी समूहों में समान रही। वध के 45 मिनट व 24 घण्टे पश्चात् मांस की अम्लता तुलनीय रही।

मांस सुधार हेतु नकारा भेड़ों के आहार में घास एवं चारे का समावेश : सेक्रंस सीलीएरिस (समूह–1), क्रोटोलेरीया मेडिकाजिनिया (समूह–2), ब्लेफेरिस सिंडिका (समूह–3) एवं ट्राईगोनिला, फोइनुग्रेक्म (समूह–4) से निर्मित सम्पूर्ण आहार वट्टिकाओं को वयस्क भेड़ों के आहार स्त्रोत के रूप में मूल्यांकन किया गया। समूह नियंत्रित, 1,2,3 एवं 4 में औसत वध–पूर्व वजन क्रमशः 30.00, 35.52, 38.56, 35.10 एवं 36.36 किग्रा. रहा। रिक्त जीवित वजन आधार पर ड्रेसिंग उपज सार्थक रूप (P<0.05) से नियंत्रित समूह (48.86 प्रतिशत) में कम के साथ समूह 1, 2, 3 एवं 4 में क्रमशः 52.70, 54.80, 54.97 एवं 52.29 प्रतिशत रही। उपचारित समूहों में लार्यन आई क्षेत्रफल तुलनीय (15.24, 11.30, 14.34, 13.83 एवं 13.10 सेमी^{2}) रहा। व्यवसायिक कट्स में पेर, कमर, रेक, गर्दन व कंधा तथा छाती व अग्र पांव कट्स नियंत्रित समूहों में सार्थक रूप (P<0.05) से कम रहे। नियंत्रित समूह में अधिक मांस पेशी की औसत प्राप्ति (60.65 प्रतिशत) के साथ समूह 1, 2, 3 एवं 4 में क्रमशः 54.38, 51.85, 53.57 एवं 55.77 प्रतिशत रही। पृथक्करणीय वसा 8.77, 14.64, 24,64, 20.59 एवं 15.63 प्रतिशत रही तथा विभिन्न समुहों में सार्थक रूप से भिन्न रही। समूह–2 व समूह–3 में विच्छेदित हड्डि सार्थक रूप से कम रही। मांस पेशी : वसा का अनुपात नियंत्रित समूह में सार्थक रूप से अधिक रहा। समूह–1 व समूह–4 में मांसः हड्डी अनुपात सार्थक रूप से कम रहा। अध्ययन के परिणाम दर्शाते है की नकारा मालपुरा भेड़ों के लोथ लक्षणों में सुधार के लिए सेक्रंस, क्रोटोलेरीया, ब्लेफेरिस एवं मेथी भूसे का सम्पूर्ण आहार वट्टिका में प्रयोग किया जा सकता है।

मांस प्रारूप में प्राकृतिक पेड़ पत्तियों व बीजो का प्रयोग खेजड़ी पत्तियां : ब्यूटाईलेटेड हाइड्रोक्सीएनीसोल (बीएचए) से तुलना करते हुए खेजडी पत्तियों के सत (एलकेई) के परिरक्षण प्रभावों को 4±10°से. पर *in-vitro* एव *in-vivo* मांस प्रारूप योजना (कीमा बनाया हुआ मांस) में जांचा गया। *In-vivo* परीक्षण पर बीएचए की तुलना में एलकेई के द्वारा 50 प्रतिशत कम फिनोलीक तथा 74 प्रतिशत (P<0.05) अधिक फ्लोवोनोईडस के साथ कम DPPH, ABST तथा तुलनीय FRAP कार्यविधि दर्शायी गई। *In-vivo* परीक्षण पर 0.1 एवं 0.5 प्रतिशत एलकेई अम्लता को स्थिर रखने में काफी प्रभावी (P<0.05) रही। 0.5 प्रतिशत एलकेई में सार्थक रूप से (P<0.05) उच्च ERV के साथ कम TBARS values सूक्ष्म जीवाणु संख्या तथा संवेदी स्कोर देखा गया। एलकेई 0.5 प्रतिशत स्तर पर परिरक्षण के रूप में काफी प्रभावी कार्य करता है तथा बीएचए से तुलना करने पर 0.1 प्रतिशत स्तर पर भी समान रूप से प्रभावी रहता है एवं कीमा बनाए हुए मांस में परिरक्षण के रूप में किफायत से प्रयोग किया जा सकता है।



प्रशीतित भंडारण के दौरान मांस (खेजडी) में वसीय ऑक्सीकरण

सीताफल, अमलतास पत्तिया एवं कद्दु बीज : सीताफल, अमलतास एवं कददु की सूखी पत्तियों/बीजों के लिए कुल फिनोलिक तत्वों प्रति मिली सत क्रमशः 0.85, 0.85 व 3.99 मिग्रा गेलीक अम्ल समतुल्यांक प्रति 100 मिग्रा पायी गयी। फ्लोवोनोईड्स एवं फ्लेवेनोल्स क्रमशः 1.63 व 3.17, 0.006 एवं 3.28मिग्रा क्यूरसेटीन समतुल्यांक प्रति 100 मिग्रा सूखी पत्तिया/बीज पाउडर रहा। सीताफल पत्तियों, अमलतास पत्तियों व कददु बीज में फेरिक रिड्यूसिंग क्षमता (FRAP) प्रति ग्राम सूखा पाउडर क्रमशः 23.10, 15.56, एवं 428.09 mm Fe^+ रहा। सीताफल पत्तियों, अमलतास पत्तियों एवं कददु बीज सत में DPPH क्रमशः 71.79, 39.26 व 94.23 प्रतिशत जबकि ABST 63.71, 92.76 व 63.71 प्रतिशत रहा। अध्ययन से निष्कर्ष निकाला गया कि प्राकृतिक उत्पाद अधिक आक्सीकरणरोधी क्षमता रखते है तथा मांस में प्राकृतिक परिरक्षक के रूप में प्रयोग किए जा सकते है।



प्रशीतित भंडारण के दौरान मांस (कद्दु बीज) में वसीय ऑक्सीकरण

बीएचए से तुलना करते हुए कददु बीज सत (पीएसई) में परिष्कण प्रभावों को 4±10°से. पर जाँचा किया गया। संधारित रखे गये पूरे समय में उपचारित समूह में (2, 4 व 6 प्रतिशत पीएसई) TBARS value में सार्थक (P<0.05) रूप से कम रही। नियंत्रित की तुलना में सभी उपचारितों में FRAP value सार्थक रूप से (P<0.05) अधिक रही। टाईरोसीन value सार्थक रूप से (P<0.05) 7 एवं 9 दिन पर 4 व 6 प्रतिशत पीएसई अधिक रही। उपचारित समूहों में रंग व महक स्कोर सार्थक रूप से (P<0.05) अधिक रहे। अतः पीएसई 2 प्रतिशत स्तर पर अधिक प्रभावशाली परिरक्षक के रूप में कार्य करता है तथा कीमा बनाए मांस में परिरक्षक के रूप में काम लिया जा सकता है।

नये मांस उत्पाद

मांस सेंडविच विस्तारक : पके हुए कीमा बनाए हुए मांस में सभी अमांसीय घटकों को मिलाकर मांस सेंडविच विस्तारक तैयार किया गया। मांस विस्तारक बच्चों द्वारा काफी पसंद किया गया तथा उनके लिए पशु प्रोटीन का अच्छा स्त्रोत है। संवेदी मूल्यांकन के आधार पर संवेदी विशेशज्ञों द्वारा सेंडविच विस्तारक को उच्चतम स्वादता के साथ बतलाया गया। तैयार किए गए अंतिम उत्पाद में रंग स्कोर 7.06 था तथा यह रंग भी लाल भूरा था। महक स्कोर 7.22 था। स्थिरता थोडी मोटी थी तथा आगे संशोधनों की जरूरत है इसी तरह विस्तार योग्यता स्कोर आशानुरूप अच्छा नहीं रहा तथा भविष्य में विस्तार योग्यता बढ़ाने हेतु अनुसंधान की आवश्यकता है। संवेदी विशेषज्ञों के मध्य समग्र स्वादिष्टता अधिक थी। प्रशीतन तापमान पर उत्पाद की शेल्फ आयु तीन महीने रही।

मांस विस्तारक

मांस कुकीज : सभी उम्र के लिए कुकीज खाने के लिए तैयार, लम्बे समय तक रखा जाने वाला नाश्ता व सुविधाजनक उत्पाद है। उच्च जैविक मूल्य (100 ग्राम कुकीज 6 ग्राम पशु प्रोटीन प्रदान करती है) के साथ कुकीज पशु प्रोटीन तथा ऊर्जा का अच्छा स्त्रोत है। कम लागत व अधिक मुनाफे के साथ यह वृद्ध पशुओं के कठोर मांस से बनाए जा सकते है।

मांस कुकीज़

34 प्रतिशत मांस द्वारा मांसः बंधक अनुपात 40:60 के साथ मांस कुकीज तैयार किए गए। उत्पाद का संवेदी मूल्यांकन, उत्पाद की उच्च समग्र स्वीकार्यता दर्शाता है जैसे कि 8 स्त्रकीय हेडोनिक पेमाने पर विशेषज्ञों द्वारा बहुत से बहुत पसंद किया गया। ये कुकीज कुरकुरे व स्वादिष्ट है। तथा आहार में नाश्ता की तरह सम्मिलित किए जा सकते है। कमरे के तापमान पर कुकीज की शेल्फ आयु 90 दिन रही।

खरगोश खाल उत्पादः खाल को क्रोम चर्म शोधन पश्चात विभिन्न मूल्य सवंर्धित उत्पाद बनाने के लिए तैयार किया जा सकता है। खरगोश की खाल को क्रोम चर्मशोधन करने के पश्चात विभिन्न उत्पाद जैसे बटुए, जेकेट, चाबी छल्ले, इत्यादी बनाए गये।

मूल्य संवर्धित खरगोश खाल उत्पाद

पौध जैव सक्रिय यौगिको के प्रयोग से रूमीनल जैव हाइड्रोक्सीकरण प्रक्रिया द्वारा सयुंग्मित लिनोलेइक अम्ल प्रतिस्थापक के साथ माँस एवं माँस उत्पाद का मूल्य संवर्धन पर जैव तकनीकी विभाग की परियोजना

आर.एस. भट्ट, ए. साहू एवं वाई.पी. गाडेकर

सघन तथा सघन + निश्चित चराई पर मेमनों का प्रदर्शनः चोबीस दूध छुडाए मेमनों (90 दिन की आयु) को 12 प्रत्येक (6 नर व 6 मादा) के दो समूह में विभाजित किया। दोनों समूहों को बाड़े के अन्दर रखा गया तथा रातिब मिश्रण एवं अरडू की सूखी (चूरा की हुई) पत्तिया ईच्छानुसार कैफेटेरिया प्रणाली में खिलाई गई तथा सुबह एवं शाम को दो

घण्टे के लिए बाहर खुले बाड़े में निकाला गया। इसके साथ ही समूह–2 के मेमनों को दो घण्टे चराई हेतु भी निकाला गया। संस्थान की पशु वधशाला में पांच माह की उम्र पर सभी नर मेमनों का हलाल पद्धति द्वारा वध किया तथा लोथ लक्षणों का अध्ययन किया। समूह–1 की तुलना में समूह–2 के मेमनों की LD मांसपेशियों में वसीय अम्ल चित्रण तथा CLA उत्पादन C18:2n6c, C18:3n3 की अधिक (P<0.05) मात्रा दर्शाता है। अन्य समूहों की तुलना में समूह–2 में मेमनों के वसा ऊतक में वसीय अम्ल चित्रण MUFA एवं C18:2n6t तथा अन्दर रखे गए मेमनों में C14 एवं SFA की अधिक (P<0.05) मात्रा दर्शाता है। यह निष्कर्ष निकाला गया कि मेमनों को 2 से 3 घण्टे चराने से LD में C18:3n3, C18:2n6C, PUFA एवं ω – 6 तथा अन्दर खिलाई पद्धति से पाले गये मेमनों के वसीय ऊतक में MUFA एवं DFA के अनुभाग में वृद्धि होती है।

मेमनों की खिलाई में भुना हुआ सोयाबीन तथा पीसी हुई अलसी के साथ टेनिन संवर्धित पत्तियों का समावेशः मालपुरा के मेमनों (3 महीने आयु) को चार समूहों में विभाजित किया तथा 14 प्रतिशत भूनी हुई सोयाबीन एवं 1 प्रतिशत फार्मल्डिहाईड से उपचारित + पाला पत्तिया (समूह–I), 14 प्रतिशत भूनी हुई सोयाबीन एवं 1 प्रतिशत फार्मल्डिहाईड से उपचारित + खेजड़ी पत्तिया (समूह–II), 7 प्रतिशत सोयाबीन + 7 प्रतिशत पीसी हुई एवं 1 प्रतिशत फार्मल्डिहाईड से उपचारित + पाला पत्तिया (समूह–III) तथा 7 प्रतिशत सोयाबीन + 7 प्रतिशत पीसी हुई एवं 1 प्रतिशत फार्मएल्डिहाईड से उपचारित + खेजड़ी पत्तिया (समूह–IV) फिनिशर आहार खिलाया। रोमंथ द्रव में ब्यूटाईरीविब्रियो फिब्रीसोलवेन्सी की संख्या अधिक रही। मेमनों की मांसपेशियों में Δ-9 desaturase गुणीत अभिव्यक्ति भी अधिक रही। LD मांसपेशि में विभिन्न वसीय अम्लों, वसीय अम्ल श्रेणीयों तथा संयुग्मित लिनोलेईक अम्ल का अनुभाग के आंकडे आहार में रोमंथ संरक्षित सोयाबीन खाने वाले मेमनों में C18:2n6C, C18:3n6, PUFA, ω – 6 तथा AI की अधिक मात्रा दर्शाते है। वसीय ऊतक में वसीय अम्ल चित्रण आहार में रोमंथ संरक्षित सोयाबीन एवं अलसी खाने वाले मेमनों में C18:3n3, ω -3, ω-6/ ω -3 ratio, SCFA, LCFA का अनुभाग अधिक (P<0.05) रहना दर्शाता है। खेजडी पत्तियों का समावेश आगे इन वसीय अम्ल चित्रण में वृद्धि करता है तथा संभवतया अधिक संगठित टेनिन की मात्रा एवं ऑक्सीकरण रोधी क्रिया के कारण होता है। LD मांसपेशि का विश्लेषण सोया+अलसी समूह में अधिक संयुग्मित लिनोलेईक अम्ल की अधिक मात्रा होना दर्शाता है तथा खेजडी पत्तियां खिलाने पर इसमें और वृद्धि होती है। वसीय ऊतक में भी समान प्रभाव देखा गया।

भेड़ मांस एवं दुग्ध उत्पाद में वसीय अम्ल संरचनाः मांस नेगेट्स, भेड़ दूध पनीर, भेड़ दूध वसा तथा भेड़ दूध चीज में क्रमशः PUFA की मात्रा 34.23, 2.52, 3.77 एवं 3.89 ग्रा/किग्रा, ω-6/ ω-3 अनुपात 8.78, 6.79,4.76 एवं 5.41 तथा एथीरोजीनीसिटी सूचकांक (AI) 1.36, 6.07, 6.74 एवं 2.78 थी। नेगेट्स में वसीय अम्लों का अच्छी संरचना होने से यह स्वस्थ खाद्य के रूप में विचारित किया जा सकता है। भेड़ दूध वसा में CLA प्रचुर मात्रा में होता है। हालांकि PUFA स्तर ω-6/ ω-3 अनुपात एवं एथीरोजीनीसिटी सूचकांक के आधार पर भेड़ दूध पनीर एवं भेड़ दूध वसा की तुलना में भेड़ दूध अधिक स्वास्थवर्धक होता है।

नकारा भेड़ों को विभिन्न चारो की सम्पूर्ण आहार वट्टिका खिलाने पर वसीय अम्ल चित्रणः वसीय अम्ल चित्रण पर क्रोटोलेरिया में (30.37) एवं मेथी (31.87) युक्त सम्पूर्ण आहार वट्टिकाओं में अधिक C18:In9c मात्रा तथा सेकंस युक्त सम्पूर्ण आहार वट्टिका में C18:2n6c (25.42) की अधिक मात्रा दर्शाता है। PUFA मेथी युक्त सम्पूर्ण आहार वट्टिका में 20.67 से सेक्रंस युक्त सम्पूर्ण आहार वट्टिका में 31.49 तक रहा। PUFA:SFA 0.45 (मेथी युक्त समूह आहार वट्टिका) से 0.87 (सेक्रंस युक्त सम्पूर्ण आहार वट्टिका रहा। नकारा भेड़ों की लोगिसीमस डोरसाई मांसपेशियों व वसीय अम्ल पार्श्वचित्र तथा CLA चित्रण पर C16 (26.03), C18:1n9c (34.48) की कम मात्रा (P<0.05) तथा C18:2n6c (5.64), C18:3n3 (0.82),C20:3n3 (5.01) एवं C20:5n3 (0.34) की अधिक मात्रा अन्य समूहों की तुलना में मेथी समूह में होना दर्शाता है। मेथी समूह में PUFA (13.54), ω-6 (6.23) व ω-3 (7.31) अधिक मात्रा में तथा PUFA:SFA (0.28) लगभग उचित मात्रा में रहा है। नकारा भेड़ों में वसीय ऊतक में वसीय अम्ल पार्श्वचित्र तथा CLA संग्रह अन्य समूहों की तुलना में मेथी समूह में C18:1n9c (26.39) की कम मात्रा (P<0.01) तथा C18:2n6c (1.80), C18:3n6 (0.67) एवं ω-6 (2.54) की मात्रा कम दर्शायी गई। मेथी भूसा से वसीय अम्ल संरचना, ω-6, ω-3 से सम्पन्न तथा कम थ्रोम्बोजेनिक सूचकांक के साथ वांछित वसीय अम्लों में सुधार होता है। क्रोटोलेरिया एवं ब्लेफेरिस से निर्मित सम्पूर्ण आहार वट्टिका खिलाने पर अधिक वृद्धि हुई। मेथी भूसा खिलाने पर अधिक ब्यूटाईरीविब्रियो फिब्रीसोलवेन्सी एवं कम मिथेनोजन्स के साथ अधिक जीवाणुवीय संख्या होना दर्शाता है।

मोटी ऊन के प्रभावी प्रयोग हेतु वस्त्र अभियांत्रिकीय हस्तक्षेप एवं पर्यावरण हितैषी ऊन उत्पादों का निर्माण पर संस्थान परियोजना (टीएमटीसी/01/01/17–20)

एन. शनमुगम, डी.बी. शाक्यवार (23.11.2017 से), अजय कुमार, शेखर दास एवं सीको जोश

मालपुरा तहसील में ऊन की गुणवत्ता व मात्रा का आँकलन : ऊन उत्पादन, ऊन कल्पन पद्धतियां एवं ऊन से प्राप्त आय पर 3289 भेड़ों (1160 भ्रमणशील सहित) से आंकडे एकत्रित करने हेतु मालपुरा (टोंक) के 10 गाँवों (इंदोली,

गाँव में ऊन कल्पन

तांतिया, मालपुरा, रिण्डलिया, बाछेड़ा, भीपुर, धोली, सोड़ा, एवं आमलीसुख) के 41 भेड़ पालकों से सम्पर्क किया गया। अधिकतम भेड़ पालक (91 प्रतिशत) वर्ष में तीन बार ऊन कल्पन करते है। एक वर्ष में औसतन ऊन प्राप्ति 0.98 किग्रा./भेड़ पाई गई। एक भेड़ के कल्पन में औसतन 13 मिनट (7–20 मिनट) के समय का उपयोग करते हुए हाथों से कल्पन किया जाता है। ऊन की कीमत रूपये 22 से 40 प्रति कि.ग्रा. के बीच रही। अधिकतम किसान (86 प्रतिशत) कल्पन से पहले अपनी भेड़ों को नहलाते है। अन्य किसान पानी की उपलब्धता नहीं होने के कारण अपनी भेड़ों को नहलाते नहीं है। ऊन कल्पन की कीमत रूपये 15 से 22 प्रति भेड़ तक पायी गई।

मोटी ऊन से रजाई : मोटी ऊन से कम वजन की रजाई तैयार करने हेतु प्रसंस्करण तकनीक का विकास किया गया। सर्वप्रथम मोटी ऊन की चादर तैयार की गई तथा बाद में उसे सूती कपड़े के अंदर रख कर हाथों से सिलाई की गई। मोटी ऊन के अधिक कडकपन होने से यह लपेट व ताना–बाना के पिरोई अंतर के कारण बाहर निकली रहती है तथा अंतिम उत्पाद में बालदारता करती है। इसलिए आवरण के द्वारा रेशों के बाहर आने को कम करने हेतु निकट से बुना हुआ सुगठित वस्त्र का प्रयोग किया गया। मोटी ऊन का तापीय रोधन वैल्यू (Tog value) 3.23 रहना दर्शाता है कि, रजाई उपभोगकर्ता को सर्दी से बचाती है। मोटी ऊन की रजाई का 7 फीट × 5 फीट आकार में कुल वजन 975 ग्राम था।

मोटी ऊन से कम वजनी रजाई



गलीचों के टिकाऊपन तत्त्व

मध्यम मोटी ऊन से टिकाऊ गलीचा हेतु मिश्रण संयोजन : ऊन के तीन मिश्रणों: मगरा (100 प्रतिशत), मगरा : चोकला (75:25) एवं मगरा : चोकला (50:50) ऊन में से गलीचा निर्माण हेतु उपर्युक्त ऊन मिश्रण की पहचान करने हेतु अनुकूलन अध्ययन किया गया। सभी मिश्रणों को ऊनी कताई प्रणाली पर 4Nm रेखीय घनत्व के धागों में बदला गया। मगरा (100 प्रतिशत), मगरा : चोकला (75:25) एवं मगरा : चोकला (50:50) को गिनती एवं मोड़ क्रमशः 3.57, 3.87 एवं 4.05Nm तथा 253.2, 249.4 एवं 210.3 TPM पाये गये। धागे की रंगाई के पश्चात 10 मिमी pile ऊंचाई एवं 1200 ग्रा/मी^{2} की pile घनत्व के हथकरघा गलीचे बनाए गये। निःशेषन पद्धति द्वारा pH 5.0–5.5 एवं 40° से. तापमान पर एक मृदुकर विलय 3 प्रतिशत (v/v) का प्रयोग किया गया। लगाए गये द्रव्य 5:1 को स्टील ट्रे में डालकर उसमें गलीचा नमूना उल्टी दशा में 5 मिनट तक रखा। इसके पश्चात गलीचों को गर्म वायु कक्ष में 80° से. पर 8 घण्टे के लिए सुखाया तथा 110° से. पर 10 मिनट के लिए उपचारित किया।

मगरा : चोकला (50:50) को टिकाऊपन सर्वाधिक तत्पश्चात मगरा (100 प्रतिशत) एवं मगरा : चोकला (75:25) का रहा। शुद्ध मगरा गलीचा के कमजोर घर्षण एवं प्रतिरोधता के बावजुद, मगराःचोकला (50:50) के तुलनात्मक टिकाऊपन कारक, शुद्ध मगरा ऊन वाले गलीचे के 35 प्रतिशत उच्च घनत्व अनुभाग के कारण होता है। सीलोकोन मृदुकर से उपचार के बाद घर्षण घटक में सार्थक कमी (25 से 50 प्रतिशत) देखी गई। इसी के अनुसार शुद्ध मगरा, मगरा : चोकला (75:25) एवं मगरा : चोकला (50:50) गलीचों में स्थायित्व कारक क्रमशः 7.30, 21.40 व 24.70 प्रतिशत तक कम हुआ।

कम्बल के लिए देशी ऊन मिश्रणों का अनुकूलन : एक बारीक ऊन वाली भेड़ भारत मेरीनो एवं दो मध्यम मोटी ऊन वाली भेड़ों– चोकला एवं अविकालीन की ऊन का अध्ययन हेतु चयन किया गया। भारत मेरीनो, चोकला एवं अविकालीन की



गलीचों की समतलता श्रेणी

कच्ची ऊन की सफाई एवं कंघी करने के पश्चात तीन प्रकार के धागे तैयार किए गये। सभी धागों के लिए धागों की संख्या 4.0 Nm रखी गई। तीन प्रकार के धागे से 525 gsm के साथ 22 end/inch एवं 19 pick/inch वाले छः प्रकार के कम्बल तैयार किए गये। तनने वाले गुणों में से 318 N का अधिकतम तोडने का भार चोकला कंबल के लिए तत्पश्चात 292 N का भारत मेरीनो/चोकला कंबल के लिए देखा गया। कम्बलों का तापीय रोधन वेल्यू 2.68 से 3.88 Tog तक रहा। कम्बलों का चिकनापन श्रेणी >भारत मेरिनों > चोकला + भारत मेरीनो>चोकला >भारत मेरीनो + अविकालीन> अविकालीन रही। कंबलों के तीन प्रकारों पर अमीनों सीलोकोन 0.5, 1.0 तथा 1.5 प्रतिशत सांद्रता से प्रयुक्त किए तथा गतिशीलता घर्षण वेल्यू Instron Tensile Tester का प्रयोग करते हुए मापी गई। यह देखा गया कि 1.0 प्रतिशत अमीनो सीलोकोन द्वारा सर्वोत्तम गतिशीलता घर्षण वेल्यू देने से इसे विस्तारित परीक्षणों में प्रयोग किया जा सकता है।

नेनों अणुओं का प्रयोग करते हुए वस्त्र अपशिष्ट से आधारभूत बेंगनी रंजक को निकालना: आधारभूत बेंगनी रंजक से रंगे हुए ऊनी वस्त्रों द्वारा उत्पन्न अपशिष्ट से बचे हुए रंग को निकालने का प्रयास किया गया। अधिशोषक के रूप में नेनो चिकनी मिट्टी नेनो सीलीका का चयन किया गया तथा रंजक अपशिष्ट को उनकी विभिन्न सांद्रता एवं समय के लिए उपचारित किया गया। फोटो केलोरीमीटर की सहायता से रंग निष्कासन का विश्लेषण किया गया। रंग निश्कासन में नेनो अणुओं की क्षमता की व्यवसायिक सक्रिय कार्बन से तुलना की गई। यह देखा गया कि कम सांद्रता पर नेनो सीलीका की रंग निष्कासन क्षमता अधिक होती है हालांकि नेनो चिकनी मिटटी की क्षमता अधिशोषक की उच्च सांद्रता पर बढ़ती है। नेनो चिकनी मिटटी मिथाई की वेल्यू दर नेनो सीलीका की दर से लगभग दुगनी होती है जो अधिक रंग निष्कासन क्षमता दर्शाता है। रंजक अपशिष्ट का BOD 1825 मिग्रा/मिली का सभी अधिशोषकों से BOD महत्व में सार्थक कमी की। BOD कम करने के लिए नेनो सीलीका (58.7 मिग्रा/मिली) की अपेक्षा नेनो चिकनाई मिटटी (9.1 मिग्रा/मिली) उत्तम पायी गई तथा यह सक्रिय कार्बन उपचार (8.2 मिग्रा/मिली) के BOD महत्व के समान रही। इसी तरह रंजक अपशिष्ट की COD महत्व 7045 मिग्रा/मिली था। नेनो चिकनी मिटटी से उपचार करने पर यह महत्व कम होकर 35.2 मिग्रा/मिली पर आ गया जो कि सक्रिय कार्बन से उपचारित रंजक अपशिष्ट के COD महत्व के लगभग बराबर था। नेनो सीलीकासे उपचार करने के पश्चात रंजक अपशिष्ट ने 252.2 मिग्रा/मिली का BOD महत्व दर्शाया।

वस्त्रों की मूगफली के छिलके के सत से रंगाई : जलीय शोधन द्वारा भुने हुए मुगफली के छिलके (अरेकाईसी पोगीया) से वस्त्र श्रेणी रंजक शोधित किया। रंजक का फाइटोरसायन पराबेंगनी द्रश्यमान स्पेक्ट्रोस्कोपी तथा FTIR विश्लेषण पर चित्रण किया गया। सूती, रेशमी एवं ऊनी वस्त्रों को विभिन्न तापमानो पर सूक्ष्म तंरगीय ऊर्जा का प्रयोग करते हुए बिना किसी मोरडेन्ट्स के प्रयोग के रंगा गया। रंगे हुए वस्त्रों का उनके रंग मूल्यो, स्थिरता गुणो तथा पराबेंगनी संरक्षक कारकों के लिए मूल्यांकन किया गया। सभी रंगे हुए नमूनों में 30 °से. पर l* value का उच्च दशा पर रहना दर्शाती है कि कम से कम रंजक की ग्राहता के कारण से रंग हल्का था। रंगाई के अन्य तरीको में l* value कम होती है। रेशमी नमूनों को 60°से. पर रंगने से अधिकतम a* value (13.07) अर्थात लाल रंगत दर्शाता है। ऊनी नमूने जिन्हे 30 °से. पर रंगा गया में सबसे कम a* value (3.57) दर्शाई गई। सूक्ष्म तरंगीय ऊर्जा का उपयोग करते हुए ऊन की रंगाई करने पर अधिकतम 15.37 की b* value अर्थात नीली रंगत दर्शाता है। सबसे कम b* value (8.21) सूती नमूनों को 30°से. पर रंगने से पायी गई। K/S मूल्य रेशमी वस्त्र में को 90°से. पर रंगने से अधिकतम (27.0) तथा 30 °से. पर रंगने से न्यूनतम (7.2) रही।

मूंगफली छिलको से रंजित वस्त्र

सभी रंगे हुए नमूनों में धुलाई दृढता दर निर्धारण 3/4 से 4/5 के मध्य पायी गई। 12 रंगे हुए नमूनों में से, 9 नमूनों में 4 एवं अधिक की दर निर्धारण दर्शाई गई। यह दर्शाता है कि वस्त्र के साथ रंग मजबूती से आसक्त होते है। रंगे हुए नमूनों की चमक दृढता का 5/6 से 7 की दर निर्धारण होना रंजक में प्रकाश के लिए पर्याप्त दृढता होने की तरफ इशारा करता है। मूगफली छिलका सत में उपस्थित क्रियाशली समूहों को समझने के लिए FTIR विश्लेषण किया गया। सभी वस्त्रों ने रंजक से प्राप्त संबंधता दर्शायी। सभी वस्त्रों में समान रंगाई देखी गई। रंगे हुए वस्त्रों के परावेंगनी सुरक्षा कारक 65 तक पाया गया। अशोधित रंजक की प्राप्ति 22.8 प्रतिशत थी। यह निष्कर्ष निकाला गया कि भुने हुए मुगफली छिलका एक कृषि प्रसंस्करण अपशिष्ट है जिसे वस्त्रों के रंगने हेतु सफलतापूर्वक काम में लिया जा सकता है।



मूंगफली छिलको का FTIR वर्ण–पट

नेनो सीलिका का उपयोग करते हुए ऊन/ एरी रेशम वस्त्रों का पानी प्रतिरोधी परिष्करण : पानी प्रतिरोधी गुण के लिए ऊन/एरी रेशम संयोजन वस्त्रों पर नेनो सीलिका का लेप किया गया। नेनो सीलिका के निष्कासन हेतु चावल भूसी (पर्यावरण हितैषी कृषि अपशिष्ट) का प्रयोग किया गया। निष्कासित नेनो सीलिका को संयोजित वस्त्रों पर पेड़–ड्राई–क्यूर पद्धति द्वारा लेप किया गया। अनुपचारित संयोजित वस्त्र में सम्पर्क कोण 93.7° था जो नेनो सीलिका के प्रयोग के बाद 156.2° तक बढ गया। नेनो सीलिका एवं सीलोकोन बहुलक से उपचारित संयोजन वस्त्र में सम्पर्क कोण 139.5° से 156.2° तक बढा। नेनो सीलिका का सांद्रता के साथ जल सम्पर्क कोण में धनात्मक प्रवृति देखी गई। सभी उपचारों में >90° का सम्पर्क कोण दर्ज कराया जो वस्त्रों की पानी प्रतिरोधक प्रवृति दर्शाता है।

पनरोक समाप्ति के लिए नैनो सिलिका से उपचारित वस्त्र

नमूना	सम्पर्क कोण (°)	फुहार परीक्षण दर	सफेदी सूचकांक	पीलापन सूचकांक	चमकपन सूचकांक
नियंत्रित	93.7	0	31.012	24.132	55.205
1.0% नैनो सिलिका	140.6	50	30.827	23.890	56.415
2.5% नैनो सिलिका	156.2	50/70	30.169	24.066	55.654
5.0% नैनो सिलिका	145.4	50	31.234	24.035	56.447
7.5% नैनो सिलिका	134.8	50	29.067	24.904	55.001
1.0% बहुलक	139.5	80	31.188	24.123	56.715
1.0% नैनो सिलिका + बहुलक	148.1	80/90	32.782	23.441	57.198
2.5% नैनो सिलिका + बहुलक	156.2	70/80	34.275	23.048	59.118
5.0% नैनो सिलिका + बहुलक	145.4	80	32.906	23.559	57.915
7.5% नैनो सिलिका + बहुलक	145.5	80	28.511	25.032	53.966

रोग निगरानी, निदान एवं प्रबंधन



बदलती व्यापक रोग–विज्ञान का मूल्यांकन एवं आर्थिक रूप से महत्वपूर्ण भेड़ व बकरीयों की बीमारियों के प्रबंधन पर संस्थान परियोजना (एएच/01/01/17–20)

जी.जी. सोनावणे, एफ.ए. खान, सी.पी. स्वर्णकार, डी.के. शर्मा, ज्योति कुमार (01.08.17 से), चन्दन प्रकाश (24.07.17 से) एस.जे. पडियान (29.01.17 से) एवं ए. साहू

भेड़ एवं बकरी में मृत्यु दर का पार्श्वचित्र : भेड़ एवं बकरीयों में प्रति 1000 पशु दिवस पर सकल वार्षिक तुल्यांक औसत मृत्युदर (EADR) क्रमशः 0.2336 एवं 0.0777 रही। भेड़ों के रेवड़ों में निमोनिया (19.4 प्रतिशत), आंत्रशोध (15.6 प्रतिशत), सेप्टीसीमिया (9.7 प्रतिशत) यकृत शोध (9.1 प्रतिशत), तथा कब्ज (5.9 प्रतिशत) मृत्यु के प्रमुख गैर विशिष्ट कारण रहे। विशेष कारणों में खनिज तत्वों की कमी वाले रोग जोहनिज बीमारी तथा नवजात मेमनों के भूखे रहने का योगदान कुल मृत्यु का क्रमशः 2.7, 2.7, व 2.5 प्रतिशत रहा। नस्ल वार वार्षिक तुल्यांक औसत मृत्युदर न्यूनतम मालपुरा में (0.1565) तत्पश्चात अविकालीन (0.2244), जीएमएम (0.2268), अविशान (0.3102), पाटनवाड़ी (0.3149) तथा अधिकतम गैरोल/केन्द्रपाडा (0.6891) में रही। आयुवार विश्लेषण से पता चलता है कि वार्षिक तुल्यांक औसत मृत्युदर दूध पीते हुए मेमनों में सर्वाधिक (0.612) तत्पश्चात दूध छुडाए मेमनों (0.303), वयस्क (0.179), तथा सबसे कम होगेट (0.084) में रही। मादाओं (0.181) की तुलना में नरों में (0.342) सकल वार्षिक तुल्यांक औसत मृत्युदर अधिक रही। मासिक मृत्युदर 0.29



अविकानगर पर भेड़ एवं बकरियों में सकल वार्षिक तुल्यांक औसत मृत्यु दर

प्रतिशत (नवम्बर) से 1.32 प्रतिशत (मई) तक रही। वर्ष 2017–18 के दौरान स्वास्थ्य प्रबंधन पर कुल व्यय (प्रति पशु/वर्ष) भेड़ एवं बकरियों के लिए क्रमशः 85.20 एवं 115.23 रूपये रहा।

रोग अन्वेषणः ऊतक विकृति अध्ययन पर तीव्र/दीर्घकालीक स्पुरेटिव ब्रोंकोन्यूमोनिया, रक्तस्त्रावी आंत्रशोथ, तीव्र इंटरस्टीसीयल निमोनिया, सेप्टीसीमिया, यकृतशोथ तथा पेराट्यूबरकुलोसिस, प्रमुख दशाऐ पहचानी गई। भेड़ एवं बकरीयों के 175 मिगनियों के नमूनों में से 45 (29.0 प्रतिशत) नमूने एसिड फास्ट जीवाणुओं के लिए सकारात्मक पाए गए। भेड़ व बकरीयों के 105 नमूनों में से 23.52 प्रतिशत नमूने (भेड़ से) आरबीपीटी जाँच में ब्रुसीलोसिस के लिए सकारात्मक पाए गए। संस्थान के बकरियों के रेवड़ की ब्रुसीलोसिस के लिए आरबीपीटी तथा indirect ELISA kit (NIVEDI, बैंगलूरू) से जाँच क्रमशः शुन्य एवं 0.19 प्रतिशत (1/536) सकारात्मकता दर्शाती है।

बाईबरस्टीनीया ट्रेहेलोसी का पता लगाने हेतु आणविक परखः निमोनिया से ग्रसित भेड़ से पृथक किए गए बी. ट्रेहेलोसी से DNA सत निकाला गया। बी. ट्रेहेलोसी के मेगनीज–निर्भर सुपरोक्साईड डायसम्यूटेज (*SodaA*) जीन को लक्षित करते हुए प्राईमरो (F: 5'-GCCTGCGGACAAACGTGTTG-3' एवं R: 5'-TTCAACAGAACCAAAATCACGAATG-3') का प्रयोग किया गया। सभी सात पृथकों के लिए लक्षित *SodaA* जीन के 144 bp खण्ड का परिवर्धन प्राप्त किया गया। SYBR- ग्रीन 1 पहचान तथा T_m विश्लेषण के साथ Step one plus system (Applied Biosystem) का प्रयोग करते हुए वास्तविक समय PCR किया गया। बी. ट्रेहेलोसी के सभी सात नमूने जो कि पारम्परिक PCR पर सकारात्मक थे SYBR ग्रीन वास्तविक समय PCR पर भी सकारात्मक पाये गये। पिघलन वक्र का विश्लेषण वांछित उत्पाद के लिए T_m ~79.36° से. पर विशेश शिखर दर्शाता है। टेम्पलेट रहित नियंत्रित कुओं में किसी भी प्रकार का परिवर्धन पिघलन वक्र, परिवर्धन व जेल इलेक्ट्रोफोरेसिस पर नहीं पाया गया।

मेनहीमीया हिमोलिटिका का PCR आधारित पहचान एवं चरित्र चित्रणः एम हिमोलिटिका पृथक्कों का नाभकीय अम्ल आधारित पहचान तरीकों से विशेष रूप से पहचान व चरित्र चित्रण करने हेतु एम. हिमोलिटिका के मेगनीज आधारित सुपर ऑक्साईड डिसम्यूटेज (*SodaA*), O-सायलोग्लाईको प्रोटीन एण्डोपेप्टाईडेज (*gcp*) तथा ल्यूकोटोक्सीन A (*lktA*) जीनों के लिए प्राईमर संश्लेषित किए गये।

लक्षित जीन	श्रृंखला (5'–3')	एम्प्लिकॉन आकार (बीपी)
sodA MH F sodA MH R	AGCAGCGACTACTCGTGTTGGTTCAG AAGACTAAAATCGGATAGCCTGAAACGCCTG	143
gcp MH F gcp MH R	AGAGGCCAATCTGCAAACCTCG GTTCGTATTGCCCAACGCCG	267
lktA F lktA R	CTTACATTTTAGCCCAACGTG TAAATTCGCAAGATAACGGG	~500

SodaA, *gcp* एवं *lktA* जीन के लिए क्रमशः वांछित 144, 267 एवं लगभग 500 bp आकार के एम्पिफकॉन बैंड का ईथिडीयम ब्रोमाईड रजिंत 2 प्रतिशत अगारोज जेल पर प्रत्येक्षीकरण कर PCR उत्पादों का विश्लेषण किया गया। ज्ञात एम. हिमोलिटीका पृथक सभी तीन जीनों के लिए सकारात्मक पाये गये। नकारात्मक नियंत्रित एवं ज्ञात नकारात्मक (ई. कोलाई) के लिए कोई परिवर्धन नही देखा गया।



PCR पर बी. ट्रेहलोसी का *soda* A जीन (पंक्ति 1: 100 बीपी DNA चिंहक, 2–6: *soda* A जीन के 144 बीपी एम्पलीकॉन, 7: विदित निगेटिव, 8:निगेटिव नियंत्रित)



PCR पर एम. हिमोलिटिका के *soda A* एवं *gcp* जीन
(पंक्ति 1: 100 बीपी DNA चिंहक, 2: *soda* A जीन के 143 बीपी एम्पलीकॉन, 3: *gcp* जीन के 267 बीपी एम्पलीकॉन, 4: विदित निगेटिव, 5: निगेटिव नियंत्रित)

PCR पर एम. हिमोलिटिका का *lktA* जीन (पंक्ति 1: 100 बीपी DNA चिंहक, 2–7: *lktA* जीन के ~ 500 बीपी एम्पलीकॉन, 8:निगेटिव नियंत्रित)

मेनहीमीया हिमोलिटिका की पहचान हेतु SYBR ग्रीन वास्तविक समय PCR : निमोनिया से ग्रसित भेड़ से पृथक किए गये एम. हिमोलिटिका से DNA सत निकाला गया। एम. हिमोलिटिका के सीरोटाईप विशेष प्रतिजन *(ssa)* जीन को लक्षित करते हुए PHSSA प्राइमरो का संश्लेषण किया। एम. हिमोलिटिका विशेष PHSSA अग्र प्राईमर (5'-TTCCATCTTCATCCTC-3') तथा उत्क्रम प्राईमर (5'-TTTTCATCCTCTTCGTC-3') के साथ गुणसुत्रीय DNA से *ssa* जीन को परिवर्धित किया। SYBR ग्रीन 1 पहचान तथा T_m विश्लेषण के साथ Step one plus system (Applied Biosystem) का प्रयोग करते हुए वास्तविक समय PCR किया गया। एम. हिमोलिटिका के सभी 15 ज्ञात पृथक SYBR ग्रीन वास्तविक समय PCR पर सकारात्मक पाये गये। मोजूदा क्रियाशील अवस्थाओं में पिघलन वक्र विश्लेषण T_m ~81.35° से. पर वांछित उत्पाद के लिए विशेष शिखर दर्शाता है। टेम्पलेट रहित नियंत्रित कुओं में किसी भी प्रकार का परिवर्धन, पिघलन वक्र, परिवर्धन प्लोट व जेल इलेक्ट्रोफोरेसिस पर नहीं पाया गया।

कोराईनीबेक्टीरियम श्यूडोट्युबरकुलोसिस की पहचान हेतु SYBR ग्रीन वास्तविक समय PCR : Caseous lymphadenitis से ग्रसित भेड़ व बकरियों से पृथक किए गये सी. श्यूडोट्युबरकुलोसिस के प्रारूप शुद्ध संवर्धन से प्राप्त colonies से जीवाणुवीय जिनोमिक DNA का सत निकाला गया। सी. श्यूडोट्युबरकुलोसिस के विख्यात ओलिगोपेप्टाईड/डाईपेप्टाईड ABC संवाहक जीनों को लक्षित करते हुए प्राईमर्स का संश्लेषण एवं SYBR ग्रीन वास्तविक समय PCR हेतु प्रयोग किया गया। गुणसुत्रीय DNA से अग्र प्राईमर (5'-

CCTTACCGAGACAACGTCAT-3') तथा उत्क्रम प्राईमर (5'-GCCTGGTGCTTATCATTGAT-3') द्वारा ABC संवाहक जीनों के 285 bp खण्ड को परिवर्धित किया।

वास्तविक–समय PCR पर एम. हिमोलिटिका का *PHSSA* जीन (पंक्ति 1: 100 बीपी DNA चिंहक, 2–9: *PHSSA* जीन के 325 बीपी एम्पलीकॉन, 10:विदित निगेटिव, 11: निगेटिव नियंत्रित)

वास्तविक–समय PCR पर सी. श्युडोट्यूबरकुलोसिस का ABC संवाहक जीन (पंक्ति 1: 100 बीपी DNA चिंहक, 2–6: ABC संवाहक जीन के 285 बीपी एम्पलीकॉन, 7:विदित निगेटिव, 8: निगेटिव नियंत्रित)

SYBR ग्रीन वास्तविक समय PCR पर भेड़ व बकरियों के सभी 25 सी. श्यूडोट्युबरकुलोसिसपृथक ABC संवाहक जीन के लिए सकारात्मक पाये गये। पिघलन वक्र विश्लेषण वांछित 285 bp उत्पाद के लिए T_m ~81.32° से. पर एक विशेष शिखर दर्शाता है। टेम्पलेट रहित नियंत्रित कुओं में किसी प्रकार का परिवर्धन पिघलन वक्र, परिवर्धन plot व जेल इलेक्ट्रोफोरोसिस पर नहीं पाया गया। रोडाकोकस इक्वाई, ई. कोलाई, स्टेफाइलोकोकस ओरियस, एम. हिमोलिटिका, पी. मल्टोसीडा, बी. ट्रेहेलोसी के नाभकीय अम्ल सत का प्रयोग करते हुए PCR assay की विशेषता के लिए भी जाँच की गई तथा प्रतिदीप्ति में कोई वृद्धि नहीं देखी गई।



एम. हिमोलिटिका से *PHSSA* जीन का पिघलन वक्र



बी. ट्रेहलोसी से *soda* A जीन का पिघलन वक्र



सी. श्युडोट्यूबरकुलोसिस का *ABC* संवाहक जीन का पिघलन वक्र



सी. श्युडोट्यूबरकुलोसिस का *ABC* संवाहक जीन का घोतक संवर्धन क्षेत्र

सिरोही बच्चों में कमर तथा पैरों में अकडन पर अनुसंधान एवं चिकित्सकीय प्रबंधन : सन् 2017 में सामान्य पेदा हुए बच्चों में से 7 बच्चों (7–11 दिन की उम्र के) द्वारा चिकित्सीय लक्षण जैसे सर्वप्रथम किसी एक कान का अकडना एवं सीधा तना रहना, कमर का अकडना, पीछे के पैरों का कार्पल जोड़ से लम्बवाही, लहराती चाल, भूख न लगना, कमजोरी होना तथा शुरूआत में पीछे के पैरों में लकवा शुरू होकर आगे के पैरों व गर्दन तक बढ़ना तथा बाद में उदरीय श्वसन व 2–3 दिनों में मृत्यु होना दर्शाये गये। बीमारी का प्रारम्भ सामान्यतया 5–11 दिन की उम्र पर हुआ। चिकित्सकीय परीक्षण पर कमर व पीछे के पैरों में ऐठन व जकडन, सार्थक रूप से कम गुदा तापमान, बढी हुई हृदय तथा श्वसन दर तथा श्लेष्मा झिल्ली में पीलापन वरक्त अल्पता देखी गई। तंत्रकीय जाँच पर उदास मानसिक अवस्था व पीछे के पैरों में भय, पटेलर एवं सूई चूभन क्रियाओं में कमी दर्शायी गई। तीन बच्चों को काफर ग्लाईसीनेट @ 60 मिग्रा. कुल मात्रा अधोत्वचीय से उपचारित किया गया लेकिन उपचार का प्रभाव नही हुआ तथा चार दिन बाद मृत्यु हो गई। इसके पश्चात चार बच्चों को विटामिन ई/सेलीनीयम @0.5 मिग्री अधोत्वचीय एक बार तथा खनिज मिश्रण @ 2–3 ग्राम/बच्चा/दिन 15 दिनों के लिए के साथ उपचारित किया गया। तीन मामले पूर्णरूप से ठीक हुए तथा एक बच्चे की मृत्यु हुई। इसी समय अप्रभावित बच्चों को 4 से 15 दिन की उम्र तक 2–3 ग्राम/बच्चा/दिन की दर से खनिज मिश्रण मुंह द्वारा दिया गया। जिससे कोई नया मामला नहीं आया तथा रोग को सफलापूर्वक नियंत्रित कर लिया गया। चिकित्सीय प्रदर्शन, रक्त रसायन जाँच तथा उपचार उपायों की अनुक्रिया विलबिंत तरह की ताम्र कमी होना सुझाती है। लेकिन रोग के सही निदान पर पहुचने के लिए अन्य तत्वों जैसे सेलीनीयम, मोलीबडेनम का आँकलन करने की आवश्यकता है। उपचार क्षमता एवं रोकथाम तरीका दर्शाता है कि बच्चों को 4 या 5 दिन की उम्र के पश्चात 2–3 ग्राम/दिन/बच्चा की दर से खनिज मिश्रण की पूरक खिलाई से रोग का प्रबंधन किया जा सकता है। इसी तरह संभावित खनिज तत्व की कमी का रोग लघु एवं मुख्य जनन काल (2017–18) में उत्पन्न हुए अविशान मेमनों में भी देखा गया तथा सभी मेमनों को 5 दिन की उम्र से खनिज मिश्रण देकर रोग को प्रबंधित किया गया।

बकरियों के बच्चो में जोड़ो पर दबाव,पार्श्व लेटना तथा पिछले पैरों का विस्तार

मेमनों में यकृत शोथ : अगस्त 2017 से मार्च 2018 तक, 16 भेड़ों के शव (11 नर व 5 मादा, 3–6 महीने की उम्र) समान रूप से पीलीया से ग्रसित प्राप्त किये गये। शव–परीक्षण पश्चात तीव्र पीलीया, मध्यम से तीव्र रूप से विस्तारित यकृत, पीली/नारंगी रंग की यकृत सतह, गुर्दों एवं फेफड़ों में रक्त संकुलन, श्वसन नलिका में झाग, गुर्दो में केर्टिकोमेडुलरी विभेद का अंत, रूमन एवं आंत में सडाव व मिट्टी होना, छोटी आंत की सीरोसल सतह पर कालापन होना तथा हृदय की बाहरी झिल्ली पर खून के धब्बे होना पाया गया।

मेमनों में यकृत शोथ

खरगोशों में आंत्रशोथ: दूध छुडाए खरगोशों की कुल मृत्यु में से लगभग 80 प्रतिशत की अत्यधिक दस्त व निर्जलीकरण से मृत्यु होना पाया गया। प्रतिजीवी दवाओं के साथ पारम्परिक उपचार सफल नही रहा। हालांकि प्रारम्भिक परीक्षण में प्रोबायोटिक के साथ वेकल्पिक उपचार से चिकित्सकीय सुधार में ज्यादा प्रभाव दर्शाती है।

पोषिता पोषण का भेड़ में हिमोंकस कन्टार्ट्स की रोकथाम में भूमिका : एलोविरा, केक्टस, नरगुंडी (वाईटेक्स नेगुंडो) तथा छोटा गोखरू (ट्राईबुलस टेरिसट्रिस) की पत्तिया व तनों को एकत्रित कर कमरे के तापमान पर सुखाकर पाउडर बनाया। लार्वा विकास पर सूखे हुए पौध सामग्री की प्रभाविता का मूल्याँकन करने हेतु शुरूआत में हि. कन्टार्ट्स से संक्रमित भेड़ की मिंगनियों का प्रयोग करते हुए गुणात्मक मल संवर्धन कार्यप्रणाली का प्रयोग किया गया।

सभी पौध अवयवों द्वारा हि. कन्टार्ट्स के लार्वा विकास में कमी का प्रतिशत, 95 प्रतिशत से ज्यादा लार्वा का विकास रोकने की क्षमता दर्शाते है। आगे इन पौध अवयवों का अशोंधित सत (जलीय, ईथेनोलिक व मिथेनोलिक प्रत्येक पौधे से 200 ग्राम सामग्री के 1000 मिली विलायक के साथ कक्षीय शेकर में रात भर निष्कर्षण कर प्राप्त किया गया। विलायक को पहले उद्धापक तथा अंत में गर्म हवा ओवन में 45–50° से. तक वाष्पीकृत कर निकाला गया। इन विट्रो अण्डे सेना एवं लार्वा विकास परख पर नियंत्रित की तुलना में एलोई वेरा के दोनों ईथेनोलीक व मिथेनोलिक सत् के बहुत कम स्तर पर अण्डों को सेने के लिए रखा गया। ये सत् लार्वा के विरूद्ध भी प्रभावी पाये गये जैसे कि 75, 37.5 व 18.7 मि.ग्रा. प्रति मिली सांद्रता पर 90 प्रतिशत से ज्यादा मृत्यु हुई। छोटा गोखरू पत्तियों के तीन सत् द्वारा दोनों अण्डे सेने तथा लार्वा विकास पर उल्लेखनीय प्रभाव दर्शाया गया। नारगुंडी पत्तियों के जलीय सत् में बहुत कम अण्डों को मारने की क्रिया पाई गई जबकि लार्वा के विरूद्ध उत्कृष्ट क्रिया होना पाई गई। ईथेनोलिक सत् में उत्कृष्ट अण्ड मारक एवं लार्वा मारक क्रिया होना पाया गया। नियंत्रित कि अपेक्षा मिथेनोलिक सत् द्वारा बहुत कम अण्डों की सेने के लिए अनुमति दी गई।

पौध चूर्ण से हिमांकस कन्टार्ट्स लार्वा में कमी

उपचार	प्रतिशत कमी
एलोविरा पत्तियां	
100 मिग्रा	97.7
200 मिग्रा	100.0
300 मिग्रा	100.0
नियंत्रित (बिना एलोविरा पत्तियां)	–
कैक्टस	
100 मिग्रा	92.4
200 मिग्रा	96.2
300 मिग्रा	96.7
400 मिग्रा	100.0
नियंत्रित (बिना कैक्टस)	–
छोटा गोखरु पत्तियां	
100 मिग्रा	21.1
200 मिग्रा	56.7
300 मिग्रा	97.5
नियंत्रित (बिना छोटा गोखरु पत्तियां)	–
नारगुंडी पत्तियां	
100 मिग्रा	98.1
200 मिग्रा	100.0
300 मिग्रा	100.0
नियंत्रित (बिना नारगुंडी पत्तियां)	–

भेड़ों में हिमांकस कटांर्टस के विरूद्ध प्रतिरोधतकता हेतु आनुवंशिकीय मूल्यांकन एवं विस्तारीकरण पर संस्थान परियोजना (एजीबी/01/03/17–20)

एस.एस. मिश्रा, सी.पी. स्वर्णकार, गोपाल गोवाने, राजीव कुमार एवं आई.एस. चौहान (26.02.2018 से)

हिमांकस कटांर्टस प्रतिरोधक रेवड़ की विस्तार हेतु मालपुरा एवं अविकालीन नस्लों की विभेदी लाईनों में चयन एवं *inter se* समागम का प्रयोग किया जा रहा है।

प्राकृतिक अवस्था में मेमनों में स्ट्रोंगाईल संक्रमण की तीव्रता का स्तर : वर्ष 2016–17 में *inter se* समागम से उत्पन्न 135 मेमनों के आधार पर प्रथम संक्रमण अवस्था (सितम्बर) पर पितानुसार मेंगनियों में औसत अण्डों की संख्या शून्य से 5700.0 अण्डे प्रतिग्राम मालपुरा भेड़ों में तथा 200.0 से 13100.0 अन्डे प्रतिग्राम अविकालीन में पाई गई। पुनः संक्रमण अवस्था (नवम्बर) पर मेंगनियों में औसत अण्डों की संख्या 100.0 से 716.7 अण्डे प्रतिग्राम मालपुरा में तथा शून्य से 466.7 अंडे प्रतिग्राम अविकालीन भेड़ में पाई गई।

नस्ल विविधता के अन्दर विभेदी लाइनों का चयन : पुनः संक्रमण अवस्था पर संवेदनशील लाइन (एस) में प्रतिरोधी लाइन की अपेक्षा लगभग 3.5 एवं 2.5 गुना अधिक संक्रमण तीव्रता क्रमशः मालपुरा एवं अविकालीन की चयनित संततियों में पाई गई। मालपुरा एवं अविकालीन भेड़ों में 2004–17 में दवा पिलाने से पूर्व अवस्था पर मेंगनियों में अंड़ों की संख्या के लिए आनुवंशिकता आँकलन क्रमशः 0.18 एवं 0.21 तथा दवा पिलाने के बाद की अवस्था पर क्रमशः 0.11 एवं 0.14 रहा।

चयनित लाईनों की क्षमता: दोनों नस्लों की संवेदनशील लाईन वाली भेड़ों को जिन्हें सितम्बर माह में अंतःकृमिनाशक

दवा द्वारा उपचारित किया गया की तुलना में प्रतिरोधी लाईन में बिना अंतःकृमिनाशक दवा दिए मेंगनियों में मासिक औसत अंडों की संख्या सार्थक रूप से कम रही। प्रारम्भिक शारीरिक भार की तुलना में वर्ष के अंत में मालपुरा नस्ल में 6.42 (आर लाइन) से 10.31 प्रतिशत (एस लाइन) तक तथा अविकालीन में 9.55 (एस लाइन) से 10.99 प्रतिशत (आर लाइन) तक वृद्धि पाई गई। दोनों नस्लों की लाईनों में औसत वार्षिक ऊन उत्पादन लगभग समान रहा। समागम के आधार पर आर लाईन (93.75 प्रतिशत) की तुलना में एस लाइन में 96.30 प्रतिशत प्रजनन दर पाई गई। वार्षिक मृत्यु दर मालपुरा में 4.63 (आर लाइन) से 5.81 प्रतिशत (एस लाइन) तक तथा अविकालीन में 1.59 प्रतिशत (आर लाइन) से 9.09 प्रतिशत (एस लाइन) तक पाई गई।



मालपुरा भेड़ों की विभेदी लाईनों में स्ट्रोंगाईल संक्रमण की मासिक तीव्रता
(तीरः केवल एस लाईन में रणनीतिक अंतःकृमिनाशक दवा का हस्तक्षेप)

वर्ष 2017 के दौरान चयनित पशुओं में वृद्धि एवं ऊन उत्पादन : मालपुरा की प्रतिरोधी एवं संवदेनशील लाइनों में चयनित संततियों में 6–12 माह की उम्र पर (उच्च संक्रमणता के दौरान) औसतन दैनिक भार वृद्धि क्रमशः 50.94 एवं 34.61 ग्राम रही। इसी प्रकार अविकालीन में यह 24.33 एवं 32.61 ग्राम रही। चयनित संततियों में वार्षिक चिकनाईयुक्त ऊन उत्पादन मालपुरा नस्ल में 1.24 (एस लाइन) से 1.58 किग्रा. (आर लाइन) तथा अविकालीन नस्ल में 1.56 (आर लाइन) से 1.65 किग्रा. (एस लाइन) में रहा।

चयनित पशुओं से उत्पन्न पशुओं का आंकलन : संवेदनशील मेढ़ों से उत्पन्न संततियों की तुलना में प्रतिरोधी मेढ़ों से उत्पन्न संततियों की मेंगनियों में अंडों की संख्या सार्थक रूप से कम पाई गई। जन्म से 12 माह की आयु तक दोनों लाइनों में दैनिक औसत भार वृद्धि लगभग समान थी जो कि प्रतिरोधी एवं संवेदनशील लाइन में क्रमशः 87.25 एवं 90.74 ग्राम मालपुरा में तथा 87.25 एवं 81.78 ग्राम अविकालीन में रही।



भेड़ों की विभेदी लाईनों में उत्पन्न संततियों में स्ट्रोंगाईल संक्रमण की तीव्रता

चयन सूचकांक का निर्माण : आनुवंशकीय आंकलन का मध्यम (0.18–0.21) होना प्रथम संक्रमण अवस्था पर मेमनों के चयन की संभावना दर्शाता है। AIREML द्वारा प्राप्त (सह) भेदआंकलन एवं आनुवंशकीय मापदण्ड निम्न प्रकार है :

भेड़ों की मेंगनी में अंड़ों की संख्या के लिए (सह) भेद अवयवों तथा आनुवंशिक मापदंडों का आँकलन

मापदंड	मालपुरा		अविकालीन	
	नेव	एक्सपोज्ड	नेव	एक्सपोज्ड
भेद				
प्रत्यक्ष योगशील	0.19±0.04	0.09±0.03	0.21±0.04	0.03±0.03
अवशिष्ट	0.87±0.04	0.67±0.03	0.76±0.04	0.83±0.04
प्रारुपी	1.06±0.03	0.75±0.02	0.97±0.04	0.86±0.04
आनुवंशिकता (h^2)	0.18±0.04	0.11±0.03	0.21±0.06	0.04±0.03
लोग संभाव्यता	−600.4	−546.3	−1142.9	−750.4

प्रथम संक्रमित अवस्था को लक्षित करते हुए चयन सूचकांक निर्माण हेतु FEC का आर्थिक मूल्य (प्रति किग्रा मांस बेचने पर होने वाली प्राप्ति के आधार पर) −0.25 निर्धारित किया गया। मालपुरा एवं अविकालीन भेड़ों के लिए उच्च यथार्थता के साथ सूचकांक क्रमशः I = 0.449 (FEC) + 0.088 (6WT) + 0.406 (12WT) तथा I = 0.23 (FEC) + 0.151 (12WT) सही पाये गये। यह अध्ययन दर्शाता है कि मध्यम आंकलन के कारण द्वि–स्तरीय चयन पद्धति (i) आर एवं एस लाईन के लिए निर्धारित कट ऑफ के अनुसार सभी भेड़ों का आंकलन एवं चयन (ii) गैर आनुवंशिकीय कारकों को समायोजित कर 6 माह के शारीरिक भार हेतु सभी भेड़ों का आंकलन एवं श्रेणीक्रम द्वारा करना चाहिए।

आण्विक अध्ययन : आर एवं एस लाईन के परिश्कृत DNA से MHC जीन DAQA1, DQB एवं DQB2 जीन लोकस को अध्ययन हेतु लक्षित किया गया।

आंत्रशोथ परजीविता पर अखिल भारतीय नेटवर्क कार्यक्रम

सी.पी. स्वर्णकार, डी. सिंह (30.11.2018 तक) एवं एफ.ए. खान

जैव जलवायु चित्रण के अनुसार राजस्थान में हिमांकस कन्टार्ट्स के प्रसार के लिए अनुकूल अवधि जून से अगस्त के मध्य (अर्ध–शुष्कीय क्षेत्र में कुछ लम्बे समय के लिए) देखी गई।

भेड़ों के रेवड़ में परिवर्तित कृमि प्रबंधन कार्यक्रम (MWMP) के प्रभाव का मूल्यांकन : भेड़ों से 7754 मिंगनियों के नमूनो (25 प्रक्षेत्र तथा 5 फार्म रेवडों) का आंकलन राजस्थान के फार्म एवं प्रक्षेत्र में पाली गई भेड़ों के रेवड़ में स्ट्रोन्गाईल कृमियों की प्रभावित दर में मासिक भिन्नता दर्शाता है। एक समान कृमि प्रबंधन की पद्धति से, अर्ध–शुष्कीय क्षेत्र में स्ट्रोन्गाईल संक्रमण की मासिक प्रभाविता दर अधिक रही। प्रक्षेत्र के रेवड़ों में स्ट्रोन्गाईल कृमियों की मासिक प्रभाविता दर शुष्कीय क्षेत्र में शुन्य (मार्च) से 73.3 प्रतिशत (अगस्त) तक MWMP की तुलना में अर्धशुष्कीय क्षेत्र में 29.9 प्रतिशत (फरवरी) से 96.3 प्रतिशत (अगस्त) CWMP में तथा 45.9 प्रतिशत (फरवरी) से 88.3 प्रतिशत (अक्टूबर) MWMP के तहत पायी गई। मरू क्षेत्रीय परिसर, बीकानेर के रेवड़ों में MWMP के तहत मासिक प्रभाविता दर 5.3 प्रतिशत (मार्च) से 65.10 प्रतिशत (अगस्त) की तुलना में केन्द्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान, अविकानगर के रेवड़ों में 50.0 प्रतिशत (मार्च) से 98.9 प्रतिशत (सितम्बर) रही। ट्राईक्यूरिस प्रजाति की वार्षिक संक्रमण दर शून्य (शुष्कीय फार्म) से 0.58 प्रतिशत (अर्ध–शुष्कीय फार्म) तक रही। स्ट्रोंगाईलोईडिस पेपीलोसस का वार्षिक संक्रमण 0.40 प्रतिशत (शुष्कीय प्रक्षेत्र) से 24.01 प्रतिशत (अर्ध–शुष्कीय फार्म) तक रहा। अर्ध–शुष्कीय फार्म रेवड़ों में एस. पेपीलोसस की प्रभाविता जून से नवम्बर के दौरान अधिक (>25 प्रतिशत) रहा। अर्ध–शुष्कीय क्षेत्र के प्रक्षेत्र रेवड़ों में एम्पीस्टोम्स की वार्षिक प्रभाविता दर 10.06 प्रतिशत रही एवं यह 3.80 प्रतिशत (दिसम्बर से फरवरी) से 40.26 प्रतिशत (जून से अगस्त) के साथ स्पष्ट मौसमी भिन्नता दर्शाती है। फेसियोला जाईजेनटिका की वार्षिक प्रभाविता मात्र 0.03 प्रतिशत रही। सिस्टोसोमा ईंडिका की वार्षिक प्रभाविता दर 2.13 प्रतिशत रही तथा यह शून्य (मार्च से मई के दौरान) से 3.97 प्रतिशत तक (जून से अगस्त के दौरान) रही। रेवड़ों के दोनों प्रकार के प्रबंधन व्यवस्था में मोनिजिया संक्रमण की वार्षिक प्रभाविता दर शुष्कीय क्षेत्र की तुलना में अर्ध–शुष्कीय क्षेत्र में अपेक्षाकृत अधिक रही। आईमेरिया प्रजाति की वार्षिक प्रभाविता 21.70 प्रतिशत (शुष्कीय फार्म) से 33.43 प्रतिशत (अर्ध–शुष्कीय फार्म) तक रही। अर्ध–शुष्कीय क्षेत्र के प्रक्षेत्र रेवड़ों में मेंगनियों में अंड़ो की संख्या का मासिक औसत सार्थक रूप से (P<0.001) 108.8 (फरवरी) से 1720.5 अण्डे प्रति ग्राम (अगस्त) MWMP में तथा 66.2 (फरवरी) से 2258.5 अण्डे प्रति ग्राम (अगस्त) CWMP में रहा। शुष्कीय क्षेत्र में MWMP के तहत यह शून्य (मार्च) से 734.2 अण्डे प्रति ग्राम (अगस्त) रहा। फार्म के रेवड़ों के मध्य, स्ट्रोंगाईल संक्रमण की मासिक तीव्रता 129.0 (मार्च) से 4270.0 अण्डे प्रति ग्राम (सितम्बर) तक केन्द्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान अविकानगर में तथा 6.3 (मार्च) से 348.1 अण्डे प्रति ग्राम (अगस्त) तक मरू क्षेत्रीय परिसर बीकानेर में रही। कृमियों की व्यापकता वाले मौसम में, अर्ध–शुष्कीय क्षेत्र के प्रक्षेत्र में 10 प्रतिशत से कम की तुलना में फार्म में 50 प्रतिशत से अधिक भेड़ों में 1000 से अधिक अण्डे प्रति ग्राम होना पाया गया। विस्टा संवर्धन पर हिमांकस कन्टार्ट्स प्रमुख परजीवी तत्पश्चात ईसोफेगोस्टोमम एवं ट्राईकोस्ट्रोंगाईलस प्रजाति रही। अर्ध–शुष्कीय फार्म में अपेक्षाकृत अधिक परिमाण के साथ दोनों प्रक्षेत्र एवं फार्म परिस्थितियों में चारे का संक्रमण केवल मानसून के मौसम में ही देखा गया। चारे पर परजीवियों के लार्वा की उपलब्धता शुष्कीय फार्म में केवल अगस्त–सितम्बर के दौरान की तुलना में अर्ध–शुष्कीय फार्म में अधिक समयावधि (जुलाई से अक्टूबर) तक पायी गई।

कृमि प्रबंधन कार्यक्रम की उत्पादन अर्थनिति : प्रक्षेत्र के रेवड़ों में वार्षिक मेमना जन्म दर 95.27 (MWMP) से 99.35 प्रतिशत (CWMP) रही। वार्षिक रूग्णता दर 47.47 (MWMP) से 53.68 प्रतिशत (CWMP) तक रही। वार्षिक मृत्यु दर 3.45 (CWMP) से 3.61 प्रतिशत (MWMP) तक रही। प्रक्षेत्र स्तर पर प्रति 100 भेड़ों से शुद्ध वार्षिक आय रूपये 178864.0 (MWMP) से रूपये 194481.0 (CWMP) तक रही।

अनुरूपण एवं भविष्यवाणी कार्यक्रम (FROGIN) की क्षमता परीक्षण : फार्म के रेवड़ों में संक्रमण की तीव्रता जून से अगस्त के दौरान पूर्वानुमान एवं वास्तविक आधार पर अधिक देखी गई हालांकि सितम्बर माह में अधिकाधिक तीव्रता पाई गई। प्रक्षेत्र के दोनों तरह के रेवड़ों में पूर्वानुमानित एवं वास्तविक आधार पर संक्रमण की तीव्रता में लगभग समानता पाई गई।

हिमांकस कन्टार्ट्स में हाइबायोसिस पर अध्ययन : कुल 287 एबोमेजाई में से 75.6 प्रतिशत हिमांकस कन्टार्ट्स से संक्रमित पाए गए। एबोमेजाई की अधिकतम संख्या (40.0 प्रतिशत) केवल वयस्क हिमांकस कन्टार्ट्स तत्पश्चात 28.6 प्रतिशत दोनों वयस्क L_4 हिमांकस कन्टार्ट्स तथा 7.0 प्रतिशत केवल L_4 के लिए पाई गई। मासिक चित्रण सितम्बर से फरवरी तक केवल वयस्क कृमि वाले एबोमेजाई में तीव्र कमी दर्शाता है। एबोमेजम श्लेष्मा का पाचक करने पर नवम्बर से मार्च के दौरान हाईपोबायोटिक हिमांकस कन्टार्ट्स लार्वा सार्थक अनुपात में विद्यमान पाए गए। भेड़ों में वयस्क हिमांकस



भेड़ एबोमेजम में हिमांकस कर्न्टाट्स की संख्या

कर्न्टाट्स की मासिक औसत संख्या जून से सितम्बर तक की अवधि के दौरान 300 प्रति एबोमेजम से अधिक रही। ऐबोमेजम श्लेष्मा में L_4 की संख्या फरवरी से अक्टूबर तक कम तथा नवम्बर से जनवरी तक बढ़ती हुई दिसम्बर में अधिकतम (58.3 L_4/ऐबोमेजम) रही। ऐबोमेजम में वयस्क एवं L_4 के अनुपात का विश्लेषण दर्शाता है कि दिसम्बर–जनवरी के दौरान के L_4 अनुभाग की अधिकता (>50%) होती है।

तापीय आर्द्रता सूचकांक तथा भेड़ों में हिमांकस कर्न्टाट्स का विनियमन : अविकानगर में वर्ष 2012 से 2018 के दौरान मासिक औसत तापीय आर्द्रता सूचकांक का सार्थक रूप ($P<0.001$) से 15.74 (जनवरी) से 32.58 (जून) तक रहना दर्शाता है कि फार्म पर भेड़ों के रेवड़ों के लिए तनावमुक्त तथा अत्यधिक तनाव का समय क्रमशः नवम्बर से फरवरी तथा अप्रैल से अक्टूबर तक होता है। परिवर्तित कृमि प्रबंधन योजना के तहत मेंगनियों में अण्डों की संख्या तथा ऐबोमेजम में हि. कर्न्टाट्स (वयस्क एवं L_4) की संख्या का मासिक औसत सार्थक रूप से क्रमशः 251.52 (जनवरी) से 2763.54 अण्डे प्रति ग्राम (जुलाई), 18.21 (फरवरी) से 1510.41 प्रति भेड़ (सितम्बर) तथा 0.24 (जुलाई) से 46.82 प्रति ऐबोमेजम (जनवरी) रहा। पिछले कुछ वर्षों में मासिक तापीय आर्द्रता सूचकांक तथा परजीविता पर्यवेक्षण पर लगभग सभी मापदण्डों के मध्य समान संबंध दर्शाता है। तापीय आर्द्रता सूचकांक का दोनों मेंगनियों में अण्डों की संख्या तथा एबोमेजम में कृमियों की संख्या के साथ धनात्मक संबंध जबकि L_4 संख्या के साथ विपरित संबंध दर्शाता है।



मासिक मेंगनियों में अंडों की संख्या, एबोमेजल कृमि संख्या तथा तापमान आद्रता सूचकांक के मासिक औसत का चित्रण

सकल रूप से Pearson सह–संबंध पर मेंगनियों के अण्डों की संख्या तथा वयस्क कृमि संख्या के मध्य (r^2= 0.411) तथा मेंगनियों की संख्या एवं तापीय आर्द्रता सूचकांक के मध्य (r^2= 0.253) सार्थक रूप से (P<0.001) धनात्मक सह–संबंध पाया गया। सकल रूप से L_4 की मेंगनियों में अण्डों की संख्या (r^2= 0.142) वयस्क कृमि संख्या (r^2= -0.095) तथा तापीय आर्द्रता सूचकांक (r^2= -0.357) के साथ सह–संबंध सार्थक (P<0.001) परन्तु ऋणात्मक दिशा में रहा। दिसम्बर से मार्च के दौरान मेंगनियों के अण्डों की संख्या तथा L_4 संख्या में सार्थक रूप से ऋणात्मक सह–संबंध इस धारणा को प्रतिपादित करता है कि हि. कन्टार्ट्स में हाइपोबायोसिस होता है। हालांकि जुलाई से सितम्बर (कृमि मोसम) के दौरान मेंगनियों के अण्डों की संख्या एवं L_4 संख्या के मध्य सार्थक धनात्मक सह–संबंध वातावरण से ताजा संक्रमण ग्रहण करना दर्शाता है। अप्रैल से जून तथा अक्टूबर से दिसम्बर के दौरान मेंगनियों के अण्डों की संख्या एवं तापीय आर्द्रता सूचकांक के मध्य धनात्मक सह–संबंध संक्रमण क्रमशः दर्शाता है कि पोषिता के लिए तनाव युक्त वातावरण होने से हाइपोबायोटिक लार्वा का विकास पुनः प्रारम्भ होता है तथा पोषिता की तनाव–मुक्त अवस्था होने पर हाइपोबायोसिस की शुरूआत होती है।

पशु चिकित्सा टाइप संवर्धन पर नेटवर्क कार्यक्रम

जी.जी. सोनावणे एवं ज्योति कुमार

संवर्धन, जैव रसायनिक लक्षणों एव श्रृंखला के आधार पर पहचाने गये 31 जीवाणुयी पृथक्कों (स्ट्रप्टोकोकस पाश्च्यूरीएनस,) एन्टीरोकोकस फिकेलिस, एस्चेरिसिया फरगुसोनाई, सालमोनिला एनटीरीका, सिजैला डिसएन्टीरी, एन्टीरोकोकस गेलीनेरम (3), एस्चेरिसिया कोलाई (4), कोराईनीबेक्टीरीयम श्यूडोट्यूबरकुलोसिस (5), स्टेफाइलोकोकस जाईलोसस, स्टेफाईलोकोकस ओरियस (5), स्टेफाईलोकोकस क्रोमोजीनीज, स्टेफाइलोकोकस हिमोलिटिकस, स्टेफाइलोकोकस गेलीनेरम (2), श्यूडोमोनास ओरूजीनोसा (2), मेनहिमीया हिमोलिटिका को अवाप्ति हेतु VTCC हिसार को भेजे गए। बीस जीवाणुओं के लिए VTC अवाप्ति संख्या प्राप्त की गई।

निमोनिया से ग्रसित भेड़ों से (शव परीक्षण या वध पर) कुल 41 जीवाणीय पृथक्क प्राप्त किए गये। रोमंथि पशुओं से पृथक किए 29 स्टेफाईलोकोकस प्रवतियां पर प्रतिजीवी दवाओं के विरूद्ध प्रतिरोधकता का अध्ययन किया गया। एन्टीबायोटिक सहनशीलता परीक्षण पर लगभग सभी एस. ओरीयस पृथक (25–100 प्रतिशत) एम्पीसीलीन, एमोक्सीक्लेव, एनरोफलोक्सेसीन, ओफ्लोक्सेसीन, नारफ्लोक्सेसीन, सीप्रोफ्लोक्सेसीन, पेनीसीलीन–जी, स्ट्रेप्टोमाईसिन, एमोक्सीसीलीन, तथा मेथीसीलीन के लिए प्रतिरोधक पाए गए। ये पृथक बेसीट्रेसिन, क्लोरेम्फेनिकोल, सीफेपाईम, सेप्ट्राईक्जोन, सेप्टाजीडीम टी, ईमीपेनम, डॉक्सीसाईक्लीन, नाईट्रोफ्यूरेनटोईन, पोलीमिक्सीन–बी, जेटामाईसीन, सेफीक्जाईम, क्लोरटेट्रासाईक्लीन, टेट्रासाईक्लीन, एमीकेसीन तथा वेनकोमाईसीन के प्रति सहनशील पाए गए। एस. हिमोलिटिकस के सभी पृथक (100 प्रतिशत) एम्पीसीलीन, एनरोफ्लोक्सेसीन, मेथीसीलीन, पेनीसिलीन जी, सेफीक्जाईम तथा एमोक्सीलीन के लिए प्रतिरोधक तथा 50 प्रतिशत पृथक्क एमोक्सीक्लेव, सीफेफाईम, सेप्टाजीडीम टी, केनामाईसीन तथा स्ट्रप्टोमाईसीन के लिए प्रतिरोधक पाए गये।

स्टेफाईलोकोकस प्रजाति के अन्य पृथक सेफीक्जाईम, नोवोबायोसीन, एम्पीसीलीन तथा मेथीसीलीन के अलवा अन्य सभी सामान जीवाणु रोधकों के प्रति सहनशील पाए गये। एस. ओरीयास व एस. हिमोलिटीकस में बहु–दवा प्रतिरोधकता सामान्यतया पाई गई। केजीयस लिम्फेडिनाईटीस से ग्रसित भेड़ व बकरियों से प्राप्त 25 कोराईनिबेक्टीरीयम श्यूडोट्बरकुलोसिस उप प्रजातियों का *PLD*, *FagA*, *FagB*, *FagC* तथा *FagD* नामक प्रचंड जीन को लक्षित करते हुए PCR आधारित पहचान व चरित्र चित्रण किया गया। सी. श्यूडोट्बरकुलोसिस की पहचान हेतु *PLD* जीन लक्षित वास्तविक समय आधारित PCR विधि से सुधार किया गया।



सी. श्यूडोट्बरकुलोसिस के PLD जीन का वास्तविक समय संवर्धन प्लॉट

सी. श्यूडोट्बरकुलोसिस के PLD जीन का PCR संवर्धन

सी. श्यूडोट्बरकुलोसिस के *fagA* एवं *fagB* जीन का PCR संवर्धन



सी. श्यूडोट्बरकुलोसिस के *fagC* एवं *fagD* जीन का PCR संवर्धन

फार्म पशुओं में नवजात मृत्यु दर पर अखिल भारतीय नेटवर्क कार्यक्रम

सी.पी. स्वर्णकार, जी.जी. सोनावणे एवं कल्याण डे

वर्ष 2017–18 के लिए वास्तविक समयानुसार नवजात मेमना मृत्यु दर का चित्रण : राजस्थान के संगठित फार्म में अप्रैल 2017 से मार्च 2018 तक कुल 2655 जीवित पैदा हुए मेमने (1887 अविकानगर में तथा 768 बीकानेर में) अध्ययन का आधार बनें। इस अवधि के दौरान समग्र वार्षिक नवजात मृत्यु दर 1.81 प्रतिशत (2.17 प्रतिशत अविकानगर में तथा 0.91 प्रतिशत बीकानेर में) रही। नस्ल के अनुसार यह 0.58 प्रतिशत मारवाड़ी से 5.25 प्रतिशत गेरोल/केन्द्रपाड़ा में रही। अबहुप्रज जीनोटाईप की तुलना में (1.16 प्रतिशत) बहुप्रज जीनोटाईप में लगभग 4 गुना अधिक (4.58 प्रतिशत) नवजात मृत्यु दर अंकित की गई। यह पाया गया कि बीकानेर में जन्म के प्रथम सप्ताह बाद की अवस्था की तुलना में अविकानगर में जन्म के प्रथम सप्ताह के दौरान अधिक संख्या में मेमनों की मृत्यु होती है। मेमनों के लिंग व जन्म प्रकार नवजात मृत्यु दर को प्रभावित नही करते है। समान्यतयाः कम जन्म भार (<2 किग्रा.)



राजस्थान में फार्म में वार्षिक नवजात मेमना मृत्यु दर

जन्म के समय कम मेमना भार व मादा भार अनुपात, कम शारीरिक वजन वाली (<25.0 किग्रा.) तथा काफी युवा (<2 वर्ष) या काफी आयु (<6 वर्ष) वाली भेड़ों से उत्पन्न मेमनों में अधिक मृत्यु देखी गई।

मेंमनों में नवजात मृत्यु के कारण : अविकानगर पर सकल रूप से निमोनिया का सर्वाधिक (26.83 प्रतिशत) तत्पश्चात खनिज तत्वों की कमी (17.07 प्रतिशत), सेप्टीसीमीया/टोक्सीमीया (14.63 प्रतिशत) तथा भूखे रहना (12.20 प्रतिशत) का नवजात मृत्यु में योगदान रहा। जन्म के प्रथम सप्ताह के दौरान निमोनिया (34.78 प्रतिशत) तथा सेप्टीसीमीया/टोक्सीमीया (17.39 प्रतिशत) का नवजात मृत्यु में अधिक योगदान रहा। निमोनिया का अधिक योगदान (62.50 प्रतिशत) 0–1 दिन की उम्र के मेमनों में देखा गया। जन्म के प्रथम सप्ताह के बाद की अवस्था पर सर्वाधिक मृत्यु (27.78 प्रतिशत) खनिज तत्वों की कमी से हुई। नस्लों के प्रकार के मध्य तुलना करने पर सेप्टीसीमीया/टोक्सीमीया तथा निमोनिया अबहुप्रज भेड़ों में जबकि खनिज तत्वों की कमी की बहुप्रज भेड़ों में प्रमुखता रही।

वायुशीत सूचकांक (दिसम्बर से फरवरी) एवं नवजात मेमनों की मृत्यु दर में संबंध: अविकानगर में दिसम्बर 2017 से फरवरी 2018 तक दैनिक वायुशीत सूचकांक चित्रण चरमशीत दिवसों (WCI>400.1 Kcal/m^2/h) की संख्या पूर्व वर्शों (1991–2016) के समान परन्तु 2016–2017 से अधिकता दर्शाता है। दैनिक वायुशीत सूचकांक के आधार पर 2017–18 नवजात मृत्यु दर का वर्गीकरण दर्शाता है कि कुल नवजात मृत्यु में 9.52 प्रतिशत (WCI<300 Kcal/m^2/h) से 61.91 प्रतिशत (WCI>400.1 Kcal/m^2/h) तक का अनुभाग रहता है। वर्ष 1991–2018 के दौरान दैनिक नवजात मृत्युदर 0.26 मेमना/दिन (WCI<300.1 Kcal/m^2/h) से 0.41 मेमना/दिन (WCI>400.1 Kcal/m^2/h) तक देखी गई। बिना शीत वाले दिनों (WCI<300 Kcal/m^2/h) में वर्ष 1991–2017 के दौरान दैनिक नवजात मृत्यु दर 0.25 मेमना/दिन की तुलना में इस वर्ष नवजात मृत्यु दर सार्थक रूप से अधिक (0.40 मेमना/दिन) रही।

बहुप्रज नस्ल के नवजात मेमनों को दुग्ध प्रतिस्थापक पिलाने का प्रभाव : जनवरी–फरवरी 2018 के दौरान पैदा हुए कुल 218 अविशान मेमनों (81 एकल, 110 जुंडवा, 20 त्रियक तथा quadraplets को प्रयोग में लिया गया। उपचारित समूह के मेमनों को माँ का दूग्ध पीने के साथ 27 दिनों तक (5 से 31 दिन की आयु तक) मेमनाप्राश पूरक रूप से पिलाया गया। प्रति एकल, जुडवां, त्रियक एवं quadraplet मेमनों द्वारा 27 दिनों के परीक्षण पर कुल औसत दुग्ध प्रतिस्थापक ग्राहीता क्रमशः 8080.36, 8021.96, 8575.50 एवं 8675.71 मिली रही। औसत दैनिक प्रतिस्थापक ग्राहिता क्रमशः 305.68, 311.37, 327.52 एवं 367.59 मिली प्रति एकल, जुडवां, त्रियक एवं quadruplet मेमना रही। मेमनों की वृद्धि चित्रण विभिन्न समूहों में गैर–सार्थक अन्तरों को दर्शाता है। जन्म से 30 दिन की आयु तक शारीरिक भार में औसत दैनिक वृद्धि अधिकतम (153.83 ग्राम) एकल नियंत्रित मेमनों में तत्पश्चात् 146.15 ग्राम एकल उपचारित मेमनों में रही।

नवजात मेमनों को दुग्ध प्रतिस्थापक पिलाई

एक भेड़ से प्राप्त किए कुल जीवित भार का परिमाण दर्शाता है कि नियंत्रित समूह की तुलना में उपचारित समूहों में सभी अवस्थाओं पर शारीरिक भार एवं औसत दैनिक वृद्धि दर सार्थक रूप से अधिक रही। जन्म के 30 दिन बाद नियंत्रित समूह की तुलना में, उपचारित समूहों में (मेमनों द्वारा भार ग्राहित के रूप में) एक भेड़ से 12.39 प्रतिशत ज्यादा वजन प्राप्त किया गया। परीक्षण समय के दौरान उपचारित तथा नियंत्रित समूहों में क्रमशः कुल 5.76 एवं 7.59 प्रतिशत मेमनों का नुकसान नवजात अवस्था तक (विशेषरूप से प्रथम सप्ताह बाद की अवस्था पर) होना दर्शाता है कि उपचारित मेमनों की तुलना में नियंत्रित मेमनों में 31.8 प्रतिशत अधिक नुकसान होता है। दुग्ध प्रतिस्थापक की 27 दिनों तक पूरक खिलाई के पश्चात यह देखा गया कि एक माह की आयु के मेमनों से औसतन प्राप्त भार/भेड़ के आधार पर सकल प्राप्ति नियंत्रित मेमनों से रूपया 72.63 प्रति भेड़ की दर से ज्यादा होती है।



प्राप्त जीवित भार/भेड

